स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार
2 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 7
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 310 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



विदेश मंत्री जयशंकर बोले पहलगाम हमला आर्थिक युद्ध का कृत्य था (पेज-12)

### राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण

## स्वस्थ रहकर ही बनेगा विकसित भारत : मुर्मू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, गोरखपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है और यदि हम स्वस्थ रहेंगे, तभी 2047 तक विकसित भारत और विश्व गुरु बनने का सपना पूरा हो सकेगा। वह गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। यह विश्वविद्यालय 268 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। राष्ट्रपति ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा, योग को आज विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है। शारीरिक श्रम करने वालों के लिए योग उतना जरूरी नहीं, लेकिन कार्यालयों में काम करने वालों के लिए यह बेहद आवश्यक है। उन्होंने भारत की समृद्ध परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा, हम अपने पूर्वजों, ऋषि-मुनियों की संतान हैं, इसलिए उनकी गरिमा को बनाए रखना हमारा दायित्व है। राष्ट्रपति ने कहा, आज भारत का गौरव विश्व भर में गूंज रहा है। इस गौरव को और बढ़ाने के लिए प्रत्येक भारतीय को स्वस्थ रहना होगा। यदि हम स्वस्थ रहेंगे, तभी 2047 तक विकसित भारत और विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा। इसके लिए हमें अभी से प्रयास शुरू कर देने चाहिए। मुर्मू ने इस विश्वविद्यालय के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध पर जोर देने की सराहना की। उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, जनसेवा के लिए अथक परिश्रम जरूरी है।



### सीएम योगी के समर्पण को सराहा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसेवा और समर्पण की प्रशंसा करते हुए मुर्मू ने कहा, योगी जी और उनके मंत्री जनता को हर सुविधा प्रदान करते हैं। इस विश्वविद्यालय के अधिकारियों, डॉक्टरों और नर्सों को भी निद्राजीत बनकर जनता की सेवा करनी होगी। महायोगी गुरु गोरखनाथ को नमन करते हुए उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि आदि शंकराचार्य के बाद गुरु गोरखनाथ जैसा प्रभावशाली व्यक्तित्व नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गोरखपुर योग की भूमि है, जिसे गुरु गोरखनाथ ने आध्यात्मिक ऊर्जा से समृद्ध किया।

### 'मेहनत करें, निद्राजीत बनें'

राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों से कहा, आपको थकने का अधिकार नहीं है। दिन-रात मेहनत करनी होगी और निद्राजीत बनना होगा। निद्राजीत शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा, डॉक्टर कहते हैं कि छह से आठ घंटे की नींद जरूरी है, लेकिन योग के माध्यम से नींद पर नियंत्रण पाया जा सकता है। योग करने से आठ घंटे की नींद तीन घंटे में पूरी हो सकती है।

## यूपी के 6 मंडलों में होंगे आयुष पद्धति कॉलेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने तय किया है कि जहां आयुष पद्धति का कोई महाविद्यालय नहीं है, उन मंडलों में भी आयुष पद्धति का एक-एक महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा। सीएम योगी ने

### हर जनपद में होगा 100 बेड का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

गोरखपुर में स्थापित प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। योगी ने कहा कि हर जनपद में आरोग्यता के लिए एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनेगा, जो कम से कम 100 बिस्तरों का होगा।
भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धतियों की उपेक्षा के लिए विपक्षी दलों की पूर्ववर्ती सरकारों पर ठीकरा फोड़ते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, हम सब जानते हैं कि 2014 से पहले भारत के आरोग्यता की इस विधा को वैश्विक रूप से जिस प्रकार मान्यता मिलनी चाहिए थी, नहीं मिल पाई। उन्होंने प्रधानमंत्री को इसके विकास का श्रेय देते हुए कहा, हम आभारी हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का, जिन्होंने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश के अंदर आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा और योग के साथ दुनिया की तमाम परंपराओं को आयुष मंत्रालय के रूप में देश के अंदर एक मंच दिया।



योगी ने कहा, आज आयुष मंत्रालय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश के नागरिकों में अपनी परंपरागत आरोग्यता की पद्धति का मनन करते हुए लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए कहा, यह प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। परंपरागत पद्धति से जुड़े महाविद्यालयों को इस विवि से सम्बद्ध कर लिया गया है और यहां आयुर्वेद, होम्योपैथी, योग और प्राकृतिक चिकित्सा आदि अन्य पद्धतियों से जुड़ी आरोग्यता का लाभ न केवल यहां के लोग ले पाएंगे, बल्कि यह एक शोध केन्द्र के रूप में विकसित होगा। यह नौजवानों के रोजगार के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा।

## ऐतिहासिक : सुप्रीम कोर्ट स्टाफ के लिए आरक्षण नीति लागू

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 75 साल के इतिहास में पहली बार स्टाफ के लिए आरक्षण नीति लागू की है। इसके तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को सुप्रीम कोर्ट के गैर न्यायिक पदों

### 75 साल के इतिहास में पहली बार उठा कदम

पर नियुक्तियों और प्रमोशन में आरक्षण का लाभ मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण नीति 23 जून 2025 को लागू हुई। यह भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रशासनिक कामकाज में बड़े बदलाव का संकेत है। हालांकि जजों पर आरक्षण लागू नहीं होगा और सिर्फ रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट सहायक, चैंबर अटेंडेंट



आदि पदों पर आरक्षण लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण के तहत तीन कैटेगरी होंगी, जिनमें एससी, एसटी और गैर आरक्षित शामिल होंगी। आरक्षण लागू करने को लेकर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर सभी सरकारी संस्थानों और विभिन्न उच्च न्यायालयों में आरक्षण नीति लागू है तो फिर सुप्रीम कोर्ट को ही क्यों अपवाद रखा जाए? उन्होंने कहा कि हमारे मूल्य हमारे एक्शन का आईना होना चाहिए।

## केंद्र सरकार ने कई योजनाओं को दी मंजूरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव

### रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी

### नई खेल नीति पर लगी मुहर

(ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना के दो हिस्से होंगे।



पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं, दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है।

सरकार ने मंगलवार को रोजगार सृजन, कौशल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत 1.07 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसका विशेष फोकस निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र पर रहेगा। इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित करना है। इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए 3,000 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दो वर्षों तक दी जाएगी। यह प्रोत्साहन उन नियोक्ताओं को मिलेगा जो ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनका वेतन 1 लाख रुपए प्रतिमाह तक है। निर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा। केंद्रीय कैबिनेट ने रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम को मंजूरी दी है, जिसके तहत देश में शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।

### नई खेल नीति 2025 को मंजूरी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है। जिसका उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है।

## विमान ईंधन महंगा, कमर्शियल सिलेंडर सस्ता

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि की गई। दूसरी ओर, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाला एलपीजी 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर सस्ता हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क दरों में बदलाव के कारण कीमतों में उतार-चढ़ाव हुआ है। सरकारी स्वामित्व वाले खुदरा ईंधन विक्रेताओं के अनुसार, कीमतों में तीन दौर की कटौती के बाद राष्ट्रीय राजधानी में विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 6,271.5 रुपये प्रति किलोलीटर या 7.5 प्रतिशत बढ़कर 89,344.05 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। एटीएफ की कीमत आखिरी बार एक जून को 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर (2.82 प्रतिशत) घटाकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई थी। उधर तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। यह वाणिज्यिक एलपीजी दरों में लगातार चौथी कटौती है। पिछली बार 1 जून को 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में 24 रुपये की कटौती की गई थी। उससे पहले 1 मई को 14.50 रुपये और 1 अप्रैल को 41 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई थी। कुल मिलाकर, अप्रैल से अब तक कीमतों में 138 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है।



## पटाखा फैक्ट्री में धमाका पांच मजदूरों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में मंगलवार सुबह एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। यह विस्फोट विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के पास चिन्ना कमानपट्टी गांव की एक पटाखा फैक्टरी में हुआ। घायलों को इलाज के लिए विरुधुनगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई। इस दौरान फैक्टरी से घना धुआं उठता देखा गया। अंदर से लगातार पटाखों की आवाजें भी आ रही थीं। विस्फोट का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह पटाखा फैक्टरी विस्फोट तेलंगाना में एक दवा संयंत्र में रिएक्टर विस्फोट के ठीक एक दिन बाद हुआ है, जिसमें 34 लोग मारे गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन एवं बचाव सेवा कर्मियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### तेलंगाना हादसे में मृतकों की संख्या 36 हुई

**हैदराबाद।** पशम्यलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने बताया कि मलबा हटाते वक्त कई शव बरामद हुए। मलबे से अब तक 33 शव निकाले जा चुके हैं, जबकि तीन की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस बीच मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी अपने कुछ कैबिनेट साथियों के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार अब तक 36 लोगों की जान चली गई है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधन से बात करेगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पीड़ितों के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। सीएम ने यह भी कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों को 10 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि जो घायल हैं, लेकिन ठीक होने के बाद काम फिर से शुरू कर सकते हैं, उन्हें पांच लाख रुपये दिए जाएंगे।

## 'आई लव यू' कहना यौन इरादे का संकेत नहीं

**नागपुर।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने मंगलवार को एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि केवल आई लव यू कहना किसी व्यक्ति की यौन नीयत को साबित नहीं करता और यह खुद में यौन उत्पीड़न नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी कोर्ट ने 35 वर्षीय एक व्यक्ति को नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में बरी करते हुए दी। फैसले के दौरान बॉम्बे हाईकोर्ट ने ये भी कहा कि सिर्फ आई लव यू कहने से यह साबित नहीं होता कि आरोपी की मंशा यौन संपर्क बनाने की थी। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फलके ने कहा कि यौन उत्पीड़न में अशोभनीय स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अश्लील इशारे या टिप्पणियां शामिल होती हैं, जिनका मकसद किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना हो। यह मामला 2015 का है, जब नागपुर में 17 साल की एक किशोरी ने शिकायत की थी कि एक व्यक्ति ने उसका रास्ता रोका, उसका हाथ पकड़ा और कहा आई लव यू।

## यूपी के कई जिलों में भारी बारिश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। इस बीच मौसम विभाग की ओर से दक्षिणी यूपी और बुंदेलखंड इलाकों के लिए अत्यधिक भारी बारिश

### लखीमपुर खीरी-बाराबंकी में बना रिकॉर्ड

### आज 43 जिलों के लिए अलर्ट

का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक लखीमपुर खीरी में 212 मिलीमीटर तो वहीं बाराबंकी में 165 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बुधवार के लिए बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, हमीरपुर, महोबा, झांसी समेत मध्य व दक्षिणी यूपी और विंध्य क्षेत्र में भी भारी बारिश की चेतावनी है। साथ ही 43 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को दोपहर बाद वाराणसी, प्रयागराज, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर में अच्छी बारिश हुई। प्रदेश के मौसम विभाग ने जानकारी दी की यूपी में जून महीने में सामान्य से 11 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। पूर्वानुमान है कि जुलाई में भी सामान्य से ज्यादा बरसात होगी। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है : बांदा, चित्रकूट कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, आगरा, बिजनौर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी व आसपास के इलाकों में। इसके अलावा गरज चमक और वज्रपात होने की संभावना वाले जिले हैं : बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाके।



### हिमाचल में बादल फटने से चार की मौत, 16 लापता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जगह-जगह बादल फटने से भारी तबाही हुई है। प्रदेश में सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश कहर बनकर बरसी। मंडी जिले के गोहर, करसोग व धर्मपुर क्षेत्र बादल फटने से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। 16 अभी तक लापता बताए जा रहे हैं। 117 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बादल फटने से 18 घर, 12 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हैं। 30 मवेशियों की मौत हो गई। प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मंडी में आठ जगह बाद फटने की घटनाएं सामने आई हैं। प्रारंभिक आकलन में 500 करोड़ नुकसान की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। गोहर उपमंडल के स्यांज में नौ लोग लापता हैं। सराज क्षेत्र के बाड़ा में दो और तलवाड़ा में तीन लोग लापता हैं। मंडी शहर के विभिन्न स्थानों से 11 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। धर्मपुर के त्रियांबला में दो घर व पांच गोशालाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं। 26 मवेशियों की मौत हो गई।

## रेलवे ने लॉन्च किया सुपर मोबाइल एप

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने मंगलवार को अपना नया रेलवन एप लॉन्च कर दिया है। इस सुपरएप की शुरुआत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। यह एप रेलवे की सभी सार्वजनिक सेवाओं को एक ही

### टिकट बुकिंग से लेकर मिलेंगी कई सुविधाएं

प्लेटफॉर्म पर लाकर यूजर्स को सुविधाएं देने वाला है। इसमें टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस चेक, टिकट रिफंड और ट्रेन में खाना ऑर्डर करने जैसी कई सेवाएं मिलेंगी। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। यह वही एप है जिसे फरवरी में स्वरेल एप के रूप में बीटा वर्जन में पेश किया गया था और अब इसका फाइनल वर्जन लॉन्च कर दिया गया है। रेलवन एप को रेलवे की टेक्नोलॉजी ब्रांच सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (क्रिस) ने डेवलप किया है। यह एप गूगल प्ले-स्टोर और एपल एप स्टोर दोनों पर फ्री में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसमें मिलने वाली मुख्य सुविधाएं हैं : आरक्षित और अनारक्षित टिकट बुकिंग। प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग। पीएनआर स्टेटस चेक करना। रेलवे स्टेशन पर कोच पोजीशन की जानकारी। मालगाड़ी और पार्सल डिलीवरी की पूछताछ। रीयल टाइम ट्रेन ट्रैकिंग रेलवन एप के जरिए यूजर्स को ट्रेन के लाइव स्टेटस, आगमन समय, देरी की जानकारी, और अन्य महत्वपूर्ण अपडेट मिलेंगे। इससे यात्री अपनी यात्रा बेहतर तरीके से प्लान कर सकेंगे। एप के माध्यम से यात्री रेल मदद सेवा का भी लाभ उठा सकते हैं। इसके जरिए यात्री अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और उसकी स्थिति ट्रैक कर सकते हैं। साथ ही, एप में फीडबैक देने का विकल्प भी है। रेलवन एप से यात्रा के दौरान ट्रेन में ही खाना ऑर्डर करने की सुविधा भी उपलब्ध है। यात्री एप के माध्यम से पार्टनर वेंडर्स से अपना मनपसंद खाना बुक कर सकते हैं।
अगर किसी कारणवश यात्रा रद्द हो जाती है या छूट जाती है तो यात्री रेलवन एप से सीधे रिफंड का अनुरोध कर सकते हैं। इसमें आर-वैलेट की सुविधा भी दी गई है जिससे पेमेंट करना और भी आसान हो जाता है। रेलवन एप में बहुभाषी सपोर्ट दिया गया है।




## देश का विनिर्माण क्षेत्र उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में मजबूत वृद्धि दिखी। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के आंकड़ों से

### निर्यात और नौकरियों में उछाल

इसकी पुष्टि हुई। यह इंडेक्स मई में 57.6 से जून में 58.4 पर पहुंच गया। एचएसबीसी के अनुसार, यह 14 महीनों में उच्चतम स्तर है। पीएमआई का आंकड़ा 54.1 के दीर्घकालिक औसत से काफी ऊपर है। यह व्यापार स्थितियों में मजबूत सुधार के संकेत देता है। जून में अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में तेज वृद्धि दिखी। 2005 में सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से निर्यात मांग में तीसरी सबसे तेज गति से वृद्धि देखी गई। इसमें कंपनियों की ओर से मांग के प्रमुख स्रोत के रूप में ज्यादातर अमेरिका का उल्लेख किया गया।

## कर्नाटक कांग्रेस में बदलाव नहीं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व में

### सुरजेवाला बोले- नेतृत्व नहीं, कामकाज की हो रही जांच

बदलाव को लेकर तेज होती अटकलों पर पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा को सिरे ने नकारते हुए साफ और स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर किसी भी तरह की राय नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वे केवल विधायकों और सांसदों से उनके क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुरजेवाला ने कहा कि कल भी मैंने जवाब दिया था और आज भी साफ कर रहा हूं नेतृत्व परिवर्तन को लेकर राय लेने का सवाल ही नहीं है। जवाब केवल एक शब्द में है नहीं। सुरजेवाला ने मामले में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही। इस दौरान उनके साथ कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य के डिप्टी सीएम डीके. शिवकुमार भी मौजूद थे। सुरजेवाला ने बताया कि वे विधायकों, सांसदों, एमएलसी और हाल में विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़े उम्मीदवारों से मुलाकात कर रहे हैं।



# विद्युत ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाले छह चोर गिरफ्तार

## ढ़ाई सौ लीटर तेल, चार पहिया वाहन, खाली क्रैन व तेल निकालने के उपकरण बरामद





**रोजा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )** थाना रोजा व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी हैं। टीम ने विद्युत ट्रांसफार्मरों से तेल चुराने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर पर्दाफाश करते हुये चोरियों का खुलासा करते हुए चोरों के पास ने करीब ढाई सौ लीटर तेल, चार चारपहिया वाहन, तेल निकालने के उपकरण व खाली क्रैन बरामद किये हैं। सभी चोरों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमें दर्ज हैं।

ज्ञात हो कि थाना रोजा के हथौड़ा क्षेत्र में आये दिन विद्युत ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी की घटनाएं घट रही थी, गत रविवार को भी दुर्गा इंक्लेव में भी विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल चोरी का प्रयास किया गया था। जिसकी अवर अभियंता अंकित तिवारी ने रोजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विद्युत ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। रोजा व सर्विलांस टीम ने सोमवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर सीतापुर मार्ग पर बनतारा में ढाबे के पास घेराबंदी कर चोरों के गिरोह को दबोच लिया। टीम ने कुलदीप सिंह पुत्र सरवन सिंह निवासी ग्राम बांसमई थाना नवाबगंज जनपद फर्रूखाबाद, शानू पुत्र सल्लन निवासी ग्राम अहमदपुर टिक्कल थाना रौजा, प्रमोद कुमार वर्मा पुत्र सुखलाल वर्मा निवासी ग्राम मौजमपुर थाना कोतवाली, सलीम उर्फपूनी पुत्र मो. अहमद निवासी मो. नई बस्ती रेती थाना रामचन्द्र मिशन, मो. मुकीम पुत्र अब्दुल अजीम निवासी मो. बाजार गली नंबर १२ रिच्छा थाना देवरनियां जनपद बरेली, तालिब उर्फ रानू पुत्र ईशाक खाँ निवासी ग्राम अहमदपुर टिक्कल थाना रोजा को गिरफ्तार किया गया, टीम ने इनके कब्जे से जिनके कब्जे से चोरी का २५० लीटर तेल,१० अदद प्लास्टिक की खाली कैन व ट्रान्सफार्मर से तेल निकालने के उपकरण एवं ०४ अदद चार पहिया वाहनों को बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गये चोरों ने बताया कि साहब हम सभी लोग संगठित होकर विद्युत ट्रांसफार्मर का तेल चोरी करते हैं और चोरी किया हुआ तेल बेचकर अपना गुजारा करते हैं। हम सभी लोगों ने मिलकर कैलाश नगर हथौडा बुजुर्ग भट्टे के पास, चिनौर, बाडीगांव, अमीननगर मोहम्मदी, अहमदपुर एवं जिले के और कई स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी किया था, जो आज हम लोगों के पास गाड़ियों में प्लास्टिक की कैनों में बरामद हुआ है। आज हम लोग ०२-०४ जगह और ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करते तथा भारी मात्रा में तेल इकट्ठा होने पर करीब सभी कैने भर जाने पर तेल को ले जाकर कुछ तेल आते जाते ट्रकों के ड्राईवरों को बेच देते हैं। शेष तेल को प्रमोद कुमार अपनी दुकान के पास ड्रम में रखकर फुटकर में किसानों को बेचता है। आरोपी कुलदीप ने बताया कि साहब हम लोग जनपद मैनपुरी, कानपुर, फतेहगढ़ में भी ट्रान्सफार्मर से तेल चोरी कर बेचते हैं। इससे पहले भी हम लोग शाहजहाँपुर व आस पास के १०-२० जिलों में ट्रान्सफार्मरों से तेल चोरी करके आने जाने वाले ट्रक ड्राईवरों एवं प्रमोद कुमार को बेच चुके हैं।

# चोरों ने दो लाख के जेवरात सहित नगदी उड़ाई

## बंडा क्षेत्रों में चोरों में तांडव, दो दिन में तीन जगह चोरी की वारदात



**बंडा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के गांव कंधरपुर में अज्ञात चोर ने चोरी कर करीब दो लाख रुपए के जेवरात समेत पांच हजार रुपए की नगदी पर हाथ साफकर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की हैं। २९ जून की भी रात बंडा क्षेत्र में दो चोरी की घटनाएं हो चुकी है।

थाना क्षेत्र के गांव कंधरपुर निवासी गिरिजाशंकर ने बताया कि उसके घर में कुल छ: लोग पिता रामकुमार, पत्नी आरती देवी, डेढ़ साल का पुत्र वेद और उसका बड़ा भाई शिवशंकर और भाभी प्रियंका रहते हैं। सोमवार मंगलवार की रात उसकी भाभी को छोड़कर सभी लोग घर के बरामदे में सो गए जबकि उसकी भाभी अपने कमरे में सो गईं। सुबह जब उसकी पत्नी आरती की आंख खुली तो देखा कि उसके कमरे की अलमारी खुली हुई थी और घर में रखा सारा सामान चोरी हो गया था। सोमवार मंगलवार की रात अज्ञात चोर उसकी अलमारी में रखे ५ हजार रुपए नगद, एक तोला सोने का हार, एक ओम लॉकेट, एक चांदी का कमर बिछुआ और दो जोड़ी पायल चोरी कर ले गए जबकि दूसरे कमरे में उसकी भाभी के होने के चलते शायद चोर ने वहां जाने की कोशिश नहीं की जिसके चलते बड़े भाई के कमरे में चोरी होने से बच गई। गिरिजा शंकर ने बताया कि रोजाना की तरह उसके कमरे का दरवाजा खुला हुआ था और अलमारी की चाबी उसी में लगी हुई थी जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर में चोरी कर ली। सुबह करीब सात बजे घटना के बारे में जब उसे जानकारी लगी तो उसने बंडा पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। इससे पहले भी रविवार सोमवार की रात अज्ञात चोर ने बंडा थाना क्षेत्र के गांव मदारपुर बैवहा से एक मोटर साइकिल और एक एंड्रायड मोबाइल के साथ साथ गांव मियांपुर सनवात से एक मोबाइल समेत करीब १२ लाख रुपए की चोरी की हैं। पुलिस ने उपरोक्त मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया था जिनसे पूछताछ जारी है।

## चहारदीवारी गिराने के विवाद में फायरिंग, ७ नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जबरन दीवार तोड़ने और विरोध करने पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज निकलवा रही है। कटरा के गांव मिल्कीपुर खैरपुर निवासी हारुन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उसकी बाउंड्रीवाल को रात ११ बजे गांव के कुछ लोग गिरा रहे थे। विरोध करने पर फायरिंग कर जानलेवा हमला कर दिया। वह बाल-बाल बच गए। पुलिस ने तहरीर पर गांव के शफायत उल्ला, समीउल्लाह, अजीज अहमद, निसार अहमद, शानू समेत १५ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलाई जा रही है।

## आज ब्लाक मदनापुर में लगेगा रोजगार मेला

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शाहजहांपुर जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से बुधवार को खंड विकास कार्यालय मदनापुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में १८ से ४० वर्ष तक के हाईस्कूल इंटर स्नातक आइटीआइ तथा डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की ८ कंपनियों के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर अभ्यर्थी का चयन करेंगे। अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षिक, तकनीकी प्रमाण पत्र की फोटो कापी, बायोडाटा और फोटोग्राफसाथ लेकर सुबह साढ़े बजे तक पहुंचना होगा। प्रतिभागियों का विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण होना भी जरूरी है।

## भाजपा ने घोषित की मंडल कार्यकारिणी

**तिलहर।** जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा और पूर्व जिलाध्यक्ष वीर सिंह पाल के अनुसार, भाजपा की तिलहर नगर मंडल इकाई का किया विस्तार। तिलहर भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को नगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सभासद संदीप रस्तोगी, पवन कुमार, सतीश शर्मा, अतुल राठौर, धर्मेन्द्र चौहान व आशुतोष शर्मा उपाध्यक्ष, आशीष कुमार शर्मा व सेटी कश्यप महामंत्री, लक्ष्मी कश्यप, विमलेश राठौर, तरुण मिश्रा, सुनील गुप्ता, रामसेवक बघेल व रानू सक्सेना मंत्री और सौरभ गुप्ता कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए।

## किशोरी प्रेमी के साथ फरार, मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**कलान( स्वतंत्र भारत )।** थाना कलान क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। घटना २८ जून की है। पीड़िता की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। किशोरी की मां ने थाने पर दिए प्रार्थना में बताया कि वह मेडिकल स्टोर से दवा लेने गईऐ थीं। आरोप है कि इसी दौरान उनकी १७ वर्षीय बेटी को जनपद बरेली के भमौरा थाना क्षेत्र निवासी सुखपाल बहला-फुसलाकर ले गया। सुखपाल के साथ उसका भाई नन्हे भी मौजूद था। पीड़िता की मां ने बताया कि सुखपाल पेशे से ढोलक वादक है और अक्सर उनके गांव में आता-जाता रहता था। लड़की घर से आधार कार्ड और ३५०० रुपए भी साथ ले गयी है। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। शीघ्र ही किशोरी की बरामदगी कर ली जाएगी।

## जीएफ कालेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरु

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जीएफ़ कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी. माइक्रोबायोलॉजी में प्रवेश हेतु सूची जारी कर दी गई है, जिसे महाविद्यालय के टेलीग्राम चैनल पर अथवा महाविद्यालय आकर देखा जा सकता है। प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश २ जुलाई २०२५ से आरंभ हो रहा है। प्रवेश का समय प्रत्येक कार्यदिवस में प्रात: १० बजे से अपराह्न ०२.०० बजे तक है, जबकि शुक्रवार को यह समय ०८.०० से १२.०० तक रहेगा। जिन अभ्यर्थियों ने जी.एफ कॉलेज में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, वे कॉलेज के टेलीग्राम चैनल पर अथवा महाविद्यालय में अपना नाम प्रवेश सूची में देखकर अतिशीघ्र प्रवेश-प्रक्रिया पूर्ण कर लें। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने रजिस्ट्रेशन कराया है, परन्तु उसकी हार्डकॉपी महाविद्यालय में जमा नहीं की है, वे तत्काल अपने रजिस्ट्रेशन की हार्डकॉपी महाविद्यालय में जमा कर दें ताकि अगली प्रवेश सूची में उनका नाम सम्मिलित किया जा सके।

## बैंक अधिकारी के रिटायर होने पर बैंक प्रबंधन ने दी विदाई

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जिले के मिर्ज़ापुर ब्लॉक से बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में कैशियर पद से सेवा शुरू करने वाले नरोत्तम सिंह अपनी ईमानदार कार्यशैली और कार्य के प्रति सजगता के चलते ३६ वर्ष छेह माह के सेवा में स्केल थ्री के बैंक अधिकारी के रूप में पीलीभीत जिले की बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा प्रबंधक/डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर विजिलेंस पद से बीते सोमवार को सेवानिवृत हो गए। उनके सेवानिवृत होने पर पीलीभीत नगर के होटल सिल्वर लीफ में आयोजित फेयरवेल पार्टी में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंध श्री लखवीर सिंह,पीलीभीत मुख्य शाखा प्रबंधक अर्पित कुमार,उद्योग व्यापार मंडल पीलीभीत के जिलाध्यक्ष मयंक अग्रवाल आदि ने उनकी सेवाओं की प्रशंसा करते हुए बैंक के प्रति समर्पित अधिकारी की संज्ञा दी। फेयरवेल पार्टी में बड़ी संख्या में आए बैंक अधिकारियों,व्यापारियों और शहर के संभ्रांत लोगों ने उन्हें उपहार देकर शानदार विदाई दी। हालांकि बैंक प्रबंधन रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें बैंक की विजिलेंस टीम में रखे जाने पर विचार कर रहा है।

# ट्रक में घुसी डीसीएम, एक की मौत, ३ लोग घायल

## सब्जी लेकर रोजा आ रही थी डीसीएम, साइड में ट्रक लगा रहा था चालक



**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** थाना तिलहर के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर डायमंड होटल के समीप पंचर ट्रक को साइड लगाने के दौरान बरेली से आ रही डीसीएम पीछे से घुस गई, जिससे एक की मौत हो गयी जबकि ३ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि मंगलवार को सुबह ४ बजे के लगभग एक ट्रक यूपी २५ डीटी ४०९५ बरेली से शाहजहांपुर के लिए परचून का सामान लेकर जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग बरेली लखनऊ पर डायमंड होटल के समीप टायर पंचर हो जाने से वह गाड़ी को साइड में लगाने लगा। इसी दौरान एक डीसीएम एचआर ७४ बी ०५१५ जो बरेली की तरफसे गोभी भरकर रोजा मंडी जा रही थी। जिसने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि डीसीएम चालक अजय मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद उम्र ३५ निवासी गांव मुजीमाबाद करन गांव थाना तिलोई गंज जिला रायबरेली की मौके पर मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक रामचरन निवासी मोहकमपुर कलां थाना भुता जिला बरेली उनके साथी सुमित कुमार, शानू कुमार निवासी सैटलाइट थाना बारादरी जिला बरेली गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं मृतक का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी। वह रोते बिखलते हुए पीएम हाउस पहुंचे। पुलिस ने दोनों वाहनों को जेसीबी मशीन से हटवाकर रोड़ खाली कराया और आवागमन सुचारु किया। हादसे के दौरान काफी लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# वन सप्ताह एवं एक पेड़ मां के नाम २.० अभियान के तहत वृक्षारोपण

**शाहजहांपुर।** पेड़ लगाओ पे? बचाओ जनअभियान के तहत व प्रधानमंत्री के विशेष आव्हान ष्एक पे? माँ के नामष् के इस वर्ष द्वितीय चरण अंतर्गत जनपद के विकासखण्ड ददरौल के प्राथमिक विद्यालय सिंधौली में नवागत प्रभागीय वनाधिकारी विनोद कुमार के निर्देशानुसार जिला गंगा समिति एवं मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय सिंधौली के परिसर में वृक्षारोपण किया गया जिसके अंतर्गत अर्जुनए अमरूदए नीमए कदम्बए पाक? आदि के पौधों का रोपण किया गया व वृक्षारोपण सम्बन्धी विभिन्न पोस्टर्स का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने समस्त ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जगरूक करते हुए अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण हेतु आव्हान किया और सभी से रोपित पौधों के संरक्षण की भी जिम्मेदारी लेने को कहा व सभी से एक पे? अपनी माँ के नाम लगाने हेतु प्रेरित भी किया व आगामी दिवसों में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से निरन्तर जागरूकता गतिविधियों के आयोजन पर भी विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे डॉ विनय कुमार सक्सेना ने भी सभी से जनजागरूकता के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित करते हुए सभी की सक्रिय भागीदारी की अपील की और बताया कि वन सप्ताह प्रत्येक वर्ष १ से ७ जुलाई के दौरान मनाया जाता है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमजन को जागरूक करना है। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापिका फरहा ना?ए सर्वेश कुमारए सोनू निगमए रविए सरवतीए हिमांशु सक्सेनाए हंसमुखी सहित विभिन्न ग्रामवासी व विद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# उर्वरक व्यापारियों पर टैगिंग, ओवर रेटिंग और अनुचित कार्रवाई के खिलाफ की मांग



**शाहजहाँपुर।** जिला मजिस्ट्रेट, को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए, एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन, ने उर्वरक और कीटनाशक व्यापार में व्याप्त अनुचित प्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाई है। संगठन ने बताया कि उर्वरक कंपनियां रिटेलर व्यापारियों पर अनुचित टैगिंग (जिंक, जाइम सल्फर, पैस्टिसाइड, नेनो आदि) और ओवर रेटिंग थोप रही हैं। यूरिया की कीमत होलसेलर को २४२-२४६ रुपये प्रति बोरी गोदाम से दी जा रही है और रिटेलर को मात्र ४-५ रुपये प्रति बोरी भाड़ा दिया जाता है, जबकि वास्तविक परिवहन खर्च ३० रुपये तक है। संगठन ने भारत सरकार के नियमों के अनुसार स्न.ह्व.ऋ सुविधा की मांग की है, जिसके तहत उर्वरक रिटेलर के गोदाम तक पहुंचाया जाए। इसके अलावा, ३०-४०त्न टैगिंग के कारण रिटेलर की लागत बढ़ रही है और स्टॉक का बोझ असहनीय हो रहा है।यहाँ ये भी अवगत हो कि सरकार द्वारा समितियों को तो खाद दिलाई जा रही है लेकिन प्राइवेट उर्वरक विक्रेताओं को महीनों में खाद नही मिलती है जिससे उन्हें दुकान का किराया तक निकालने में भी दिक्कत आ रही है। कीटनाशकों के मामले में भी बिना जांच के रिटेलरों के खिलाफ केस दर्ज किए जा रहे हैं। संगठन ने कीटनाशक अधिनियम की धारा ३०(३) का हवाला देते हुए मांग की है कि दोषी कंपनी को जिम्मेदार ठहराया जाए, न कि रिटेलर को, जो केवल सील पैक उत्पाद बेचते हैं।संगठन ने यह भी मांग की है कि पी ओ एस मशीन के ऑनलाइन डेटा के आधार पर स्टॉक रजिस्टर को बंद किया जाए, जिससे समय की बचत, डेटा की दोहरी एंट्री से मुक्ति और ऑनलाइन डेटा की सुरक्षा व सटीकता सुनिश्चित होगी।एसोसिएशन की प्रमुख मांगें-एफ ओ आर सुविधा के तहत उर्वरक रिटेलर के गोदाम तक पहुंचाया जाए। टैगिंग और ओवर रेटिंग की प्रथा बंद हो। .कीटनाशकों पर अनुचित कार्रवाई रोकी जाए। स्पष्ट नीति और गाइडलाइन जारी की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो रिटेलर व्यापारी मजबूरन आंदोलन करेंगे और अपने लाइसेंस सामूहिक रूप से सरकार को सौंप देंगे। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन, ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग है ताकि रिटेलर व्यापारियों को राहत मिल सके और व्यापार सुचारू रूप से चल सके।इस अवसर पर समस्त खुदरा विक्रेता मौजूद रहे।

# समितियों में मांग के अनुरूप खाद बीज ऋण कराया जाए उपलब्ध : डीपीएस

**शाहजहांपुर।** जिला सहकारी बैंक के अटल सभागार में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में ऋण वितरण ऋण वसूली व्यवसायिक लोन खाद बीज़ की उपलब्धता आदि की समीक्षा की गयी। श्री राठौर ने सहायक आयुक्त सहकारिता एवं जिला प्रबंधक पीसीएफ को शासन स्तर से आरक्षित १८०० एमटी डीएपी को सभी समितियों में मांग के अनुरूप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में किसानों को खाद बीज़ ऋण उपलब्ध कराते हुए जिला सहकारी बैंक और सहकारिता विभाग निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, २०१९-२० में ५०त्न वसूली प्रतिशत के सापेक्ष ७५त्न वसूली प्रतिशत कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है उन्होंने सभी बैंक कर्मियों कैडर व प्रभारी सचिव बैंक प्रबंध तंत्र विभागीय अधिकारी बधाई दी, वसूली अभियान के कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन के लिए डीसीबी चेयरमैन का बुके देकर किया स्वागत किया गया ।

स्वागत करते सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने अधिनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सहकारी आधिकारी निरंतर क्षेत्र में सघन निरिक्षण व परवेक्षण करते रहें ताकि किसानों को खाद बीज़ लोन आदि की समस्या का तत्काल निराकरण कराया जा सके । मुख्यकार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने सभी समितियों के सचिवों को खाद डीएपी की डिमांड अनुसार आरटीजीएस करवा कर गोदाम में खाद उपलब्ध कराए जाने पर जोर दिया। बैठक में उपाध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति,जिला सहकारी अधिकारी आनंद श्रीवास्तव, दिनेशकुमार, हरीकेश परमार, ओमप्रकाश मौर्या, उपमहाप्रबंधक राजेश कुमार कुशवाहा, शकील अहमद, जिला प्रबंधक पीसीएफ यशवीर सिंह, पीसयू के प्रवीण चन्द्र सोनकर, यूपीएसएस के सचिन कुमार सहायक अधिकारी रणवीर सिंह, विजय राज सिंह, रजनीश त्रिपाठी, आदर्श कुमार, अभिनव मेहरोत्रा, अश्विनी पांडेय, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे ।

# सपा ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्म दिन

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पी डी ए के महानायक अखिलेश यादव के ५२ वें जन्मदिन पर जनपद के बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर एक दूसरे को पार्टी के नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी व जरूरतमंदों व राहगीरों को फल वितरण किए गए और जनपद शाहजहांपुर के कई स्थानों पर वृक्षारोपण भी किया गया और अखिलेश यादव जी के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी कार्यालय पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने २०२७ के विधानसभा के चुनाव में पी डी ए और सपा की सरकार बनवाकर अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया.। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,पूर्व विधायक राजेश यादव,पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव अनवर उल्ला खान, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा नेता अनवर अली, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नेत्री सूची कश्यप, सपा नेत्री शारदा राज पासी, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली खान, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, नीरज मिश्रा, प्रसून कुमार कनौजिया, उत्पल यादव,आकाश यादव, सरताज खान,परवेज अंसारी, रफी अंसारी, डॉक्टर शोएब खान मुन्ना, लल्ला सिंह यादव, विपिन यादव, आशीष यादव,मानवेंद्र सिंह यादव मोनू,मोनू कुरेशी,सुनीता,रामनिवास यादव, अनिल दास,नीरज कश्यप,सुभान अंसारी, मोहम्मद फैसल,तौफीक हुसैन, सुनीता सागर,महावीर सिंह यादव,जगदीश शर्मा, अमन गुर्जर,उदयवीर सिंह यादव,सचिन यादव,नाजिम फारूकी, हफीज अंसारी,दुर्गेश कुमार गुप्ता, अरशद खान, गुफरान खान,रोहित यादव , लाल बाबू,अतुल मौर्य, रिजवान अहमद, ऋषिपाल यादव, पप्पू, असलम खान,संतोष पाल, सरताज खान, शाबान अंसारी, शाहनियाज खान, किरन कठेरिया, सर्वेश यादव, रेखा, ओमवीर सिंह यादव, पिंटू यादव, शहाब खान, सुबहान खान, अनिल कुमार भास्कर, ओम गुप्ता, मोहम्मद रेहान अंसारी, रहमान खान,शोएब अहमद, अखिलेश यादव, अनुज यादव, विपिन कुमार कनौजिया,सुभाष चंद्र यादव, अनस सिंह, सोनू यादव, मोहम्मद इकबाल, भारत भूषण पाली,जितेंद्र सिंह, आरिफ खान, अंकित सक्सेना, अनिल भोजवाल आदि मौजूद रहे।

# हाईवे चौड़ीकरण का निर्माण आधा-अधूरा होने से जलभराव, व्यापारी परेशान

**कांट-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** हाईवे चौड़ी करण निर्माण के आधे अधूरे कार्य होने की वजह नगर के मार्केट एरियाज में जल भराव की स्थिति के चलते दुकानदार एवं ग्राहक परेशान हैं। मुख्य मार्ग से घर तक पहुंचने में भी कुछ लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी का कहना है कि कुछ लोगों ने नालियां बंद कर दी है इसलिए जल भराव की स्थिति है। नगर पंचायत प्रशासन के अधीन है। बरेली मोड़ से जलालाबाद के याकूबपुर तिराहा तक लगभग २८ किलोमीटर के सड़क चौड़ीकरण कार्य के अधर में लटक जाने से जहां अवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं नगर के प्रतिष्ठानों के सामने जल भराव की स्थिति के चलते जहां ग्राहकों के न आने की वजह से दुकानदार भी काफी परेशान है। २९४ करोड़ की लागत से हो रहे चौड़ीकरण के कार्य वर्ष २०२२ में प्रारंभ होकर जनवरी २०२५ तक पूरा होना था लेकिन सड़क के किनारे ९८ हेक्टेयर भूमि पर ५७४० पेड़ों के कटान के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा अनुमति मांगी गई थी जिसके प्रक्रिया अभी तक चल रही है इसके चलते विभाग द्वारा जहां स्थान मिला वहां पर सड़क बना दी गई। आधी अधूरी सड़क के चौड़ीकरण के चलते यहां नगर में महुआ बाजार सहित कई प्रतिष्ठानों के सामने जल भराव की स्थिति के चलते जहां दुकानदार परेशान है वहीं राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंक हाउस का काम करने वाले सलीम का कहना है कि एक तो उनको भी अपनी दुकान से सड़क तक पहुंचने में परेशानी होती है वही कीचड़ और पानी भर जाने की वजह से ग्राहक भी दुकान पर बहुत कम ही आ पाते हैं। थ्री व्हीलर की सर्विस करने वाले रमजानी का कहना है कि जब से बारिश शुरू हुई है तब से उनके काम की मंदी हो गई है क्योंकि सर्विस कराने बहुत कम लोग कीचड़ और पानी भरने की वजह से आ पाते हैं उधर मेडिकल स्वामी विपिन मौर्य का कहना है कि उनके घर तक जाने वाले रास्ते के ठीक सामने हाईवे पर अच्छा खासा जल भराव हो गया है। जिससे देर सवेर जब वह मेडिकल बंद कर घर जाते हैं तो परेशानी का सामना करना पड़ता है। कपड़े गंदे हो जाते हैं। कई बार बाइक भी फिसल गई। ''नगर में कुछ स्थानों पर लोगों ने नालियां बंद कर रखी हैं। इसलिए सड़क के किनारे जल भराव की स्थिति हैं। जो नगर पंचायत प्रशासन के अधीन है।'' जोगेंद्र गंगवार अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर।

# पुवायां तहसीलदार ने बैकडेट में जारी किए आदेश, डीएम ने की निलंबन की संस्तुति

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत)।** डीएम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की हैं। पुवायां के तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर के द्वारा तबादला होने के बाद भी बैकडेट में आदेश करने पर डीएम ने उनके निलंबन की संस्तुति की है। साथ ही रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश भी दिया गया है। डीएम की इस कार्रवाई के बाद हर कोई उनकी सराहना कर रहा हैं।
पुवायां में तबादला होने के बाद बैकडेट में पत्रावलियों पर सादा पन्ने पर आदेश जारी कर वकीलों और पक्षकारों को दिए जाने के मामले में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुवायां तहसील में तैनात तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर के निलंबन की संस्तुति की है। डीएम ने पुवायां के तत्कालीन तहसीलदार सहित अन्य लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश दिया है। जिसके बाद तहसील प्रशासन में हडकंप मच गया हैं। वर्तमान तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी ने डीएम को जानकारी दी थी कि वकीलों ने तहसीलदार कार्यालय में १२ पत्रावलियां प्रस्तुत की हैं। इन पत्रावलियों में सादा पन्ने पर आदेश किए गए हैं। इन पर तत्कालीन तहसीलदार पुवायां अरुण सोनकर के बैकडेट के हस्ताक्षर हैं। कोई भी आदेश पोर्टल के माध्यम से जारी नहीं किया गया है। डीएम ने अरुण सोनकर को कार्यालय बुलाकर पत्रावलियों को दिखाया तो उन्होंने स्वीकार किया कि पत्रावलियों पर उन्होंने ही हस्ताक्षर किए हैं। डीएम ने अरुण सोनकर से आदेशों के पृष्ठ पर नीचे स्वहस्ताक्षरित कर आदेशों को प्रमाणित करने को कहा, जिसके बाद उन्होंने दिनांक सहित हस्ताक्षर कर आदेशों को प्रमाणित किया। डीएम ने एडीएम न्यायिक से जांच कराने के बाद अरुण सोनकर को भ्रष्ट आचरण का दोषी, सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन, राजस्व परिषद की न्यायिक कार्यों के निस्तारण के निर्देशों के उल्लंघन, न्यायिक अधिकारी के रूप में दायित्वों के अनुपालन में विफल मानते हुए निलंबित करने की संस्तुति की है। इसके अलावा उनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहसीलदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। विभागीय कार्रवाई के लिए राजस्व परिषद को पत्र भेजा है। डीएम की इस कार्रवाई के बाद पुवायां तहसील में हडकंप मच गया हैं।

# घर में चल रहे पंखा से करंट लगने से युवक की मौत

**खुटार।** घर में चल रहे फर्राटा पंखा से चिपक कर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में रहने वाले नीरज मिश्रा (३३) के पिता सत्यप्रकाश मिश्रा की दो माह पहले १८ अप्रैल को हार्ट अटैक पडने की वजह से मौत हो गई थी। सत्यप्रकाश की मौत होने से परिवार गम के माहौल से अभी बाहर भी नहीं आ पाया था कि मंगलवार को सुबह ११ के करीब उनका इकलौता बेटा नीरज मिश्रा स्नान करने के बाद खाना खाने के लिए जा रहा था। खाना खाने के दौरान उसने घर में रखा फर्राटा पंखा लगाया और उसके सामने बैठ गया। तभी फर्राटा पंखा अचानक किसी तरह उसके ऊपर गिर गया और पंखे में आ रहा करंट नीरज को लग गया। जिससे नीरज पंखे से चिपककर मौके पर ही गिर गए। घर पर मौजूद नीरज की मां सुधा देवी और पत्नी रागिनी ने जब तक पंखे का प्लग निकाल कर करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस चुके नीरज को उठाकर खुटार चिकित्सक के पास लाने की तैयारी की। तब तक नीरज की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार के लोगों ने नीरज के शव को रात में दबा दिया। लेकिन इसके बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। नीरज की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। नीरज तीन बहनों निशा, ममता और संगीता में तीसरे नंबर के थे। दो बहन निशा, ममता और नीरज की शादी हो चुकी है। नीरज के कोई संतान नहीं है। जबकि सबसे छोटी बहन संगीता अविवाहित है। इकलौते बेटे नीरज की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दरोगा ने आईजीआरएस पर लगाई झूठी रिपोर्ट

**सिंधौली-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत)।** दबंगों द्वारा की गयी मारपीट से घायल ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत होकर न्याय की गुहार लगायी है। ग्रामीण ने सिंधौली कोतवाली के एक दारोगा पर आइजीआरएस के झूठे निस्तारण का आरोप भी लगाया है। गाँव आदमपुर दक्षिणी निवासी बृजलाल ने एसपी को दिए गए पत्र में बताया कि विगत सप्ताह वह खेत से घास लेकर पैदल घर जा रहा था। गाँव से पहले उसी के गाँव के रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के कुछ लोगों ने उसे पुरानी कहासुनी के कारण रोककर लाठी डण्डों से मारपीट की। मारपीट के दौरान उसके सिर में खुली चोटें आयीं। मौके पर शोर सुनकर पहुँची उसकी पत्नी को भी उक्त दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पहुँचने पुलिस ने घायलों को मेडिकल हेतु भेज दिया। लेकिन आरोप है कि पुलिस ने विपक्षियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की। पुलिस की शून्य कार्यवाही के बाद उसने आईजीआरएस पोर्टल के जरिये मुख्यमंत्री से शिकायत की। लेकिन हल्का दारोगा ने कोतवाली बुलाकर मोबाईल से ओटीपी लेकर पोर्टल की शिकायत का निस्तारण कर दिया। परेशान ग्रामीण ने पत्नी सहित एसपी के सामने पेश होकर न्याय की गुहार लगायी है।

# रेलकर्मी की पत्नी का पंखे से लटकता मिला शव

**रोजा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत)।** मंगलवार सुबह रेल कर्मचारी की पत्नी का शव मकान के दूसरी मंजिल पर लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि मृतका लम्बे अरसे से मानसिक रूप से ग्रस्त थी। फ्लिहाल खबर लिखे जाने तक मायके पक्ष ने कोई लिखित आरोप नहीं लगाया है। दोनों परिवार वालों की सहमति से पुलिस ने पंचनामा कर शव परिवार वालों को सौंप दिया।
मस्जिद कालोनी निवासी रेलकर्मी अरुण कुमार की पत्नी मंजू (३३) लम्बे समय से बीमार चल रही थी। जिसके चलते मानसिक तनाव से जूझ रही थी। मंगलवार की सुबह मंजू ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे पर पंखे लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर परिवार वालों ने इसकी सूचना मायके वालों को दी। मंजू की मौत की जानकारी मिलते ही मृतका के घर पहुंच गए। उसका शव देखकर घर में कोहराम मच गया। इसी बीच किसी ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतका के मायके और ससुराल वालों से बातचीत कर शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा। जिस पर दोनों परिवारों ने किसी भी प्रकार की पुलिस करवाई और पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया। दोपहर को रोजा मोक्षधाम पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वही थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि दोनों परिवार वालों की सहमति से पंचनामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया गया, मायके पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी हैं।

# अतिरिक्त दहेज की खातिर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**कलान( स्वतंत्र भारत)।** दहेज लोभियों ने पांच लाख रुपए बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत के अंतर्गत मोहल्ला सूर्य नगर निवासी नीतू पुत्री विष्णू कश्यप ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कलान थाना क्षेत्र के ग्राम हरजू नगला निवासी राजेंद्र कश्यप पुत्र कलक्टर कश्यप के साथ ४ वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। उसके परिजनों ने सामर्थ्य के अनुसार सारा दान दहेज़ भी दिया लेकिन वह दहेज को लेकर उसे परेशान करते रहे। उसने बताया है कि पति राजेंद्र,ससुर कलक्टर,सास इंद्रावती,नंनद कंचन व चांदनी,देवर लाला उसको शारीरिक मानसिक रूप से आए दिन प्रताड़ित करते हैं। दहेज लोभियों ने उसे घर से निकाल दिया और उसके पास एक पुत्र राज २ वर्ष का है। उसने बताया कि दहेज लोभियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर ५ लाख रुपया बाइक नहीं दी तो घर में नहीं घुसना। पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक से दहेज लोभियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# तहसील परिसर में अव्यवस्था कैम्पस बना वाहन स्टैंड

**जलालाबाद ( स्वतंत्र भारत )।** तहसील परिसर में एसडीएम ऑफिस के ठीक सामने फोर व्हील और टू व्हील गाड़ियां खड़ी की जा रही हैं वास्तव में यह जगह गाड़ियां खड़ी करने की नहीं है कई बार अधिकारियों द्वारा इस पर एक्शन लिया गया और गाड़ियों के टायर पंचर किए गए बावजूद इसके लोग मानने को तैयार नहीं हैं। सोमवार को गाड़ियों पर गाड़ियां लगा दी गई जिससे आम जनता और वादकारियों को तहसील आने में काफी दिक्कत उठानी पड़ी।
बतादें कि कुछ दिनों से तहसील परिसर को लोगों ने वाहन स्टैंड बना दिया है। तहसील कैंपस में खड़े आड़े तिरछे वाहन लोगों को कष्ट का सबक बन रहे हैं अधिकारी मौन हैं एसडीएम ऑफिस के ठीक सामने दर्जनों चौपाइयां और दो पहिया वाहनों के खड़े होने से पूरे कैंपस में अवस्था फैल जाती है और अधिकारियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है गाड़ियों का अंबार लगे होने की वजह से गाड़ियों में फंसी हुई गाड़ियां निकालने में परेशानी होती है और घंटों लोग एक दूसरे को तलाशते फिरते हैं, आने का इंतजार करते हैं गाड़ी स्वामी के आने के बाद ही दूसरा वाहन भीड़ में फंसे वाहन को बाहर निकालता है यह स्थिति कुछ दिनों से उत्पन्न हुई है पहले ऐसी स्थिति नहीं थी तहसील कैंपस में खड़े वाहनों को कई बार पंचर किया गया लेकिन लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे। वादकारियों के अलावा अधिकारियों की गाड़ियां भी लोगों की गाड़ियों में फंस जाती है और उन्हें बाहर निकलने में दिक्कत होती है ऐसी परिस्थितियों में एसडीएम से लोगों ने मांग की है कि वाहन को वाहन स्टैंड पर ही खड़ा किया जाए।

# विधायक ने डीएम को लिखा पत्र, खाद की किल्लत की समस्या का हो समाधान

**कांट।** विधायक अरविंद सिंह ने संघों एवं सोसाइटियों पर डीएपी व यूरिया खाद की किल्लत के चलते किसानों की परेशानी के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। माफियाओं के हाथों में पहुंचने पर तत्काल अंकुश लगाने की बात की है। ददरौल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि निर्वाचन क्षेत्र ददरौल सहित पूरे जनपद में साधन सहकारी समितियों एवं संघो पर डी.ए.पी. तथा यूरिया, खाद नहीं पहुँच रही है। जबकि जानकारी में है कि वफर गोदामों पर लगभग २ रैंक खाद उपलब्ध है। जनपद शाहजहाँपुर का काश्तकार धान की रोपाई में डी.ए.पी. खाद ही डालता है। खाद वफर गोदामों पर है उसको तत्काल सोसाइटियों तथा संघों पर भेजने को निर्देशित करने के साथ-साथ खाद का वितरण ठीक तरीके से हो इसको यह भी कार्य योजना बनाने की आवश्यकता है। गोदामों से खाद जब सोसाइ ?टी या संघों पर जाये तो जनप्रतिनिधियों सहित आम जनमानस को जानकारी होना आवश्यक है। क्योंकि कई बार देखने में यह आया है कि खाद सोसाइटी या संघों पर न पहुँच कर कुछ माफियों के यहां पहुँच जाती है, जिस पर तत्काल अंकुश लगवाकर कार्यवाही कराये जाने की आवश्यकता है। साथ ही दूसरा मेरा सुझाव यह है कि रिटेलर दुकानदारों को खाद होलसेल रेट में नही मिलती है जिस कारण से रिटेलर दुकानदार उचित दर पर किसानों को खाद वितरित नही कर पाता है। कुछ इस तरीके से व्यवस्था की जाये कि रिटेलर दुकानदार की धनराशि जिला प्रशासन के माध्यम से जमा करा दी जाये और प्रशासन की देखरेख में रिटेलर को खाद उचित दर पर प्राप्त हो, जिससे खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जायें।

# पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बांटे फल

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** सपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव ने साथियों के साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटा और पौधारोपण करके लोगों को फल वितरण करके जन्म दिवस मनाया। सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव अनवर उल्ला खान ने दर्जनों साथियों के साथ अपने आवास पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर केक काटा एक दूसरे को एक खिलाकर साथियों ने पौधारोपण करके राहगीरों को फल वितरण करके जन्म दिवस मनाया। इस दौरान जिला सचिव शब्बन अंसारी, शाहनियाज़ खान, छात्रसभा नगर अध्यक्ष साद उल्ला खान, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष रेहान अंसारी, कामरान अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुनारा की मेन सड़क व नाली निर्माण की मांग ने पकड़ा जोर

**जलालाबाद ( स्वतंत्र भारत )।** विकास खण्ड जलालाबाद की ग्राम पंचायत गुनारा के दर्जनों ग्रामीणों द्वारा तहसील परिसर में प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद सलीम खान को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने कहा यह हमारा मुख्य मार्ग है सैकड़ों लोग प्रतिदिन इससे निकलते हैं मुख्य मार्ग बालकृष्ण मंदिर से लेकर मुन्ना कुरैशी के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कराया जाये एवं तालाबों से लोगों के अवैध कब्जे हटवाए जाऐं। ग्रामीणों ने बताया मुख्य मार्ग की दशा दयनीय है। गली में घरों का पानी भरा रहता है नाली ना होने के कारण पानी का निकास नहीं है इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है स्कूली बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है ग्रामीणों ने मांग की पानी निकास के लिए तालाब तक नाली बनाई जाए साथ ही सड़क पर आरसीसी की ईट बिछाई जाए, साथ ही उन्होंने बताया की सड़क का पानी तालाब में नहीं जा पता है क्योंकि तालाबों पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। तालाबों को भी खाली कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में रंजीत श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, विनय शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, मोहित श्रीवास्तव, दयाशंकर आदि युवा शामिल रहे। प्रशासनिक अधिकारी श्री खान ने आवासन दिया है।

## दबंगों ने दुकानदार से मारपीट कर सिर फोड़ा

**जलालाबाद।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी विकास चंद्र शर्मा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह प्रेम किशन खन्ना डिग्री कॉलेज के सामने अपनी दुकान पर बैठा था उनका नौकर भी उनके साथ था तभी कस्बे के ही राहुल व चार अन्य अज्ञात लोग गाड़ी से आए और उनके नौकर को पड़कर पीटने का प्रयास किया विरोध करने पर उन्होंने नौकर की बजाय उनके ऊपर लाठी डंडे लेकर मारना पीटना शुरू कर दिया राहुल नाम के व्यक्ति ने तमंचा निकालकर उसकी बट सिर में मार दी जिससे वह घायल हो गया

# अनियंत्रित होकर कर डिवाइडर से टकराकर खाई में गिरी कार, चार घायल

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार डिवाइडर से टकराकर खाई में जा गिरी। कार में पांच लोग सवार थे जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पंजाब राज्य के जनपद लुधियाना के थाना शानेवाल क्षेत्र के गैस पारा नो सतगुरु नगर निवासी राजेश गोस्वामी पुत्र पारस नाथ, दिलीप गोस्वामी पुत्र राजेश प्रसाद, शमीम पुत्र मो० फ़लीक, निशा पुत्री राजेश प्रसाद, संदीप कुमार पुत्र रामचंद्र मंगलवार को सुबह लगभग ४:३० बजे एक वैगन आर कार संख्या पी बी ०१ ई ८८ ५८ से सभी लोग अयोध्या से वापस लुधियाना जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार चलाते समय ड्राइवर को नींद आ गई। कटरा नवादा पुलिया सीमेंट फैक्ट्री के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और खाई में जा गिरी। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएससी कटरा में भर्ती कराया। डॉक्टरों के मुताबिक सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने कार को बाहर निकलवाया और यातायात सुचारू रूप से चालू कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि सभी कार सवार अयोध्या से लुधियाना जा रहे थे। ड्राइवर को नींद आने से कार डिवाइडर से टकराकर खाई में गिरी। सभी घायलों सीएचसी कटरा में भर्ती कराया गया है।

## एडीएम प्रशासन ने किया गौशाला का निरीक्षण

**तिलहर।** धन्यौरा गौशाला का एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बरसात के मौसम में गौशाला के अंदर विशेष सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। मंगलवार को एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा गौशाला में पहुंचे, उन्होंने सबसे पहले गौशाला की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में पशुओं में बीमारी फैलने का ज्यादा डर रहता है इसलिए गौशाला के अंदर विशेष सफाई व्यवस्था रखी जाए। इसके साथ ही बीमार पशुओं का मेडिकल चेकअप डॉक्टरों के द्वारा नियमित रूप से किया जाए। गौशाला में मौजूद ६२० गौवंशीय पशुओं के चारे एवं पीने के पानी की व्यवस्था को उन्होंने देखा और कई निर्देश दिए।

# किसान कार्यकर्ताओं से एसडीएम की वार्ता रही विफल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा धरना मंगलवार को १७वें दिन भी जारी रहा। आज धरने पर मोहनलाल, अनमोल वर्मा, आदर्श वर्मा, सोमेंद्र सिंह, अनिल कुमार बैठे थे। धरना स्थल पर पहुंचे उपजिलाधिकारी डॉक्टर रविन्द्र कुमार व नायब तहसीलदार मनु माथुर से हुई वार्ता में किसी भी समस्या का समाधान न किए जाने के विरोध में धरना जारी रहा। इस अवसर पर नेत्रपाल मौर्य, प्रमोद कुमार वर्मा, राजीव यादव, मनवीर, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मार्ग पर जलभराव से राहगीरों को हो रही परेशानी

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** नगर के नगरा मार्ग स्थित कब्रिस्तान के निकट वर्षों से चले आ रहे जलभराव की समस्या अभी तक जैसी की तैसी बनी हुई है। हल्की बारिश होते ही यह मार्ग गंदे पानी से लबालब भर जाता है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार नगरपंचायत और संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया है। लोगों को मजबूरन गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि इस मार्ग पर जल निकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए, जिससे लोगों को गंदे पानी से निकलने से निजात मिल सके।

# काकोरी शहीद इंटर कालेज जलालाबाद के नरेश व खुटार के मोहित प्रबंधक मान्य

## संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा अन्य दो समितियां हुईं अमान्य घोषित

**जलालाबाद( स्वतंत्र भारत )।** संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल बरेली के निर्णय अनुसार काकोरी शहीद इंटर कालेज जलालाबाद के प्रबंधक नरेश गुप्ता व काकोरी शहीद इंटर कालेज खुटार के प्रबंधक मोहित गुप्ता बनाए गये हैं। समिति के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। काकोरी शहीद इंटर कालेज जलालाबाद व काकोरी शहीद इंटर कालेज खुटार दोनों विद्यालय के प्रबंध समिति को लेकर विवाद संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली में चल रहा था। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने अपने निर्णय में काकोरी शहीद इंटर कालेज की प्रबंध समिति का प्रबंधक नरेश कुमार गुप्ता को वहीं खुटार के काकोरी शहीद इंटर कालेज का प्रबंधक मोहित कुमार को मान्य करार दिया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल बरेली के निर्णय अनुसार प्रबंध समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया तर्कसंगत ना होने व विद्यालय पर उसका वास्तविक प्रशासकीय/वित्तीय नियंत्रण न होने के कारण ४ मई को गठित प्रबंध समिति जिसमें पंकज सक्सेना प्रबंधक श्रीमती दया सिंह अध्यक्ष निर्वाचित हुए व दूसरी प्रबंध समिति का निर्वाचन दिनांक २७ अप्रैल को गठित प्रबंध समिति जिसमें शशि कृष्ण प्रबंधक व रमाकांत अध्यक्ष निर्वाचित हुए जिसको अमान्य घोषित किया गया है। लम्बे समय से चली आ रही इस समस्या का अन्त हो गया है। वहीं दूसरी ओर २७ अप्रैल को विभागीय पर्यवेक्षक ओम प्रकाश की उपस्थिति में काकोरी शहीद इंटर कॉलेज जलालाबाद की नवगठित प्रबंध समिति को मान्य व अनुमोदित किया गया है जिसमें अध्यक्ष विकास गुप्ता, उपाध्यक्ष विमलेश कुमार व प्रबंधक नरेश कुमार गुप्ता आदि सदस्य व पदाधिकारी गण शामिल हैं।

# प्रतिबंधित तार की चपेट में आने से युवक घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** ग्रामीण युवक गन्ना के खेत में खाद लग रहा अचानक खेत में लगे आरी वाले तारों की चपेट में आकर घायल हो गया। इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव धनेली महेश निवासी परमवीर का २५ वर्षीय पुत्र विपिन गन्ना के खेत में खाद लग रहा था खेत में लगे आरी वाले तारों की चपेट में आकर युवक घायल हो गया। परिजनों ने इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## करंट लगने से किशोर की हालत गंभीर

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** किशोर को बिजली का करंट लगने से जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना कटरा क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी हनीफ के १० वर्षीय पुत्र मैराज घर पर बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रहा था। उससे करंट लग जाने से बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों ने इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# धूमधाम से मनाया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश का जन्मदिन

**निगोही( स्वतंत्र भारत )।** सपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा के आवास पर धूमधाम से मनाया गया। सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा के आवास पर एकत्रित हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया। नगर पंचायत निगोही निवासी पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बर्थ डे को पहले से ही बड़े ही जोश से मनाने का मन बना रखा था। इस कार्यक्रम को आज क्षेत्रीय जनता के सामने कर दिखाया। १३३ विधानसभा तिलहर के पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने बेसहारा महिला पुरुष विधवाओं व विकलांगों यानी कमजोर वर्ग के लोगों की मदद की एवं हमजापुर शहीद भगत सिंह चौराहा पर पहुंच कर दूर दराज से आयी जनता के बीच जाकर फल वितरित किया। इस मौके पर संदीप यादव, विधानसभा अध्यक्ष राजेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व प्रधान राजपाल यादव, पूर्व प्रधान मुनेश्वर दयाल वर्मा, संजू मिश्रा, राजीव पटेल, सतीरामयादव अमित वर्मा मौजूद रहे।

# तिलक लगाकर बच्चों को कराया गया पहले दिन प्रवेश

## ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होते ही स्कूलों मे दिखने लगी रौनक

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद मंगलवार एक जुलाई को स्कूल खुलने पर बच्चो को तरह तरह से स्वागत सत्कार कर उन्हे स्कूल मे प्रवेश कराया गया।
क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सौफरी में ग्रीष्म अवकाश खत्म होने के बाद मंगलवार को विद्यालय पहुंचे छात्र छात्राओं का शिक्षको ने तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की अध्यापक तरन्नुम बी ने बताया मंगलवार सुबह आठ बजे से पूर्व ही छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचने लगे थे। विद्यालय के मुख्य गेट को छात्र-छात्राओं के पहुंचने से पूर्व ही सजाया गया था। विद्यालय की एक छात्रा से फीता कटवाने के बाद छात्र-छात्राओं को विद्यालय में प्रवेश दिया गया। इसके बाद सभी को तिलक लगाकर स्वागत करने के बाद खीर खिलाई गई। विद्यालय पहुंचे छात्र छात्राएं स्वागत को देखकर काफी खुश थे। नगर के मध्य बने एक क्राईस्ट अकादमी विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के बाद मंगलवार को पहुंचे छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य थॉमस पिचाकों के द्वारा बनवाए गए स्वागत गेट से प्रवेश कराया गया। छोटे बच्चों को खिलौने, गुब्बारे देकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय पहुंचे नन्हे मुन्नो ने पहले दिन को मस्ती के साथ बिताया। जिससे विद्यालयो मे रौनक देखते बनी। नगर से सरस्वती शिशु मंदिर मे प्रधानाचार्य नीरज मिश्र और रामपुर कलां के उप प्रधानाचार्य पीबी सिंह ने बच्चो का भव्य तरीके से पहले दिन स्वागत किया।

# शिविर में दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को बांटे गए सहायक उपकरण

**खुदागंज ( स्वतंत्र भारत )।** मंगलवार को विकासखंड कटरा-खुदागंज सभागार में सामाजिक अधिकारिता शिविर दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार एवं पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिंह ने फीता काटकर किया। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर सिंह का माल्यार्पण कर तथा पुष्पगुछ बैठकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने समस्त दिव्यांग जनों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार सभी वर्ग एवं समाज के लोगों को मजबूत करने में लगी हुई है। सरकार अपने नागरिकों में शक्ति एवं आत्मबल प्रदान करने वाले सभी उपकरणों को जन-जन तक पहुंचने में लगी हुई है, सुविधाओं के सहारे ही हमारे देश के वीर जवानों ने अभी कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देकर बताया था कि भारत के जवान ना आत्म बल में काम है और ना ही उपकरणों में कमजोर है। वह नापाक देश को उसी की भाषा में जवाब देने में विश्वास रखते हैं। इस दौरान उन्होंने कैंप में सेवा देने वाले डॉक्टर की टीम का भी पटका पहनाकर उत्साहवर्धन किया तथा डॉक्टर की टीम को डॉक्टरर्स दिवस की बधाई दी तथा उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर सिंह ने कहा कि सरकार ने जो भी योजनाएं तथा नीतियां बनाई उन्हें हम सभी लोगों को लगकर लागू कराना चाहिए। डॉक्टर की टीम में डॉक्टर राजू कुमार, डॉक्टर अनिल, डॉक्टर राजकिशोर एवं उनके कंप्यूटर स्टाफ के कर्मचारीगण सुबह प्रात: १०:०० बजे से ही ब्लॉक सभागार में पहुंच गए थे। जहां उन्होंने सभी पात्रों के रजिस्ट्रेशन कराये। समस्त कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले लोगों में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजीनियर रोहित सिंह, जिला पंचायत सदस्य पति राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, मुनीष तिवारी, जितेंद्र सिंह, रमेश कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव गुप्ता, सियारामशरण नायक, मंडल महामंत्री भाजपा रंजीत सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक राठौर, ग्राम प्रधान लखपत सिंह, फरहान आलम खिल्लन, राकेश गंगवार, सुनील मिश्रा, राजीव सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने सुनी समस्याएं, शिकायतों के निस्तारण के आदेश

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रात: १० बजे से ०२ बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में ०५ समस्यायें, शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक अभियंता निर्माण व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधिगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# बम्हनी चौकी में राशन की दुकान की जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक

## राजीव मिश्रा ने ५७ कुंतल राशन गायब करने का कोटेदार मुनेन्द्र पर लगाया था आरोप



**कलान-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** तहसील कलान क्षेत्र के ग्राम बम्हनी चौकी में राशन की दुकान से कोटेदार मुनेन्द्र मौर्य के द्वारा स्टाक से राशन गायब करने की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सिंह को राशन दुकान पर स्टॉक में राशन नहीं मिला। उन्होंने गांव में पहुंचकर कार्ड धारकों से जानकारी ली तो कार्ड धारकों ने बताया कि सरकारी कांटे से राशन कार्ड धारकों को नही देते। कोटेदार दूसरे कांटे से तौलकर राशन देते हैं। वहीं अटल बिहारी वाजपेई समूह के अध्यक्ष राजीव मिश्रा के द्वारा कोटेदार मुनेन्द्र मौर्य पर ५७ कुंतल स्टाक गायब करने का आरोप लगाते हुए थाना परौर में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जांच की मांग कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी और सम्बंधित अधिकारियों से भी शिकायत की थी। जिसको लेकर मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सिंह बम्हनी चौकी जांच करने पहुंचे। उन्होंने राशन स्टाक चेक किया ।२९ जून २०२५ को जो राशन कोटेदार मुनेन्द्र मौर्य के द्वारा उठान कर लाया गया था जो दुकान के स्टाक में जांच के दौरान नहीं पाया गया और कोटेदार मुनेन्द्र मौर्य के मकान के सामने राशन की भरी ट्राली पाई गयी। उधर जब इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि चौहद्दी लिखी हुई दुकान में स्टाक नहीं मिला है। कोटेदार मुनेन्द्र मौर्य के मकान के सामने राशन भरी ट्राली पायी गयी। बम्हौरा के कोटेदार रक्षपाल सिंह को पूर्ति निरीक्षक ने बुलाकर निगरानी हेतु उनके सुपुर्द कर दिया। ट्राली में मौजूद राशन बम्हौरा राशन की दुकान पर भेज दिया गया। जहां सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं पूर्ति निरीक्षक ने बताया जांच की जा रही है। जो भी जांच के दौरान जो कमी पाई जायेगी उसके आधार पर कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया प्रथम दृष्टया लगभग ५० से ६० कुंतल राशन कम होने की संभावना है। उन्होंने बताया जांच अभी चल रही है। पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार ने कोटेदार से फोन कर मशीन और स्टाक रजिस्टर को मांगा तो कोटेदार मुनेन्द्र मौर्य मशीन स्टाक रजिस्टर देने से टालमटोल करते नजर आए।

# डॉक्टर्स डे पर रेड क्रॉस ने किया चिकित्सकों को सम्मानित



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी ने सत्यानंद अस्पताल के चिकित्सक डॉ एस. पी. मिश्रा, डॉ सौरभ मिश्रा एवं डॉ. गौरव मिश्रा को रेड क्रॉस का मेडल पहनाकर शाल उड़ाकर पुष्प एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस ने मास्क वितरित किया। इस संदर्भ में रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि कोविड-१९ वैश्विक महामारी के कठिन समय में सत्यानंद अस्पताल के सभी चिकित्सों एवं सहयोगी स्टाफ ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ मरीजों की सेवा की। संसाधनों की भारी कमी के बावजूद सभी ने मिलकर बेहतरीन उपचार सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया। इस योगदान को राज्य सरकार ने सम्मानित किया है, जब मुख्यमंत्री द्वारा अस्पताल को उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ उपचार केंद्र के रूप में सम्मानित किया। इस सम्मान को मुख्यमंत्री से डॉ गौरव मिश्रा ने प्राप्त किया। यह सम्मान न केवल अस्पताल की गुणवत्ता का प्रतीक है, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी डॉ विजय जौहरी ने बताया रेड क्रॉस सोसाइटी और डॉक्टर एक दूसरे के पूरक हैं और मानवीय सहायता के क्षेत्र में एक दूसरे के लिए काम करते हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया का पहला स्वैच्छिक मानवीय संगठन है। जिसका उद्देश्य युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों को सहायता प्रदान करना और हर समय सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. उस्मान, डॉ अंकित गुप्ता, डॉ. विनोद मिश्रा, पवन सक्सैना, अग्रज जौहरी, अवनीश सक्सेना, पतिराम दीक्षित, अनुज जौहरी, नवजोत, पतिराम दीक्षित, अनुज त्रिवेदी एवं चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कचरा नहीं उठाने से राहगीर और दुकानदार परेशान

**तिलहर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने चार दिन पहले नालों से निकालकर सड़कों पर लगाए गए कचरे के ढेर उठाने की जरूरत नहीं समझी। रविवार रात में हुई बारिश से कचरे के ढेर कीचड़ में बदलकर सड़कों पर फैल गए। इससे राहगीरों का निकलना दूभर हो गया और दुकानदार भी परेशान है। नगर पालिका हर साल नालों की सफाई का ठेका देती है। कार्य पालिका के सफाई कर्मियों से शुरू कराया। यह काम देर से शुरू होने के कारण बारिश का दौर शुरू होने तक जारी रहा। चार दिन पहले पूर्वी भक्सी तिराहे से तहसील रोड व आईटीआई से बाइपास चौराहा सहित नगर के कई नालों की सफाई कराई गई. लेकिन कचरे को सड़कों के किनारे यह कहकर छोड़ दिया गया कि सूखने पर उठाया जाएगा। दो दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश से कचरे का ढेर सूखने के बजाय गीला होकर बिखरने लगा। इससे सड़कें इतनी फिसलन भरी हो गई कि उन पर पैदल चलना कठिन है। मोहल्ला उम्मरपुर के कारोबारी सगीर, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, पूर्व सभासद पीर मोहम्मद अंसारी, सर्वेश आर्य आदि का कहना है कि सड़कों पर नालों की गंदगी फैल जाने से घरों के अंदर तक दुर्गंध पहुंच रही है। सफाई निरीक्षक राजीव कुमार ने कहा कि दो दिन कचरे को सूखने में लग गए। शनिवार को एक सफाई कर्मी के परिजन की मौत होने पर अन्य सफाई कर्मी वहां चले गए। रविवार को अवकाश रहा। अब जल्द ही कचरों के ढेर हटवाए जाएंगे।

### प्रथम दिन स्कूल पहुंचने पर बच्चों का स्वागत

**तिलहर।** खंड शिक्षा अधिकारी ने एक जुलाई को स्कूल में पहुंचे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। नगर के बिरियागंज कंपोजिट स्कूल सुबह ८ खंड शिक्षा अधिकारी व अजय कुमार प्रधानाध्यापक तरन्नुम और सभासद संदीप रस्तोगी स्कूल में आने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# आबादी में घुसकर बाघ ने पालतू कुत्ते को मार डाला

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** गांव सहारू में घर के बाहर बैठा पालतू देशी कुत्ते पर बाघ ने हमला कर दो सौ मीटर दूर घसीटते हुए ले गया और उसे मार डाला। घर के सदस्यों ने कुत्ते की खोजबीन शुरू की। तो कुत्ते के कुछ अवशेष खड़ंजे पर बरामद हुए और शव गायब था। यह घटना सोमवार रात करीब पौने बारह बजे की है। सूचना पर जांच करने पहुंची वन विभाग टीम ने पगमार्क ट्रेस किए। वन विभाग का दावा है कि बाघ ने कुत्ते पर हमला नहीं किया है। जांच में तेदुएं के पगमार्क ट्रेस हुए है। इसलिए तेदुएं ने कुत्ते पर हमला कर उसे मार डाला है। हालांकि, ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आबादी के बीच बाघ ने कुत्ते कर हमला किया और उसे खींच ले गया। ऐसे में हर कोई डरा-सहमा हुआ है। लेकिन वन विभाग इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जांच टीम ने कांबिंग करने की जरूरत नहीं समझी और वापस लौट गई। आशंका है कि बाघ आसपास गन्ने में बैठा है और रात के अंधेरों में फिर से आबादी के बीच पहुंच कर किसी पर हमला कर अपना निवाला बना सकता है। लोगों ने बाघ को जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है। क्षेत्र के गांव सहारू में रहने वाले तेज कुमार वर्मा ने अपने घर में देशी कुत्ता पाल रखा था। कुत्ते की उम्र लगभग १३ वर्ष थी। तेज कुमार वर्मा ने बताया कि सोमवार रात को परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सोने चले गए थे। उनके भाई वीरेंद्र वर्मा, रूपेंद्र वर्मा घर के बाहर सो रहे थे और कुत्ता वहीं पर बैठा था। जबकि वीरेंद्र वर्मा का पोता लकी उर्फ उत्कर्ष घर में पढ़ाई कर रहा था। रात तकरीबन ११:४५ बजे खेत की ओर से बाघ आया और कुत्ते पर हमला कर दिया। दोनों में टकराव होने पर पोते लकी को आवाज सुनाई दी तो घर के बाहर दौड़ कर पहुंच गया। जहां बाघ उनके पालतू कुत्ते को गांव के पूर्व दिशा में खेत की तरफ लेकर चला गया। बाद में लकी ने सभी घर के सदस्यों को जगाया और कुत्ते की तलाश शुरू की। लेकिन बाघ के हमले के चलते कोई डर के कारण खेतों में ढूढ़ने नहीं जा सके। मंगलवार सुबह तेज कुमार वर्मा अपने परिवार और गांव के लोगों के साथ समूह बनाकर कुत्ते की तलाश की। जहां पूर्व प्रधान सतेंद्र कुमार के बाग के पास खड़ंजे पर कुत्ते के कुछ अवशेष मिले। सूचना मिलते ही वन विभाग टीम में वन दरोगा राघव मिश्रा अन्य वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की। जांच में तेदुएं होने की पुष्टि हुई है। ऐसा दावा किया जा रहा है। वन विभाग टीम ने ग्रामीणों से अंधेरा होने से पहले खेतों से काम निपटा कर घर लौटने की अपील की है। उधर, लोगों ने बताया कि सोमवार रात को बाघ आबादी के बीच आ गया और कुत्ते को उठा ले गया। इससे गांव में दहशत फैली हुई है। फिर भी वनकर्मियों ने कांबिंग नहीं की। साथ ही बाघ आसपास गन्ने के खेत में छिपा बैठा है। ऐसा अनुमान है। जो किसी भी समय हमला कर सकता है। बावजूद इसके वन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

# बच्चों को रोली बंदन लगाकर किया स्वागत



**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर एवं अधिकारियों द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का रोली बंदन कर स्वागत भी किया गया। अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल मल्हपुर, चमार गौटिया के विद्यालय में पहुंचकर नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह, मनोज वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शिव बोधन द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओ का रौली, बंधन कर स्वागत किया गया वहीं क्षेत्र के विद्यालयों में रैली निकाल कर अभिभावकों को प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उमेश चंद सक्सेना, मोहम्मद मुमताज, उमेश कुमार दुबे तथा क्षेत्र के सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

# वन महोत्सव के तहत आयुक्त, अपर आयुक्त ने किया पौधारोपण



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** एक जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के अंतर्गत उद्यान विभाग, नगर निगम द्वारा महानगर क्षेत्र के भारद्वाजी मंडी स्थित गांधी पार्क से वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, क्षेत्रीय पार्षद सीमा सारस्वत, सहायक अभियंता जल सुशील कुमार व अन्य क्षेत्र वासियों द्वारा चम्पा, कनेर आदि प्रजाति के पौधों को रोपित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पार्षद सीमा सारस्वत व क्षेत्रीय लोगो द्वारा नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, सहायक अभियंता जल को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त व क्षेत्रीय पार्षद द्वारा सभी से पर्यावरण को सरंक्षित करने हेतु कम से कम एक पौधा रोपित करने व उसको नियमित पानी देने और सुरक्षा करने की अपील की गई, जिससे सभी शुद्ध वातावरण प्राप्त हो सके। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पार्षद के पुत्र कृष्णा सारस्वत, उद्यान लिपिक अमर दीप, क्षेत्रवासी इमरान, अमित सारस्वत, नवीन कपूर, सुमित, राजेश सारस्वत, रामबाबू, गणेश कुमार व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इसके उपरांत नगर आयुक्त द्वारा वर्ष २०२५-२६ में शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु राईखेड़ा स्थित नगर निगम भूमि पर प्रस्तावित वृक्षारोपण हेतु चयनित भूमि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय वृक्षारोपण हेतु भूमि की जुताई व लेवलिंग का कार्य होता हुआ पाया गया। सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि आगामी दिनों में होने वाले वृक्षारोपण के दृष्टिगत जमीन की जुताई व लेवलिंग कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए व भूमि तथा पौधों की सुरक्षा हेतु भूमि के चारों ओर कटीले तार-बाढ़ लगाए जाएं। इसके साथ ही पूर्व में उद्यान विभाग, नगर निगम द्वारा रोपित किये गए पौधों की स्थिति को भी देखा, पौधों की स्थिति को देख नगर आयुक्त द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई, साथ ही निर्देशित भी किया गया कि शुद्ध वातावरण हेतु पौधों की विशेष देखभाल की जाए। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक अभियंता जल सुशील कुमार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ददरौल में हुई १०१ जोड़ों की शादी, विधायक ने दिए उपहार

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** ददरौल विधानसभा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें १०१ जोड़े परिणय सूत्र में बंध है। मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने १०१ जोड़ो को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि उनके विधानसभा में १०१ जोड़ों का बड़ी धूमधाम से सामूहिक विवाह हो रहा है जिसके हम सभी लोग साक्षी बन रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्ग दर्शन में कन्याओं के विवाह के लिये जो वीड़ा उठाया उसमें हर जरूरतमंद परिवार जो कि धन के अभाव में शादी नहीं कर पाते थे। आज उनकी शादी १ लाख रुपए की धनराशि कर दी गई है जिसमें ६० हजार रूपये खाते मे तथा शेष पैसे का सामान आदि शादी की व्यवस्थाओं के लिये प्रावधान किया गया है। हमारी उत्तर प्रदेश की सरकार जब से बनी है तब से कन्या के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई तक भी व्यवस्था हमारी सरकार कर रही है। इसके साथ-साथ उनकी नौकरी तक व्यवस्था हमारी सरकार कर रही है। इस मौके पर उन्होंने कहा हमारी सरकार ने महिलाओं को आवास शौचालय गैस सिलण्डर के कनेक्शन तथा नि:शुल्क राशन की व्यवस्था कर रही है पूर्ववर्ती सरकारों में सिर्फ महिलाओं का उत्पीड़न होता रहा तथा किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जा रही थी। आज हमारी सरकार में महिलायें अपने पैरों पर खड़ी है। सामूहिक विवाह में महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार वर बधू के कपड़े चुनरी पैंट का कपड़ा शर्ट का कपड़ा चांदी की पायल चांदी की बिछिया डिनर सेट प्रेश कुकर कढ़ाई ट्रॉली बैग वॅनिटी किट दीवार घड़ी वाटर कूलर आयरन प्रेस डबलवैड चादर कम्बल गददा तकिया चूड़ी कंगन मिश्ठान ड्राईफ्रूटस पगड़ी का सामान दे रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ददरौल मुनेश्वर दयाल वर्मा, ब्लाक प्रमुख कांट श्री दत्त शुक्ला, ब्लाक प्रमुख मदनापुर महेश पाल सिंह, ब्लाक प्रमुख भावलखेड़ा राजाराम वर्मा, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द रस्तोगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, परियोजना निदेशक अवधेश राम, अमित सिंह खण्ड विकास अधिकारी ददरौल इन्द्र कुमार शुक्ला खण्ड विकास अधिकारी कांट मदनापुर हरजीत सिंह चौहान विधायक प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष मानू मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मानसिक बीमारियों का ईलाज संभव: डा. रोहिताश

## सीएचसी में मेगा मेंटल हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** सीएचसी तिलहर पर महा मेगा मेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन चिकित्साधीक्षक के द्वारा किया गया। इस कैंप का उद्घाटन एसीएमओ डॉ आशिफ और डॉ उमेंद्र द्वारा किया गया। मनोचिकित्सक डॉक्टर अभिनव रस्तोगी द्वारा २२ मरीजों को दवाई दी गई। जिला अस्पताल के मनोविश्लेषक डॉक्टर रोहतश सिंह, ईशा द्वारा १६ मानसिक दिव्यांग सर्टिफिक्रेट बनाएं गए और कुछ सर्टिफिक्रेट एसीएमओ और चिकित्साअधीक्षक के द्वारा मरीजों को दिलवाए गए। मनोविश्लेस्क डॉ रोहताश और मनोचिकित्सक डॉ अभिनव ने बताया कि मानसिक बिमारियों का ईलाज संभव है नंदिनी और मोहन स्वरूप साइकेट्रिक नर्स उपस्थित रहे मनोविश्लेषक डॉ रोहताश ईशा ने बताया कि मानसिक मंदता क्या है। मानसिक मंदता एक ऐसी समस्या है जो किसी के भी विकास को प्रभावित करती है। यह समस्या बच्चें के विकास वर्षों यानी ० से १८ साल के दौरान प्रकट होती है। इस समस्या से जूझ रहे बच्चे की सीखने की क्षमता और बुद्धिमत्ता अपनी उम्र के अन्य बच्चों के मुकाबलें बहुत कम होती है। अपनी इसी असक्षमता के चलते पीड़ित सामान्य रूप से कार्य करने में भी असमर्थ रहते हैं। यह समस्या जन्म से अथवा बचपन से ही पीड़ित में मौजूद रहती है। इस समस्या के कई कारण होते हैं और इसका असर बेहद कम से बहुत अधिक तक होता है। जो लोग मानसिक रूप से मंद होते हैं, उनको कई कार्यों में समस्याएं हो सकती है, जैसे - किसी के साथ बात करना, खुद की देखभाल करना,,दैनिक जीवन, सामाजिक कौशल,सामुदायिक संपर्क,खुद का संचालन करना,स्वास्थ्य और सुरक्षा,स्कूल संबंधित गतिविधियां,खाली समय की गतिविधियां अन्य काम करना आदि। एक बच्चे में मानसिक मंदता का परीक्षण मनोविज्ञानिक या बच्चों के डॉक्टर द्वारा किया जाता है। मानसिक मंदता का कोई इलाज नहीं है। मानसिक मंदता के रोगियों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है और मनौवैज्ञानिक डॉक्टर उन्हीं जरूरतों को पूरा करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि रोगी अधिक से अधिक सीख सके और अपने में मौजूद सक्षमताओं का पूर्ण सदुपयोग कर सकें। जिला अस्पताल और मैडिकल कॉलेज के मनोविश्लेषक डॉ रोहताश द्वारा अब तक ४५ सौ से अधिक मानसिक दिव्यांग सर्टिफिक्रेट बनाएं या चुके है।

### तहसीलदार जयप्रकाश बने एसडीएम, हुआ स्वागत

**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** तहसीलदार जयप्रकाश यादव को उपजिलाधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर नरेशचंद्र सक्सेना एडवोकेट अध्यक्ष एवं राजीव सिंह चौहान एडवोकेट महासचिव बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं के साथ गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। अरूण चौहान एडवोकेट राजस्व अधिवक्ता ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। राजीव सिंह चौहान महासचिव ने कहा तहसीलदार का कार्यकाल बहुत ही अच्छा एवं निर्विवाद रहा एवं अपने कार्यालय में बैठकर जनता व अधिवक्ताओं के लिए देर शाम तक बैठे रहते थे एवं अध्यक्ष ने नवीन दायित्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। शिवसरन सिंह चौहान, कैलाश कनौजिया, राहुल देव सागर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, संतोष यादव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### वीरांगना उदादेवी का मनाया का जन्म दिवस

**सिंधौली।** ग्राम पंचायत बड़ेला में शहीद दिवस पर वीरांगना उदादेवी पासी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहां पर मौजूद लोगों को सतीश कुमार पासी ने उनकी जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए वीरांगना की कहानी सुनाई। जन्मदिन मनाने वाले सतीश कुमार पासी, परविंदर कुमार, पूर्व प्रधान कमलेश चंद्र, पूर्व प्रधान अरविंद राजवंशी, राजकुमार रावत एडवोकेट, सुरेंद्र पासवान आदि मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया दिवस मनाया

**सिंधौली।** क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल में आज सोशल मीडिया दिवस मनाया गया। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी में बच्चों एवं शिक्षकों से कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया का क्रेज बच्चों से लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों में है। आज सोशल मीडिया एक बहुत बड़ा प्लेटफार्म बनता जा रहा है चाहे पढ़ाई का हो या मनोरंजन का सभी प्रकार की वस्तुएं सोशल साइट्स पर मौजूद हैं सोशल मीडिया के माध्यम से पटना के खान सर विकास दिव्यकीर्ति सर प्रेमानंद महाराज जी आचार्य प्रशांत सर ने पूरी दुनिया में एक अलग पहचान बनाई है। इस मौके पर अब्दुल रहमान खान कृष्णपाल गौतम शोएब खान आसना चौहान रीता चौहान निदा अंसारी महक वर्मा राजकुमार पाल रणवीर प्रजापति अनुपम शर्मा आदि शिक्षक स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

### दुर्घटना में किशोर गंभीर घायल

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** किशोर बाइक से जा रहा था रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव रहदेवा निवासी राकेश का १६ वर्षीय पुत्र सचिन घर से बाइक पर मदनापुर को जा रहा था। गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और बाइक चालक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों ने इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया ।वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### बरसात में कच्चा घर ढहा, काफी नुकसान

**बंडा( स्वतंत्र भारत )।** भारी बरसात के चलते युवक का कच्चा मकान ढह गया, जिसके चलते उसका काफी नुकसान हो गया। युवक ने राजस्व विभाग से न्याय की गुहार लगाई है। बंडा के गांव देवकली निवासी गुड्डू शुक्ला अपनी पत्नी कुसुमा और २२ वर्षीय पुत्र प्रियांशु के साथ टीन शेड डालकर रहता है उसके मकान के आगे कच्ची मिट्टी से मकान का आगे का हिस्सा बना हुआ था। भारी बरसात के चलते दोपहर करीब १२ बजे उसकी दीवारें भरभराकर ढहने लगीं जिस पर उसमें बंधी गाय और उसका बछड़ा भागकर बाहर चले गए जिस पर दोनों की जान बच गई। उसी के नीचे घर की रसोई थी जिसके नीचे उसकी पत्नी खाना बनाया करती थी। गनीमत यह रही कि सोमवार को उसकी पत्नी खाना बनाकर टीन शेड में पहुंच चुकी थी। दीवारें ढह जाने से उसमें पड़ा एक तख्त टूट गया। उसने राजस्व विभाग से न्याय की गुहार लगाई है।


# पंचायत चुनावों की सुगबुगाहट से लोगों में बढ़ी सक्रियता

## प्रधानों में ढूंढ़ी जाने लगीं कमियां, विकास के हर काम में दिखने लगे घोटाले

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** जिस प्रकार लोग किसी की शिकायत करने में बिल्कुल नहीं हिचते और झूठी शिकायत करके अपने प्रतिद्वंद्वी को क्षति पहुंचाने का प्रयास करते हैं वह दौर अब शुरू हो गया है। क्योंकि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट होने लगी है। परिसीमन के आदेश दे दिए गए हैं प्रत्येक जिले में पंचायतें घट और बढ़ भी सकती है। फिलहाल अपनी ग्राम पंचायत में पूर्व में हुए चुनाव में जो लोग दूसरे स्थान पर रहकर चुनाव हार गए थे वह पूरी तरह से चुनाव मैदान में उतरने के लिए बेकाबू हो चुके हैं। चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए कमर कस चुके हैं। पंचायत चुनाव के लिए प्रशासनिक तौर पर शनिवार कार्यक्रम आरंभ होते ही प्रधानों की झूठी शिकायतों का दौर शुरू हो गया है, कुछ लोग झूठी शिकायतों के बल पर प्रधान पद का चुनाव जीतना चाहते हैं, जब्कि ऐसा बिलकुल चलने वाला नहीं लोग काफी जागरुक हो चुके हैं, मौजूदा प्रधानों की जांच करवाना, प्रधानों द्वारा कराया गया काम गलत बताना, निधि के खाते से फर्जी तरीके से धनराशि निकालकर गबन कर लेना इत्यादि शिकायतों की बौछार शुरु हो गयी है। ऐसे माहौल में वर्तमान प्रधानों और ग्राम पंचायत एवं विकास अधिकारियों को बहुत ज्यादा पेन लेने अथवा घबराने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है। शिकायत सुनने वाले उच्च अधिकारी विवेक रखते हैं वह जानते हैं की चुनावी माहौल में अक्सर लोग एक दूसरे की झूठी शिकायतें करते हैं, अफवाहें फैलाते हैं ताकि वह मतदाताओं को गुमराह कर सकें। ठीक इसी प्रकार फेसबुक पर सक्रिये रहने वाले फेसबुकिए भी प्रधानी के चुनाव को सीजन के आम समझते हैं प्रधान और सचिव आम के पेड़ नजर आने लगते हैं, आम मिले अथवा न मिले लेकिन फेजबुकिए पत्थर चलाने से बाज नहीं आते। शिकायतों से परेशान कुछ ग्राम प्रधानों से बात की तो उनका कहना था बेशक लोग शिकायत करें खूब डटकर शिकायत करें लेकिन उच्च अधिकारियों को दोनों पक्षों की बात ध्यानपूर्वक सुनने के बाद गलती जिसकी निकले उसपर कार्रवाई किया जाना अनिवार्य कर दिया जाए। जैसे पीड़ित द्वारा ग्राम प्रधान की शिकायत की जाती है और प्रधान दोषी निकलता है तो उस पर कार्यवाही किया जाना निश्चित हो जाता है ठीक इसी प्रकार पीड़ित द्वारा की गयी शिकायत जांच में झूठी पाई जाती है तो शिकायतकर्ता पर भी कार्यवाही का प्राविधान रखा जाना अनिवार्य होना चाहिए। एक प्रधान जी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रारम्भिक जांच में यदि आवेदन कर्ता की बात को नजरअंदाज कर दिया और वह अपात्र होने की वजह से लिस्ट से बाहर हो गया तो वह तब तक शिकायत करता रहता है जब तक उसमें हिम्मत और हौसला बाकी रहता है। अंतत: २५ से ३० हजार रुपए लेने का भी आरोप मढ़ देता है, आवास पाने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है जो कर्मचारी को भरी भी पड़ सकता है ऐसी परिस्थितियों में ग्राम प्रधानों और सचिवों को अपनी नौकरी और पद बचाना भारी पड़ जाता है। इसके लिए भी प्रशासनिक तौर पर कोई ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे लोग झूठी शिकायत करने से परहेज करने लगें। शिकायतकर्ता का शपथ पत्र एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी शिकायती पत्र के साथ संलग्न हो ताकि वह अपने शब्दों से मुकर ना सके झूठे प्रार्थना पत्र की गुणदोष के आधार पर कार्यवाही उसपर भी होना चाहिए। शिकायतों के आधार पर ग्राम प्रधानों और सचिवों का मानसिक, आर्थिक दोहन भी कहीं ना कहीं किए जाने की बात प्रकाश में आई, चाहे वह उच्च अधिकारियों द्वारा हो या फेसबुकियों द्वारा हो। लेकिन सरकार की नौकरी करने वाला और जनता द्वारा ५ साल के लिए चुना जाने वाला अपने हाथ-पैर और कलम बचाने में ही समय काट देता है। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने उनका कहना था शिकायतों का दौर चलता रहता है इसे कोई रोक नहीं पाया लेकिन सच्चाई जांचकर्ता निकाल ही लेता है। कार्यवाही सदैव सच्चाई की ओर होती है झूठे मामलों पर गौर नहीं किया जाता और प्रार्थना पत्र रद्द कर दिया जाता है। कोई भी कितना प्रयास करें लेकिन झूठ के आधार पर किसी को क्षणिक परेशान तो किया जा सकता है लेकिन स्थाई रूप से नहीं।





## प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने निकाली साइकिल रैली



**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने एक साइकिल रैली का आयोजन किया जिसमें संस्था के सदस्य एवं उनके बच्चों ने सहभागिता की रैली का शुभारंभ संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉ रमेश मेहरोत्रा ने किया। साइकिल रैली सौजन्या चैक से नौरंगाबाद चैराहा, मिश्राना तिराहा, मेला मैदान चैराहा, संकटा देवी चैराहा, बड़ा चैराहा, हमदर्द दवाखाना, शाहपुरा कोठी चैराहा से होते हुए पी एम पी डब्ल्यू ए भवन पर समाप्त हुई। इस रैली में चिकित्सकों ने समाज को यह मैसेज भी दिया कि व्यायाम करने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है और बीमारियां दूर रहती है। पी एम पी डब्ल्यू ए भवन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बैडमिंटन डबल्स के विनर रहे डॉक्टर शोकरन वर्मा एवं डॉ अनिल वर्मा व रनर अप रहे डॉ एम आर खान एवं डॉ नित्य मेहरोत्रा। टेबल टेनिस के विनर रहे डॉक्टर आर के गुप्ता एवं रनर अप रहे डॉ मुदित मेहरोत्रा। महिलाओं के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बैलून शूटिंग मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। डॉक्टर डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ नित्य मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर एम आर खान, सचिव डॉ रोहित मिश्रा, कोषाध्यक्ष डॉ शरद कुमार सिन्हा, डॉ पवन गर्ग, डॉ अनिल वर्मा, डॉ देश दीपक जायसवाल, डॉ मुदित मेहरोत्रा, डॉ संजीव भल्ला, डॉ डी के पुष्कर, डॉ शोकरन वर्मा, डॉ आर के गुप्ता, डॉ रूपक टंडन, डॉ रोचक टंडन, डॉ अरविंद मिश्रा, डॉ पुनीत मिश्रा, डॉ एन के वर्मा, डॉ पवन वर्मा, आईएमए के अध्यक्ष डॉ अखिलेश खरे, सचिव डॉ मनोज शर्मा डॉ ए एस सलूजा एवं उनके परिवार वाले सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सावन मेले को लेकर डीएम ने की बैठक

स्वतंत्र भारत




**गोला गोकरननाथ-खीरी।** आगामी श्रावण मास में गोला गोकर्णनाथ में लगने वाले श्रावण मेले को लेकर मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने नीलकंठ मैदान में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला श्रिंकूश्, भाजपा नेता मोंटी गिरी, प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारियों और समाजसेवियों संग बैठक की। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से साझा रणनीति तैयार की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए सभी को श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं, उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। सावन मेले के पारंपरिक स्वरूप को देखते हुए हर विभाग को जरूरी जिम्मेदारियां दी गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्ग पर एंबुलेंस, औषधियां, कंट्रोल रूम, साफ-सफाई और सीसीटीवी निगरानी जैसे प्रबंध किए जा रहे हैं। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई गोला कॉरिडोर की नींव अब आकार ले रही है। उन्होंने संकेत दिया कि श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा जैसे आयोजन भी इस बार आकर्षण का केंद्र होंगे। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सभी के सेवा भाव से श्रावण मास अच्छे से गुजरता है। श्रद्धालुओं की सुविधा आपकी छोटी-सी मेहनत से बड़ी राहत बन सकती है।

अफसरों से आग्रह किया कि परंपरागत व्यवस्थाओं को नए दृष्टिकोण और समर्पण से और बेहतर बनाया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार सभी विभाग मिलकर पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगे और स्वयंसेवक की भावना से सहयोग देंगे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने श्रावण मेले के लिए पालिका की ओर से की जाने वाली व्यवस्थाओं को रेखांकित किया। मेले के दौरान सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का पूरा सहयोग मिलता है। वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरी ने श्रावण मास की मुख्य धार्मिक तिथियों और जलाभिषेक के विशेष दिवसों की जानकारी साझा की। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ रूट पर ट्रांसफार्मर व खुले तारों की जांच कर सुरक्षा प्रमाण पत्र लिया जाए। विद्युत लाइटिंग की भी सुरक्षा जांच कर रिपोर्ट सुनिश्चित की जाए। दुकानों पर रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाई जाए।

कंट्रोल रूम में अधिकारी सतर्क रहें। सीसीटीवी, खोया-पाया केंद्र, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, पार्किंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं। इससे पहले डीएम-एसपी ने पालिका अध्यक्ष, एडीएम, एएसपी व अन्य अफसरों संग गोला के कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रूट डायवर्जन, ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल, अस्थाई शिविरों, प्राथमिक चिकित्सा व एंटी स्नैक वेनम की व्यवस्थाएं देखीं और रुक-रुक कर अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, जिला अग्निशमन अधिकारी, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित सभी संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, उद्यमी एवं सभासद मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद की ओर से पॉलिथीन पर रोक के लिए एक नई पहल की गई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला श्रिंकूश् के साथ नगर में कैरी बैग वितरण योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने नगर के प्रबुद्ध नागरिकों को पुनः प्रयोग योग्य थैले वितरित किए और लोगों से पॉलिथीन के प्रयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए यह सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

## बांस ताली के पास खाईं में अनियंत्रित होकर कार पलटी, दो घायल

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी से ओयल मोतीपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार मंगलवार को बांस ताली -मोतीपुर मार्ग पर खाहीं के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। संयोग से उसी वक्त जिला अस्पताल में ड्यूटी खत्म कर अपने घर खीरी लौट रहे डॉक्टर सलमान बसरी मौके पर पहुंचे। मानवता का परिचय देते हुए उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और घायलों की मदद के लिए आगे आए। डॉ. सलमान ने न केवल मौके पर घायलों को प्राथमिक उपचार दिया, बल्कि अपनी ही कार से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खाहीं के पास मोड़ पर तेज रफ्तार के चलते चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क किनारे खाहीं में जा गिरी और पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवार लोग अंदर ही फंसे रह गए। डॉक्टर सलमान ने उन्हें बाहर निकालने में मदद की और तत्परता से अस्पताल ले जाकर उनके इलाज की व्यवस्था कराई।

जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, एक घायल की हालत गंभीर है जबकि दूसरा घायल खतरे से बाहर है। स्थानीय लोगों ने डॉक्टर सलमान की संवेदनशीलता और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने वाकई में एक फरिश्ते की भूमिका निभाई। यदि समय पर मदद नहीं मिलती, तो हादसे में जान भी जा सकती थी। यह घटना तेज रफ्तार के खतरे को तो उजागर करती ही है, साथ ही यह भी साबित करती है कि आज भी समाज में ऐसे लोग मौजूद हैं जो निस्वार्थ भाव से दूसरों की जान बचाने को तत्पर रहते हैं।

## पत्नी की आत्महत्या से आहत युवक ने फांसी लगाई

स्वतंत्र भारत



**सिंगाही (खीरी)।** इलाके के करदहिया गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां पत्नी की आत्महत्या से आहत युवक ने दो दिन बाद उसी कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक पर नाजायज दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था।

ग्राम पंचायत तकिया पुरवा के मजरा करदहिया निवासी प्रवीण (27) की पत्नी शिल्पी ने 29 जून को अपने घर के कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पत्नी की मौत के बाद से ही प्रवीण मानसिक रूप से बेहद व्यथित था। सोमवार रात को पूरा परिवार शोक में बरामदे में लेटा था। रात करीब 11 बजे प्रवीण की मां दयावंती की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि बेटा चारपाई से गायब है। आशंका होने पर उन्होंने पति रामसनेही को जगाया और पूरा परिवार प्रवीण की तलाश में जुट गया। तलाशी के दौरान जब परिवार उस कमरे में पहुंचा जहाँ शिल्पी ने आत्महत्या की थी, तो देखा कि प्रवीण का शव भी उसी कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ था। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई और मोहल्ले के लोग भी एकत्र हो गए। घटना की सूचना पर सिंगाही थाना प्रभारी अजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं, मृतक प्रवीण की मां दयावंती ने आरोप लगाया कि शिल्पी की मौत के बाद उसके परिजन समझौते के बदले छह बीघा जमीन और पैसे की मांग कर रहे थे। ऐसा न करने पर उन्हें जेल भेजने की धमकी दी जा रही थी। इसी तनाव के चलते प्रवीण ने आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी

## धूमधाम से मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिवस धूमधाम से लोहिया भवन में मनाया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने केक काटकर ईश्वर से उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर अस्पतालों में फल वितरण और गरीबों के लिए भंडारों का आयोजन किया। कई जगहों पर वृक्षारोपण भी किया गया। जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि 1 जुलाई 1973 को इटावा के सैफई गांव में जन्मे अखिलेश यादव मार्च 2012 के विधान सभा चुनाव में 224 विधान सभा सीटें जीतकर मात्र 38 वर्ष की आयु में ही वह प्रदेश के सबसे युवा मुख्यमंत्री बने। उन्होंने अपने कार्यकाल में यू.पी.100 पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस फ्री सेवा, महिलाओं के लिए महिला शक्ति लाइन 1090 की सुविधा दी, उनके कार्यकाल में लखनऊ में मेट्रो रेल सेवा शुरू हुई। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे बनवाया गया, पावर सेक्टर में करोड़ों रूपयो की लागत से विद्युत परियोजनाओं को शुरू कराया गया। समाजवादी किसान और सर्व हित बीमा योजना लागू की गई। प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा कि सभी कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करें और 2012 से 2017 तक समाजवादी पार्टी की सरकार रही उसे समय पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा जनहित कारी योजनाओं को जन-जन तक घर-घर पहुंचने का काम करें। उन्होंने कहा प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की बेलगाम नौकरशाही, ध्वस्त कानून व्यवस्था, महंगाई, बिजली कटौती, बिजली दरों को लेकर जनता में काफी रोष है और जनता अब भाजपा सरकार से ऊब चुकी है और इस सरकार से मुक्ति चाहती है। इस अवसर पर लोहिया भवन चैराहे के सामने जिला महासचिव अंसार महलूद मोहन बाजपेई, जेडए उस्मानी, अकाश गुप्ता, अशोक कश्यप, आरिफ खान, दीपक रस्तोगी ने मिष्ठान बांटकर खुशियां मनाई।




## चैनलाइजेशन ड्रेजिंग कार्य सफल, बाढ़ से राहत की ओर पलिया

- **22 करोड़ की परियोजना ने दिखाया असर, नदी का बहाव नियंत्रित**

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** लगातार पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते शारदा नदी एक बार फिर उफान पर है। बनबसा बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के बावजूद इस बार पलिया नगर को बाढ़ से राहत मिलती दिख रही है। बीते वर्ष आई भीषण बाढ़ से पलिया टापू में तब्दील हो गया था और रेलवे ट्रैक तक कटकर हवा में झूलने लगा था। इस त्रासदी को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से चैनलाइजेशन और ड्रेजिंग कार्य की स्वीकृति दी थी। हालांकि परियोजना के शुरुआती चरण में स्थानीय किसानों और नागरिकों ने इसकी प्रभावशीलता पर सवाल खड़े किए थे। लेकिन अब पहली भारी बारिश और बैराज से लगातार जल प्रवाह के बावजूद शारदा नदी की धारा नियंत्रित बनी हुई है। नदी का पानी इस बार पलिया की ओर नहीं बढ़ रहा, जिससे स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि करोड़ों रुपये की यह परियोजना अब कारगर साबित हो रही है। बाढ़ से हर साल होने वाले जन-धन के नुकसान से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। नदी का प्रवाह अब पूर्व निर्धारित चैनल के भीतर बना हुआ है, जिससे पलिया और आस-पास के गांवों में सुरक्षित माहौल बना है। परियोजना के तहत नदी तल की ड्रेजिंग और किनारों का सुदृढ़ीकरण किया गया है, जो इस सफलता का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस विकास कार्य की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया है। यदि इसी तरह परियोजना का रखरखाव और निगरानी की जाती रही, तो आने वाले वर्षों में पलिया को बाढ़ मुक्त बनाने का सपना साकार हो सकता है।

### सांड़ ने ली दरोगा की जान

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली की चैकी शंकरपुर राजा के चैकी इंचार्ज रमेश चन्द्र शुक्ला गत रात्रि होटल से खाना खाकर कोतवाली आ रहे थे कि रास्ते मे सी0ओ आवास के सामने सांड ने टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल सहित गिर पड़े एक राहगीर ने थाना पहुंचकर सूचना दी सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीतसिंह दलवल सहित घटनास्थल पहुंचकर एस0आई रमेश चन्द्र शुक्ला को गाड़ी में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेगये जहाँ चिकित्सको ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव का मनाया गया जन्मदिन

**खीरी टाउन खीरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष सहित कई जिला स्तरीय नेताओं ने लिया हिस्सा। इस दौरान सपा नेताओं ने कई जगह पर वृक्षारोपण भी किया।

कस्बा खीरी के मिलन गेस्ट हाउस में समाजवादी लोहिया वाहिनी नगर अध्यक्ष शारिब अंसारी और युवाजन सभा नगर अध्यक्ष जावेद निसार खान की तरफ से आयोजित श्बर्थडे पार्टीश् में सपा जिला अध्यक्ष रामपाल यादव ने कहा कि जिस तरह से आज सपा मुखिया सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं हर वर्ग को उनके साथ कांधे से कंधा मिलाकर साथ चलना चाहिए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व विधायक राम शरन, प्रदेश उपाध्यक्ष मिर्जा शेखू, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष यश मोहन पटेल, शाहनवाज खान, जिला प्रवक्ता एड जाहिद अली खान, सपा नगर अध्यक्ष शोहराब गौरी, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष जीशान वाहिदी, पिछड़ा वर्ग नगर अध्यक्ष सईद कुरैशी, डॉ इदरीस, जावेद रजा कादरी, हाफिज जावेद अख्तर, मुराद रजा, सकलैन रजा, शोएब खान, नासिर खान, असद, शाहनवाज रजा, एजाज खान, शाकिर अली अल्लू, उस्मान सरकार, मो0 आफताब, मो0 आसिफ, मजहर हुसैन, हसनैन रजा, मेराज हुसैन, मो0 कैफ, मो0 अख्तर रजा, फौजान रजा, फुरकान, तौकीर, आसिफ सहित सपा के स्थानीय संगठन एवं नेता मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन बना भ्रष्टाचार का मिशन

## करोड़ों खर्च के बाद भी सूखा पड़ा दरेरी गांव

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** जल जीवन मिशन के नाम पर गांवों में पेयजल पहुंचाने की योजना सरकारी फाइलों और बोर्डों पर जरूर चमक रही है, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। रमिया बेहड़ ब्लॉक के गांव दरेरी में 2021-22 में लाखों रुपये खर्च कर रेट्रो फिटिंग का कार्य कराया गया, लेकिन आज तक एक बूंद पानी ग्रामीणों के नल तक नहीं पहुंचा। गांव के भीतर ओवरहेड टैंक तो बना दिया गया, पाइपलाइन भी बिछा दी गई, लेकिन न पानी है, न रखरखाव। टंकी के परिसर में झाड़ियां उग आई हैं, और पाइपलाइनों में जंग। ग्रामीण आज भी हैंडपंप, कुओं और निजी संसाधनों पर निर्भर हैं।

गांव में घर-घर कनेक्शन किए गए लेकिन ये सिर्फ दिखावे के नल बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कभी कोई सुनवाई नहीं हुई। काम करने वाली एजेंसी और जल निगम के अधिकारी कोई जवाब नहीं देते। दरेरी ही नहीं, फूल बेहड़, रमिया बेहड़, निघासन ब्लॉक के कई गांवों में भी हालात ऐसे ही हैं। शासन की रिपोर्ट में कार्य 'पूरा' दिखाया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत शून्य है।



ग्रामीणों ने बताया कि काम अधूरा छोड़ दिया गया, निगरानी व्यवस्था बिल्कुल नहीं है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने जल जीवन मिशन को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है इस योजना में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है अधिकारी और ठेकेदारों की मिली भगत से जमकर सरकारी धन की लूट हुई है जनता प्यास से तड़प रही है और जिम्मेदार मौन है इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। लाखों-करोड़ों की लागत से बनाई गई जल आपूर्ति व्यवस्था शुरू होने से पहले ही जर्जर हो चुकी है। सवाल यह है कि किसने काम की गुणवत्ता जांची, टंकी और पाइपलाइन चालू क्यों नहीं हुई, किस स्तर पर जवाबदेही तय होगी।

स्थानीय लोगों की मांग है कि ओवरहेड टैंक की मरम्मत कर उसे चालू किया जाए, और घरों तक नियमित पानी की सप्लाई शुरू हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे।

## खबर एक नजर

### पार्टी के विस्तार व किसानों की समस्याओं को लेकर की गयी बैठक

**जंगबहादुरगंज-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ग्राम पतवन में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) की एक बैठक की गयी। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर दिलीप सिंह व जिला अध्यक्ष रामचंद्र पाण्डेय ने पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा की गयी व किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी समस्याओं के निदान के लिए रणनीति तैयार की गई इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर दिलीप सिंह, जिला अध्यक्ष रामचंद्र पाण्डेय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह, अर्चित यादव ब अन्य कार्यकर्ता व किसान, ग्राम वासी मौजूद रहे।



### पं0 सियाराम मिश्रा नगर की अमूल्य धरोहर है-विजय शुक्ला रिंकू

**गोला गोकरननाथ-खीरी।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद गोला में पं0 सियाराम मिश्रा की जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा पं0 सियाराम मिश्रा नगर के ख्याति प्राप्त कवि थे। विशिष्ट अतिथि शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने पं0सियाराम मिश्रा की ख्याति से नगर अभिभूत हो गया है। विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र गिरि मोंटी ने कहा पं0 सियाराम मिश्रा सादगी पसंद व्यक्ति थे। कार्यक्रम का संयोजन साहित्यकार मधुकर सैलाई ने किया। पं0 सियाराम मिश्रा के पुत्र राजन मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारी नेता गोपाल शुक्ला, भाजपा विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र शुक्ला, सभासद नानक चन्द्र वर्मा, पूर्व सभासद द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, पियूष मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, प्रमोद दीक्षित, सचिन सिंह, शिवम गुप्ता, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



### संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान का शुभारंभ

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान का शुभारंभ आज चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली डॉक्टर देवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया इसके अंतर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी को संचारी रोगों से बचाव हेतु शपथ दिलाई गई एवं रैली का आयोजन किया गया इस अवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में कार्यरतअधिकारी कर्मचारीसमस्त एएनएम अन्य लोग मौजूद रहे।

### गहरे गड्ढे में गिरकर 11 वर्षीय किशोर की मौत



**संसारपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ब्लाक क्षेत्र बांकेगंज की ग्राम पंचायत डाटपुर के मजरा मछोहा में 11 वर्षीय किशोर की गहरे पानी में डूबने से हुई मौत, मौके पर पहुंची संसारपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। ग्राम पंचायत डाटपुर के मजरा मछोहा निवासी छैल बिहारी का 11 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार अपने पांच छह दोस्तों के साथ टहलने निकला था, गांव के दक्षिण दिशा में खड़ंजे के किनारे बच्चे का पैर फिसल गया जिससे अंकुश कुमार गहरे पानी में डूब गया, परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने बच्चे को पानी में खोजना शुरू किया और बच्चे को पानी से निकाल कर संसारपुर के एक निजी अस्पताल में लेकर आये जहां डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे के पिता ने संसारपुर चैकी पुलिस को तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की, मौके पर संसारपुर चैकी प्रभारी मोहित पुंडीर मय फोर्स पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, मृतक बच्चे के परिजनों ने बताया कि कुछ महीने पहले मार्ग पर खडंजा लगाने हेतु खड़ंजे के किनारे से मिट्टी निकाली गई थी जिससे किनारे पर गहरी खाई हो गई उसी में डूब कर बच्चे की मौत हो गई। मृतक अंकुश कुमार की दो बहन व एक छोटा भाई है मृतक बच्चे का परिवार बेहद गरीब है, मृतक के पिता मजदूरी करते हैं, उन्होंने अप्रैल माह में ही मृतक अंकुश कुमार का संसारपुर कस्बे के सोबरन इंटर कॉलेज में कक्षा छह में नामांकन कराया था, बच्चे की मौत से उसके माता-पिता व भाई बहनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई

**मैलानी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** मैलानी नगर में स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक पुनीत श्रीवास्तव का 01 जुलाई 2025 को गोरखपुर स्थानांतरण हुआ। स्थानांतरण के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदम्बा प्रसाद, अध्यापक अध्यापिकाओं तथा अन्य कर्मचारीगणों ने विदाई दी। प्रधानाध्यापक ने अंग वस्त्र प्रदान किया। प्रधानाध्यापक जगदम्बा प्रसाद ने बताया कि इनकी कार्यकुशलता के कारण इनका आजीवन हृदय में स्थान बना रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने स्नेह एवं सम्मान पूर्वक इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित विदाई दी।

### वृक्षारोपण कर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के यूथ फ्रंटल विधानसभा मोहम्मदी के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क महमदपुर कला व गजराज सिंह इंटर कॉलेज शंकरपुर छावनी में वृक्षारोपण कर अखिलेश यादव के जन्मदिन को मनाया। इस मौके पर आसिब मंसूरी, राजेश यादव, अवनीश यादव, अनुभव यादव, ईशान अली, उमैर खान, मुकीम खान रोहित राज, संदीप राज, अमित कुमार, गुलफक खान, निजाकत मंसूरी, रहमान सिद्दीकी, उस्मान सिद्दीकी, अरशद शाह कपिल सिंह राजा सहित और भी लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मनरेगा की जरूरत

देश के कई हिस्सों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी आज भी बड़ी समस्या है। अकुशल श्रमिक और महिलाएं इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। जनसंख्या के इस बड़े हिस्से को काम देने के उद्देश्य से ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना करीब डेढ़ दशक पहले लाई गई थी तथा तमाम आर्थिक और राजनीतिक झटकों के बावजूद इसकी उपयोगिता यथावत है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए यह आज भी उम्मीद की किरण है जिसमें साल में सौ दिन रोजगार निश्चित रूप से मिलता है। कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा पश्चिम बंगाल में इसे फिर शुरू करने के आदेश के बाद से यह फिर चर्चा में आ गई है क्योंकि केंद्र सरकार ने अनियमितताओं को लेकर 2022 में इसे निलंबित कर दिया था। इसके अलावा लाभ को देखते हुए इसके तहत काम के दिन बढ़ाने की मांग भी अक्सर उठती रहती है। संसद की स्थायी समिति भी मनरेगा में काम के दिन बढ़ाकर पांच महीने यानी डेढ़ सौ दिन करने का सुझाव दे चुकी है। दैनिक मजदूरी भी न्यूनतम चार सौ रुपए करने को भी कहा है। ये तथ्य मनरेगा की बढ़ती उपयोगिता और आवश्यकता को नए सिरे से रेखांकित करते हैं। हालांकि देश के कई भागों में वित्तीय अनियमितता मजदूरी देर से मिलने और श्रमिकों का इसके प्रति रुझान घटने की भी शिकायतें आती रहती हैं लेकिन इनसे इसका महत्व कम नहीं होता। करीब तीन साल पहले ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय की स्थायी समिति ने इस योजना के विभिन्न पक्षों की जांच करते हुए कई सुझाव भी दिए थे। इसलिए यह माना ही जाना चाहिए कि मनरेगा में नीतिगत सुधारों की जरूरत है जिन्हें लागू करने के लिए अगर स्वतंत्र और पारदर्शी पर्यवेक्षण हो तो बेहतर परिणामों के साथ और उपयोगी बनाया जा सकता है। योजना की सार्थकता स्वतःसिद्ध है जिससे इंकार नहीं किया जा सकता। बस आवश्यकता इस बात की है कि इसे लेकर पूर्वाग्रहों से उबरा जाए जिसके लिए कार्यान्वयन के बिंदुओं को दुरुस्त करने तथा योजना के लिए आवंटित धनराशि को घटाने की जगह उसमें वृद्धि करके इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाने के उपाय भी किए जाएं। यानी केंद्र सरकार और संबंधित मंत्रालय को इसके गंभीर प्रयास करने होंगे।

## उपयोगी उपलब्धि

किसी भी देश के विकास के पैमाने के दृष्टिकोण से सामाजिक सुरक्षा यानी सोशल सिक्योरिटी का पक्ष काफी महत्व रखता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि सामाजिक सुरक्षा योजना के दायरे में देश की 64.3 फीसदी आबादी का आना निश्चित ही एक बड़ी उपलब्धि है। आइएलओ (अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन) ने भारत की इस उपलब्धि को सराहा है, जिसका जिक्र पीएम ने 'मन की बात' में किया है। सामाजिक सुरक्षा योजना के दायरे में वृद्धावस्था, बीमारी, बेरोजगारी, विकलांगता, मातृत्व और काम के दौरान स्वास्थ्य सेवा और आय सुरक्षा की योजनाएं आती हैं। आइएलओ ने भारत में केंद्र और राज्य सरकार की 32 योजनाओं के आंकड़े शामिल किये थे, जिनमें 24 पेंशन से जुड़ी योजनाएं थीं। इन योजनाओं में अटल पेंशन योजना, किसान सम्मान निधि, मनरेगा, जननी सुरक्षा योजना, पीएम पोषण जैसी योजनाएं शामिल थीं। भारत की इस उपलब्धि पर आइएलओ ने कहा है कि एक दशक में सामाजिक सुरक्षा के दायरे में वृद्धि की दर 45 फीसदी रही। एक दशक पहले तक देश की 19 फीसदी जनसंख्या ही सामाजिक सुरक्षा योजना के दायरे में थी। आइएलओ के अनुसार, भारत में हर तीन में से दो लोग सामाजिक सुरक्षा योजना के दायरे में हैं। देश के 95 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ मिलने का अर्थ यह है कि इनमें से ज्यादातर लोग कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना के दायरे में तो हैं ही, लाभार्थियों की संख्या के लिहाज से भारत अब दुनिया में दूसरे स्थान पर है। हालांकि श्रम और रोजगार मंत्रालय के मुताबिक, आइएलओ का यह आंकड़ा केवल पहले चरण के बारे में बताता है। इस चरण में चयनित आठ राज्यों में केंद्रीय और महिला केंद्रित योजनाओं के लाभार्थी आंकड़ों पर ध्यान दिया गया है। जबकि दूसरे चरण के आंकड़े सामने आने पर सामाजिक सुरक्षा योजना का दायरा सौ करोड़ के आंकड़े को पार कर जायेगा। बहुआयामी गरीबी में उल्लेखनीय कमी आने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में भी बताती है।

## काँव-काँव

◆◆◆

**चीन सीमांकन पर चर्चा को तैयार**
चेहरा उजला रखने की कोशिश तो नहीं?

**अकेलापन दुनिया में हर घंटे 100 जानें ले रहा**
मोबाइल और सोशल मीडिया भी काम नहीं आ रहे!

**यूपी में राहत बनकर बरसे बादल**
जल्दी ही आफत भी बन जाएंगे!


**विवाद के बाद टी राजा का भाजपा से इस्तीफा**
फायरब्रांड बनने का चस्का ऐसे ही किनारे कर देता है!

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोलकाता गैंगरेप केस, सीबीआई जांच की मांग**
आरजी कर का रेप केस याद है किसी को!

**सिक्योरिटी गार्ड की हत्या का आरोपित कोर्ट में सरेंडर की फिराक में**
कम से कम एनकाउंटर से तो बचा रहेगा!

◆◆◆

# सुरक्षित बने हवाई यात्रा




**- प्रभु चावला**

12 जून को 230 सवारियों वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 ने अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरी. तीस सेकंड बाद बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिर पड़ा. उस हादसे को रोका जा सकता था. दुर्घटना ने उस विमान की बदहाली की पोल तो खोली ही, विमानन क्षेत्र से जुड़े पूरे तंत्र में व्याप्त सड़ांध को भी उजागर कर दिया. किसी भी लोकतंत्र में ऐसे हादसे जागने का अवसर होते हैं. लेकिन भारत में ऐसा नहीं है. इसके बजाय मृतकों के शोकाकुल परिजन शवों की तसवीरों और अनुत्तरित प्रश्नों के साथ एक से दूसरे मुर्दाघर में दौड़ रहे थे. संकट के समय मदद करने के लिए कोई टीम नहीं थी. शायद ही केंद्रीय स्तर की कोई हेल्पलाइन थी, जबकि उसका होना अनिवार्य था. एयरलाइंस द्वारा हत्या करके बच निकलने का मुख्य कारण यह है कि उनकी जिम्मेदारी तय करने के लिए कोई विनियामक नहीं है. सच तो यह है कि वह कोई हादसा नहीं था. यह दैनंदिन अक्षमता के वेश में सुनियोजित लापरवाही थी. भारत का विमानन क्षेत्र ऊंची उड़ान नहीं भर रहा, यह विनियंत्रण के स्तर पर डरे होने, कॉरपोरेट लालच और राजनीतिक उदासीनता का मिला-जुला रूप है. नतीजतन रनवे पर, हवा में और जिम्मेदार लोगों के हाथों में-सर्वत्र खून है. दो कंपनियों के नियंत्रण वाला विमानन क्षेत्र सिर्फ एयरलाइंस का संचालन नहीं कर रहा, लोगों के मुताबिक, 35,000 फीट की ऊंचाई पर यह उगाही का तंत्र चलाता है. इन दो प्रमुख एयरलाइन समूहों का भारतीय आकाश के 88.5 फीसदी हिस्से पर कब्जा है. विमानों के किराये का नमूना देखिये : दिल्ली-चंडीगढ़ के बीच 50 मिनट की उड़ान के 8,500 रुपये, चेन्नई से कोयंबटूर के लिए 10,200 रुपये. पिछले साल इंडिगो ने 11.8 करोड़ मुसाफिरों को गंतव्य तक पहुंचाया और 7,258 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया. एयर इंडिया हिसाब-किताब के मामले में शालीनता दिखाती है, लेकिन एक बार में 470 विमानों के ऑर्डर देने का फैसला उसकी ताकत के बारे में बताता है. गो फर्स्ट के खत्म हो जाने और स्पाइसजेट की हिस्सेदारी घटकर चार फीसदी रह जाने के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है-सिर्फ कार्टेल पूंजीवाद है. और विनियामक? जरा रुकिए, भारत में कोई विनियामक नहीं है. यहां डीजीसीए यानी नागर विमानन महानिदेशालय है. नागर विमानन के लिए डीजीसीए का होना वैसा ही है, जैसे चाकू की जगह टूथपिक हो. भारत का तथाकथित विमानन विनियामक फंड और संसाधन की कमी के साथ राजनीतिक अंकुश से जूझ रहा है. इसमें 53 फीसदी पद खाली हैं, जबकि संसाधनों में 91 फीसदी कटौती की गयी है. नींद से जागकर 24 जून को उसने जो जांच रिपोर्ट जारी की, वह डरावने उपन्यास की तरह लगता था. उसने रिपोर्ट में व्यवहार के अयोग्य बैगेज ट्रॉली, गलत ढंग से रखे लाइफ वेस्ट्स, रखरखाव के प्रोटोकॉल की अनदेखी, लगातार होने वाली तकनीकी चूक आदि का जिक्र किया है. डीजीसीए ने इन कमियों पर क्या रुख दिखाया? उसने एक प्रेस रिलीज जारी की, अपनी पीठ थपथपायी, फिर लंबी नींद में सो गया. भारत बड़े विमानन बाजार वाला इकलौता देश है, जिसके पास वैधानिक रूप से और स्वतंत्र विनियामक नहीं है. ब्रिटेन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और पड़ोसी नेपाल तक में ऐसे स्वतंत्र निकाय हैं, जिन्हें विमानों पर उड़ान प्रतिबंध लगाने, जुर्माना लगाने, यात्री अधिकारों को लागू करने, यहां तक कि अधिकारियों को जेल में डालने के लिए भी मंत्रियों से अनुमति लेने की जरूरत नहीं पड़ती. अमेरिका के संघीय विमानन प्राधिकरण (एफएए) में 45,000 कर्मचारी हैं और उसका 20 अरब डॉलर का सालाना बजट है. भारत में डीजीसीए समय पर हादसे की रिपोर्ट जारी कर दे, तो यही बहुत है. दूसरे देशों में विमान दुर्घटनाओं के बाद सुधार लागू होते हैं. वर्ष 2008 के स्पेनएयर हादसे के बाद यूरोपीय संघ ने सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया. वर्ष 2018-19 में 737 मैक्स हादसे के बाद एफएए ने बोइंग जेट्स पर 20 महीने का उड़ान प्रतिबंध लगाने के साथ बदलाव भी किये. वर्ष 2023 में विमान के इंजनों का मुद्दा सामने आने के बाद ऑस्ट्रेलिया का सीएएसए हरकत में आया. जापान में इसी साल टोक्यो के रनवे में हुई टक्कर के तुरंत बाद जेटीएसबी सक्रिय हो गया. अपने यहां अहमदाबाद विमान हादसे के दो सप्ताह बाद तक डीजीसीए चुप रहा. भारतीय विमानन क्षेत्र में सिर्फ फेयर मीटर ही तेज दौड़ता है. हां, हमारे यहां एयरपोर्ट क्वालिटी के लिए विनियामक है, क्योंकि रनवे के टाइल्स यात्रियों के जीवन से ज्यादा महत्व रखते हैं. विगत मार्च में कोलकाता से दिल्ली जा रही इंडिगो की एक उड़ान को खराब मौसम के कारण जब जयपुर में उतारा गया, तो एक यात्री प्रिया शर्मा अपने पिता के अंतिम संस्कार में उपस्थित नहीं हो सकी. बेंगलुरु से हैदराबाद जा रही उड़ान में जब एक महिला बेहोश हो गयी, तो क्रू ने उसकी अनदेखी की, तब महिला की बेटी को रोते हुए बताना पड़ा कि यह मेरी मां हैं. पिछले महीने गुवाहाटी से चेन्नई जा रहे इंडिगो के एक विमान के पायलट ने ईंधन भरने के लिए मे डे कॉल किया. दिल्ली से श्रीनगर जा रहा एक विमान ओलावृष्टि से जर्जर हो गया. अहमदाबाद हवाई अड्डे पर एक साल में बर्ड हिट के 462 मामले पाये गये. अहमदाबाद हादसे के बाद भारत को बड़ा कदम उठाने की जरूरत है. इसे सुधार के लिए जुबानी वादे की जरूरत नहीं है. न ही किसी कमेटी या 700 पेज की रिपोर्ट की जरूरत है. इसे मौजूदा व्यवस्था को खत्म कर नयी व्यवस्था शुरू करनी होगी. देश को एक स्वतंत्र नागर विमानन विनियामक प्राधिकरण की जरूरत है, जो पूरी तरह वैधानिक हो, जिसके पास अधिकार हो और जिस पर राजनीतिक दखल न हो. इस प्राधिकरण को विदेशी विशेषज्ञ नियुक्त करने दें. इसके पास बड़ा बजट हो. किराये के मामले में पारदर्शिता होनी चाहिए. उड़ानों और यात्रियों के रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ करने वाले सीइओ को जेल क्यों नहीं भेजा जाता? यात्रियों के साथ मानवीय सलूक होना चाहिए और संकट के समय किराया घटाया जाना चाहिए. हर हादसे, डायवर्जन या इमर्जेंसी लैंडिंग के ऑडिट का कानून बनाया जाना चाहिए. बीमा राशि सालों बाद नहीं, कुछ हफ्ते बाद मिल जानी चाहिए. उड़ान के दौरान जहरीले खान-पान और उद्दंड क्रू मेंबर्स पर प्रतिबंध लगना चाहिए. हर विमान हादसे के पीछे खराब मौसम या तकनीकी गलती को कारण बताया जाता है, लेकिन कभी उस व्यवस्थागत सड़ांध का जिक्र नहीं होता, जो विमान हादसों के लिए जिम्मेदार होते हैं।



## प्रेमचंद की कहानियां



### ठाकुर का कुआं

रात के नौ बजे थे। थके-मांदे मजदूर तो सो चुके थे, ठाकुर के दरवाजे पर दस-पांच बेफिक्रे जमा थे। मैदानी बहादुरी का न तो अब जमाना रहा है, न मौका। कानूनी बहादुरी की बातें हो रही थीं; कितनी होशियारी से ठाकुर ने थानेदार को एक खास मुकद्दमे में रिश्वत दे दी और साफ निकल गये। कितनी अक्लमन्दी से एक मार्के के मुकद्दमे की नकल ले आये। नाजिर और मोहतमिम, सभी क थे, नकल नहीं मिल सकती। कोई पचास मांगताः कोई सौ। यहां बेपैसे को नकल उड़ा दी। काम करने का ढंग चाहिए। इसी समय गंगी कुएं से पानी लेने पहुंची।

कुप्पी की धंधली रोशनी कुएं पर आ रही थी। गंगी जगत की आड़ में मौके का इन्तजार करने लगी। इस कुएं का पानी सारा गांव पीता है। किसी के लिए रोक नहीं; सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते।

गंगी का विद्रोही दिल रिवाजी पाबन्दियों और मजबूरियों पर चोटें क लगा-हम क्यों नीच हैं और यह लोग क्यों ऊंच हैं? इसलिए कि ये लोग गते में तागा डाल लेते हैं?' यहां तो जितने हैं, एक-से-एक घंटे हैं? चोरी ये हो जाल-फरेब ये करें, झूठे मुकद्दमे ये करें। अभी इस ठाकुर ने तो उस दिन गड़रिये की एक भेड़ चुरा ली थी और बाद में मारकर खा गया। इन्हों पण्ड़ा जी के घर में तो बारहों मास जुआ होता है। यही साहूजी तो घी में तेल मिलाह बेचते हैं। काम करा लेते हैं, मजूरी देते नानी मरती है। किस बात में हैं हमसे ऊंचे हां, मुंह में हमसे ऊंचे हैं। हम गली-गली चिल्लाते नहीं कि हम ऊंचे हैं, हम ऊंचे कभी गांव में आ जाती हूं, तो रसभरी आंखों से देखने लगते हैं। जैसे सबको छातं पर सांप लोटने लगता है, परन्तु घमण्ड यह कि हम ऊंचे हैं! कुएं पर किसी के आने की आहट हुई। गंगी की छाती धक् धक् कर्म लगी। कहीं देख ले, तो गजब हो जाय! एक लात भी तो नीचे न पड़े। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**हतं ज्ञानं क्रियाहीनं हतपश्चाज्ञानतो नरः**
**हतं निर्नायकं सैन्यं स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः**


जिस प्रकार सेनापति के बिना सेना व्यर्थ होती है तथा पुरुष के बिना स्त्री का जीवन व्यर्थ होता है, उसी प्रकार आचरण के बिना ज्ञान व्यर्थ होता है। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि अज्ञानी व्यक्ति का जीवन व्यर्थ होता है।

◆◆◆

# सही तरीके से योग करने पर मिलेगा पूरा लाभ

**डॉ. ईश्वर वी बासवारेड्डी**

योग एक विज्ञान और जीवन जीने का तरीका है, जिसका उद्देश्य स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निर्माण करना है. वास्तव में, योग एक अनुशासन है, जो मानव शरीर और मन का मिलन कर मनुष्य को उसकी अनंत क्षमताओं की प्राप्ति की ओर ले जाता है. यह मानव चेतना को उसके मन और अहंकार की सीमाओं से परे ले जाकर सर्वव्यापी सर्वोच्च चेतना के साथ विलीन करने का एक महत्वपूर्ण साधन है. योग का नियमित अभ्यास शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और बौद्धिक स्वास्थ्य में सुधार करता है. योग के इसी महत्व को देखते हुए हर वर्ष 21 जून को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है. बीते कुछ वर्षों से देश-विदेश में योग को लेकर जागरूकता बढ़ी है. पर यह भी सच है कि आज अधिकांश लोगों को योग का वास्तविक अर्थ पता नहीं है. स्वास्थ्य और कल्याण की दृष्टि से देखें, तो योग के लिए पांच चीजें आवश्यक हैं. आहार, शुद्धिकरण, आसन, प्राणायाम और ध्यान. इसमें सबसे पहली चीज आहार है. आज जो कुछ भी हम खाते-पीते हैं, वे सब मिलावटी व प्रदूषित हैं. इसका दुष्प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है. इसलिए हमें अपने आहार पर ध्यान देना और समय-समय पर अपने शरीर का शुद्धिकरण जरूरी है, ताकि हमारा शरीर विषाक्तता से मुक्त हो सके. हम जो कुछ भी खाएं वह शुद्ध, स्वच्छ, संतुलित व पौष्टिकता से भरपूर होना चाहिए. योग में शुद्धिकरण की क्रियाएं होती हैं- शारीरिक रूप से, मानसिक रूप से और भावनात्मक रूप से. इन तीनों स्तरों पर हमें समय-समय पर शुद्धिकरण की जरूरत होती है. शुद्धिकरण के बाद हमें एनर्जी की जरूरत होती है, जो शारीरिक गतिविधियों के जरिये मिलती है. इसके लिए कुछ लोग टहलते हैं, कुछ दौड़ते हैं, कुछ घर का काम करते हैं. पर इन सबसे शरीर के हर अंगों का व्यायाम नहीं होता है, उसकी स्ट्रेचिंग नहीं होती है, उसे एनर्जी नहीं मिलती है. इसके लिए सही तरीके से योग आसनों को करने की जरूरत होती है. योग आसनों के जरिये आपने ऊर्जा तो एकत्र कर ली, पर यदि आपको यही नहीं पता है कि इस ऊर्जा का उपयोग किस तरह करेंगे, तो ऊर्जा व्यर्थ हो जायेगी. हमारे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह प्राण, यानी सांस के जरिये होता है. इसी से हमारा सारा ऑटोनोमस फंक्शन बैलेंस होता है. जब हमारे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह होगा, तभी हम चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे. तो इसके लिए नियमित प्राणायाम जरूरी है. आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी होने के कारण हमारा स्ट्रेस लेवल भी बहुत बढ़ा रहता है, जिससे हमें अच्छी तरह नींद नहीं आती है. हमारे हर रोज स्ट्रेस लेने के कारण कॉर्टिसोल हार्मोन की मात्रा बढ़ जाती है. कॉर्टिसोल को संतुलित करने के लिए एचपीए एक्सिस (हाइपोथैलेमस-पीट्यूटरी व एड्रीनल ग्लैंड का एक्सिस) को संतुलित करने की जरूरत पड़ती है. एचपीए एक्सिस के संतुलित रहने पर आप एकदम फिट रहते हैं, आपको जरा सा भी स्ट्रेस नहीं होता है. तो स्ट्रेस को दूर करने के लिए हमे नियमित प्राणायाम व रिलैक्सेशन तकनीक का सहारा लेना चाहिए. अब बात आती है हमारे स्पाइन व ब्रेन को हेल्दी बनाये रखने की. इसके लिए ध्यान सर्वश्रेष्ठ विधि है. ध्यान करने से भी आपका आटोनॉमस फंक्शन बैलेंस होता है. इससे आप तनाव रहित व शांत बने रहते हैं. यहां यह प्रश्न उठना भी स्वाभाविक है कि हम यह सब कुछ हर रोज कर रहे हैं, फिर भी हमें इसका सकारात्मक परिणाम क्यों नहीं मिल रहा है? तो इसका उत्तर यही है कि हम उपरोक्त चीजों को सही तरीके से नहीं कर रहे हैं. हम स्वस्थ व स्वच्छ आहार नहीं लेते हैं, तेल-मसाला युक्त खाना, जंक फूड का अधिक सेवन करते हैं. अपने शरीर का शुद्धिकरण नहीं करते हैं. योग को व्यायाम की तरह करते हैं. प्राणायाम की जगह केवल ब्रीदिंग करते हैं. एक और जरूरी बात, भले ही आप रोजाना 15 से 20 मिनट योग करते हों, पर उसका कोई परिणाम नहीं निकलेगा. आप 28 दिन के चक्र में कम से कम 18 दिन तक लगातार हर रोज 40 से 45 मिनट योग करेंगे, तभी आपको उसका लाभ मिलेगा. इसी तरह, प्राणायाम का अभ्यास 15 से 20 चक्र सही ढंग से करने से ही उसका प्रभाव पड़ता है. प्राणायाम सही ढंग से करने से मन धारणा के योग्य बनता है. देखिए, आहार और डिटॉक्स हमारे हाथ में है. लेकिन हमारी कुछ आदतें ऐसी होती हैं, जिन्हें हम चाहकर भी नहीं बदल पाते, पर ध्यान से वैसी आदतें भी बदली जा सकती जिन्हें आप अपना मूलभूत स्वभाव कहते हैं. इसके लिए ध्यान की सही तकनीक का पता होना चाहिए. ध्यान में आप यम, नियम के जरिये कदम-दर-कदम बहिरंग से अंतरंग में जाकर जब अंतरात्मा तक पहुंचेंगे, तब जाकर आपकी यात्रा आरंभ होगी. और इसके बाद आपके मस्तिष्क में जो परिवर्तन होगा, उससे बाद ही आपकी आदत में, जीन एक्सप्रेशन में बदलाव आयेगा, जीन मॉडिफिकेशन होगा. व्यवहार में बदलाव आने के बाद जब आप 12 से 14 सप्ताह तक नियमित ध्यान करेंगे, उसके बाद आप अपनी जीवनशैली में बदलाव करने योग्य बन जायेंगे।



## प्रेरक प्रसंग

### नेपोलियन की सूझबूझ

फ्रांस में अतिवृष्टि के कारण एक नदी में बाढ़ आ गई। शाम का समय था। एक किशोर नदी के किनारे-किनारे चलता हुआ अपने गांव की ओर जा रहा था। एकाएक उसकी दृष्टि नदी पर बने बांध की ओर गई। उसने देखा कि बांध में मामूली-सा छेद होने से पानी रिस रहा था। वह सोचने लगा, यदि इसी तरह पानी बहता रहा तो कुछ समय पश्चात पूरा गांव ही जलमग्न हो जाएगा। उसने मिट्टी से उस छेद को भर दिया लेकिन पानी का बहना तब भी बंद नहीं हुआ, बल्कि छेद और बड़ा होता जा रहा था।फिर उसने सोचा कि जब तक गांव जाकर सूचना दूंगा तब तक तो यह बांध टूट भी सकता है। यही सोचकर वह उस छेदवाले स्थान पर कमर सटाकर लेट गया और सारी रात इसी तरह लेटा रहा। उधर घर न पहुंचने पर उसके माता-पिता को चिंता होने लगी। रात जैसे-तैसे काटकर वह भोर में ही नदी किनारे की ओर चल पड़े। उस लड़के ने अपने माता-पिता को निकट बुलाकर कहा कि आप लोग गांव में जाकर पानी रोकने की व्यवस्था करने के लिए लोगों से कहें। उसके माता-पिता ने गांव में जाकर पानी रोकने की व्यवस्था करवाई। फ्रांस की सरकार ने उस बालक को उसके साहस, देशभक्ति व वीरता के लिए सम्मानित किया। उस देशभक्त बालक का नाम था नेपोलियन, जो बाद में फ्रांस का शासक बना। सिगनेचर की कीमत 1931 में गांधीजी गोलमेज परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए विलायत गए। एक अमेरिकी पत्रकार वेब उनसे मिलने आया और उनकेसामने सिगरेट केस रखते हुए बोला, आप भी इस पर सिगनेचर कर दें। उस डिबिया पर अन्य अनेक लोगों के सिगनेचर्स पहले से किए हुए थे। गांधीजी ने डिबिया हाथ में ली और खोलकर देखा तो उसमें सिगरेट थीं।

## आपका पत्र मिला

### लैब में मानव डीएनए सृजन एक साहसिक कदम

वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में मानव डीएनए सृजित करने का साहसिक कदम उठाया है, जो जीवन के रहस्यों को उजागर करने, लाइलाज रोगों पर विजय पाने और मानवता को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है।

ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट ने डीएनए को पढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया था; अब सिंथेटिक ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट इसे शून्य से रचने की राह पर है। 'वेलकम ट्रस्ट' ने इस क्रांतिकारी अभियान को गति दी है, जिससे कैंसर, अल्जाइमर और उम्र बढ़ने जैसी बीमारियों का उपचार संभव हो सकता है। यह तकनीक क्षतिग्रस्त अंगों को पुनर्जनन की शक्ति दे सकती है, जिससे दीर्घायु और स्वस्थ जीवन का स्वप्न साकार हो सकता है। हालांकि, इसकी संभावनाओं के साथ जोखिम भी असीम हैं। आलोचक चेतावनी देते हैं कि यह तकनीक 'डिज़ाइनर बेबीज़', जैविक हथियार या मानव नस्ल के कृत्रिम परिवर्तन का मार्ग खोल सकती है। यदि गलत हाथों में पड़ी, तो इसे नियंत्रित करना असंभव हो सकता है। व्यावसायिक दुरुपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं में असमानता बढ़ सकती है। 'वेलकम ट्रस्ट' के डॉ. टॉम कॉलिन्स और प्रो. जॉय ज़ाग जैसे विशेषज्ञ इसे विवेकपूर्ण ढंग से विकसित करने और नैतिक आयामों पर चिंतन की वकालत करते हैं।

यह तकनीक मानवता के लिए स्वर्णिम युग की शुरुआत हो सकती है, बशर्ते इसे संयम और जिम्मेदारी से संभाला जाए। अन्यथा, यह अनियंत्रित ज्वाला बनकर विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। यह निर्णायक क्षण विज्ञान और नैतिकता के संतुलन की मांग करता है, जो मानवता के भविष्य को परिभाषित करेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। संपादक, स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# पढ़ाई में नहीं लगता मन? करें ये वास्तु उपाय



पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करना बहुत आवश्यक है क्योंकि इससे ही बच्चे का शैक्षिक विकास होता है। लेकिन जब बच्चा पढ़ाई में लगातार पिछड़ने लगे, तो इसका कारण वास्तु दोष भी हो सकता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कुछ नियमों का पालन करने से नेगेटिविटी कम होती है और बच्चे का मन पढ़ाई में लगने लगता है।

**वास्तु शास्त्र और पढ़ाई का संबंध**

वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं, जो बच्चों के ध्यान को पढ़ाई की ओर केंद्रित करने में मदद करते हैं। पढ़ाई के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा और तनाव बच्चों को प्रभावित करते हैं। ऐसे में, बच्चों को शिक्षा में सफलता पाने के लिए वास्तु शास्त्र के उपाय अपनाए जा सकते हैं।

**क्यों नहीं लगता पढ़ाई में मन?**

वास्तु शास्त्र का पालन घर में सुख और समृद्धि लाता है, लेकिन अगर घर के कमरे वास्तु नियमों के अनुसार न हो, तो बच्चे का ध्यान पढ़ाई में नहीं लग पाता। विशेष रूप से, स्टडी रूम में वास्तु दोष बच्चों के मनोबल को प्रभावित करते हैं। इससे उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता और वे तनाव महसूस करते हैं।

**वास्तु के अनुसार दिशा का महत्व**

**स्टडी रूम का स्थान-** स्टडी रूम हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में होना चाहिए। अगर स्टडी रूम दक्षिण या पश्चिम दिशा में है, तो बच्चा पढ़ाई में मन नहीं लगा पाता है।


**बच्चे का मुख-**बच्चों को स्टडी करते समय दक्षिण दिशा की ओर मुख करके नहीं बैठना चाहिए। दक्षिण दिशा में अग्नि की प्रधानता होती है, जिससे बच्चे का मन विचलित हो सकता है और वे चिड़चिड़े हो सकते हैं।

**स्टडी रूम में विशेष सामान-**स्टडी रूम में शिक्षा से जुड़ी चीजें जैसे एजुकेशन टावर, ग्लोब या पिरामिड रखें। इसके अलावा, स्फटिक गोले उत्तर दिशा में दीवार पर लगाए जा सकते हैं। माता सरस्वती, गणेश जी और हनुमान जी की तस्वीरें भी स्टडी रूम में रखें।

**अलमारी और अन्य सामान की व्यवस्था**

**अलमारी का स्थान-** स्टडी रूम में अलमारी हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा में रखें। इसके साथ-साथ, बच्चे को हमेशा पूर्व दिशा की ओर मुख करके पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

**अनावश्यक वस्तुएं न रखें-**स्टडी रूम में वीडियो गेम्स, सीडी प्लेयर या अन्य व्यस्त करने वाली वस्तुएं न रखें। ये चीजें बच्चे का ध्यान भटकाती हैं और पढ़ाई में नकारात्मकता लाती हैं।



**स्टडी रूम में मोमबत्ती का उपयोग-** वास्तु के अनुसार, बच्चों के स्टडी रूम में मोमबत्ती जलाने से उनका ध्यान पढ़ाई में केंद्रित होता है। मोमबत्ती को उत्तर-पूर्व या दक्षिण- दिशा में जलाना अच्छा रहता है।

**टेबल का आकार-** स्टडी टेबल का आकार हमेशा रेक्टेंगल (आयताकार) होना चाहिए। अनियमित आकार के टेबल बच्चों की पढ़ाई में विघ्न डाल सकते हैं।

**टेबल की दिशा-** स्टडी टेबल का मुख हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए।

**केसर का तिलक और अन्य उपाय**

**केसर का तिलक-** अगर बच्चे का ध्यान पढ़ाई में नहीं लगता है, तो उनकी जेब में फिटकरी का टुकड़ा रखें और हर दिन केसर का तिलक उनके माथे और नाभि पर लगाएं।

**दीवारों का रंग और स्टडी रूम का माहौल**

**दीवारों का रंग-** बच्चों के स्टडी रूम की दीवारें हमेशा हल्का रंग जैसे बादामी, आसमानी, सफेद या हल्का फिरोजी होनी चाहिए।

# क्या आप भी बनना चाहते हैं सीए? जानिए कोर्स ट्रेनिंग और करियर से जुड़ी पूरी जानकारी



हर साल 1 जुलाई को सीए डे मनाया जाता है। यह दिन उन मेहनती और बुद्धिमान प्रोफेशनल्स का दिन जो देश की आर्थिक रीढ़ को मजबूती देते हैं। ये सिर्फ कागजों में जोड़-घटाव नहीं करते, बल्कि बड़े-बड़े बिजनेस और सरकार की आर्थिक सेहत का ध्यान रखते हैं। लोग इन्हें मजाक में ÷नंबरों के डॉक्टर÷ भी कहते हैं और सही भी है, क्योंकि ये टैक्स से लेकर बैलेंस शीट तक सब कुछ ठीक कर देते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सीए कैसे बनते हैं? इसकी पढ़ाई कैसी होती है? और इतनी जिम्मेदारी वाला काम करने के लिए क्या-क्या स्टेज पार करने पड़ते हैं?

**12वीं के बाद शुरुआत - CA Foundation**

चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की पहली सीढ़ी होती है सीए फाउंडेशन कोर्स, जिसमें 12वीं पास करने के बाद छात्र ICAI (The Institute of Chartered Accountants of India) में रजिस्ट्रेशन कराते हैं। इस कोर्स में चार विषय होते हैं - अकाउंटिंग, बिजनेस लॉ, इकोनॉमिक्स और मैथ्स/रीजनिंग। फाउंडेशन परीक्षा साल में दो बार आयोजित होती है। इस परीक्षा को पास करना अनिवार्य है, तभी छात्र अगले चरण में जा सकते हैं।

**दूसरा स्टेप** -फाउंडेशन पास करने के बाद अगला स्तर होता है सीए इंटरमीडिएट, जिसे मिड-लेवल कोर्स भी कहा जाता है। इसमें दो ग्रुप होते हैं और हर ग्रुप में चार-चार विषय होते हैं। ये विषय अकाउंटिंग, टैक्सेशन, कंपनी लॉ जैसे टेक्निकल होते हैं। छात्र चाहें तो दोनों ग्रुप एक साथ दे सकते हैं या एक-एक करके। इंटरमीडिएट की पढ़ाई से छात्र को व्यवसायिक दुनिया की गहरी समझ मिलती है।

**प्रैक्टिकल अनुभव** - सीए इंटरमीडिएट का कम से कम एक ग्रुप पास करने के बाद छात्र को 3 साल की आर्टिकलशिप ट्रेनिंग करनी होती है। इसमें उन्हें ढ्ढष्टढ्ढ से रजिस्टर्ड किसी अनुभवी सीए के साथ काम करना होता है। यह ट्रेनिंग प्रोफेशनल लाइफ के लिए बेहद जरूरी होती है, क्योंकि इसी दौरान छात्र क्लाइंट डीलिंग, टैक्स फाइलिंग, ऑडिट और अकाउंट मैनेजमेंट जैसे असली काम सीखते हैं। साथ ही, इस दौरान स्टाइपेंड (वेतन) भी मिलता है।

**अंतिम परीक्षा** - आर्टिकलशिप के दौरान या उसके बाद छात्र अंतिम और सबसे कठिन परीक्षा देते हैं, जिसे सीए फाइनल कहा जाता है। इसमें भी दो ग्रुप होते हैं, जिनमें उच्च स्तर के विषय शामिल होते हैं, जैसे फाइनेंशियल रिपोर्टिंग, इंटरनेशनल टैक्सेशन, स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट आदि। इस परीक्षा को पास करने के लिए अच्छी तैयारी, अनुभव और अनुशासन की जरूरत होती है। फाइनल पास करते ही छात्र सीए बनने की ओर आखिरी कदम बढ़ा लेते हैं।

**मेंबरशिप और उपाधि**

फाइनल परीक्षा पास करने के बाद छात्र ICAI में आवेदन करके सीए की मेंबरशिप प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही उन्हें चार्टर्ड अकाउंटेंट की आधिकारिक उपाधि मिल जाती है और वो अपने नाम के आगे ÷ष्ट÷ लिखने के पात्र बन जाते हैं। इसके बाद वो किसी फर्म में नौकरी कर सकते हैं, खुद की प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं या कॉर्पोरेट सेक्टर, बैंकिंग, ऑडिट और कंसल्टिंग जैसे क्षेत्रों में काम कर सकते हैं।

**एक सीए क्या काम करता है?**

एक चार्टर्ड अकाउंटेंट का काम किसी भी संस्था, कंपनी या व्यक्ति की आर्थिक सेहत का ध्यान रखना होता है। ये टैक्स की योजना बनाते हैं, इनकम टैक्स और त्रस्ञ्ज जैसे रिटर्न दाखिल करते हैं। कंपनियों के खातों की ऑडिटिंग करना, बैलेंस शीट तैयार करना और सालाना वित्तीय रिपोर्ट बनाना भी इन्हीं की जिम्मेदारी होती है। इसके अलावा, चार्टर्ड अकाउंटेंट कॉर्पोरेट लॉ से जुड़े मामलों को भी देखते हैं और बिजनेस को निवेश, बजट और वित्तीय रणनीतियों पर सलाह देते हैं। कुल मिलाकर, एक ष्ट किसी भी व्यवसाय की वित्तीय रीढ़ होता है।

## कॅरियर अलर्ट

### एसएससी सीजीएल के 14582 पदों पर होगी भर्ती

कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा या एसएससी सीजीएल के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस वर्ष, भर्ती अभियान का लक्ष्य 14582 रिक्तियों को भरना है, जिसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण (ssc.gov.in.) पर शुरू हो गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 जुलाई है। इन पदों पर होगी भर्ती केंद्र सरकार के विभागों में ग्रुप बी के पदों असिस्टेंट सेक्शन अफसर, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, सेंट्रल एक्साइज इंस्पेक्टर, असिस्टेंट इनफोर्समेंट अफसर, सब इंस्पेक्टर, डाक इंस्पेक्टर, नारकोटिक्स इंस्पेक्टर, एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट, रिसर्च असिस्टेंट, डिविजनल एकाउंटेंट, एनआईए सब इंस्पेक्टर, जूनियर स्टैस्टिकल अफसर पर भर्ती होगी। ग्रुप सी के पदों आडिटर, एकाउंटेंट, पोस्टल असिस्टेंट, अपर डिविजनल क्लर्क, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट, टैक्स असिस्टेंट पर भर्ती होगी। **आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता-** पद के आधार पर आयु सीमा 18-30 वर्ष, 20 से 30 वर्ष, 18-32 वर्ष या 18 से 27 वर्ष निर्धारित है। आयु सीमा निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि 01 अगस्त, 2025 होगी और आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

### मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) भर्ती

मल्टी टास्किंग स्टाफ की भर्ती कर्मचारी चयन आयोग द्वारा की जाती है। जुलाई 2025 में इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 जुलाई है। हवलदार के 1,075 पद भरे जाएंगे, जबकि एमटीएस की रिक्तियां अभी अधिसूचित नहीं की गई हैं। इच्छुक उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसमें भारत सरकार के विभिन्न कार्यालयों में चपरासी, क्लीनर, मेल डिलीवरी जैसे पद शामिल होते हैं। न्यूनतम योग्यता 10वीं पास रखी गई है।

### शिक्षक बनने का शानदार मौका

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने राज्य के विभिन्न स्कूलों में 1,373 शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 27 जुलाई 2025 है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट jssc.jharkhand.gov.in. पर जाकर इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। क्च्श्वस्त्र. और स्नातक डिग्री वाले उम्मीदवार इसके लिए पात्र हैं। वेतनमान 35,400 रुपये से लेकर 1,12,400 रुपये प्रतिमाह तक दिया जाएगा।

# खुद की परीक्षा लेना क्यों है जरूरी? प्रीटेस्टिंग से कैसे बनती है मजबूत याददाश्त और बेहतर सोच



अक्सर हममें से कई लोग परीक्षा का नाम सुनते ही घबरा जाते हैं। पिछले बुरे अनुभवों, समय या आत्मविश्वास की कमी के चलते ऐसा होना लाजिमी भी है। याद रखें, किसी चीज की शुरुआत करने से पहले उससे संबंधित खुद की परीक्षा लेने से न सिर्फ शानदार परिणाम मिलते हैं, बल्कि चीजें लंबे समय तक याद भी रहती हैं? जरा सोचकर देखिए, अगर आपको किसी काम के पहले ही दिन उससे जुड़ी एक मुश्किल परीक्षा से गुजरना पड़े, भले ही आप इसमें असफल हो जाएं, तो? शोध बताते हैं कि ऐसा करने से आपके दिमाग को यह संकेत मिलता है कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है और किस दिशा में आगे बढ़ना है। इसे प्रीटेस्टिंग या पूर्वपरीक्षण कहा जाता है। इसके जरिये न सिर्फ पढ़ाई या परीक्षा की तैयारी की रूपरेखा बनाने में, बल्कि सही दिशा में बेहतर ढंग से आगे बढ़ने में भी मदद मिलती है।

**प्रीटेस्टिंग के फायदे**

प्रोटेस्टिंग से छात्रों को यह समझने में मदद मिलती है कि परीक्षा के लिए क्या जरूरी है और किस तरह के सवाल पूछे जा सकते हैं। इससे छात्रों और शिक्षकों, दोनों को लाभ होता है। सबसे जरूरी बात यह है कि छात्र इससे यह सीखते हैं कि किसी विषय के बारे में कैसे और क्या सोचना है। वे अलग-अलग विचारों को जोड़कर एक ऐसी समझ बनाते हैं, जिससे उन्हें यह तय करने में मदद मिलती है कि क्या महत्वपूर्ण है और क्या नहीं। इससे आलोचनात्मक सोच भी विकसित होती है, जिसे अन्य तरीकों से सीखने में काफी कठिनाई आती है।

**फ्रांसिस बेकन की सीख**

समय-समय पर खुद की परीक्षा लेना सिर्फ यह जांचने के लिए नहीं होता है कि आप क्या जानते हैं, बल्कि यह पढ़ाई करने का भी एक दमदार तरीका है। 1620 में भी, दार्शनिक फ्रांसिस बेकन ने कहा था कि किसी पाठ को बीस बार पढ़ने के बजाय, उसे दस बार पढ़ना और बीच-बीच में उसे याद करने का अभ्यास करना बेहतर होता है। इस दौरान अगर आप कुछ भूल जाते हैं, तो उसे फिर से पढ़ें। इस तरीके से चीजों व तथ्यों को लंबे समय तक याद रखने में मदद मिलती है। कुछ पढ़ने या सौखने के तुरंत बाद उसका टेस्ट लेने से याददाश्त मजबूत होती है, भले ही आपने सिर्फ एक ही बार पढ़ा या सीखा हो।

**नहीं भूलेंगे चीजें**

कई बार आप अच्छी पढ़ाई करने के बाद भी परीक्षाओं में अच्छा नहीं कर पाते हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आप मान लेते हैं कि अगर कोई चीज अभी आसानी से याद हो रही है, तो वह हमेशा याद ही रहेगी। इसी को 'फ्लुएंसी इल्यूजन या प्रवाह भ्रम' कहते हैं। इसी कारण आपको लगता है कि एक बार कोई विषय समझ लिया, तो उसे दोबारा पढ़ने की जरूरत नहीं है। इस सोच से बचें। बेशक, जब आप कुछ समय बाद उसी विषय या टॉपिक को फिर से पढ़ते हैं, तो यह थोड़ा उबाऊ लग सकता है, लेकिन इससे आपको अधिक प्रभावी ढंग से सीखने में मदद मिलती है। इसलिए, भले ही बार-बार पढ़ाई करना बोझिल और कम रुचिकर लगे, लेकिन यह चीजों को लंबे समय तक याद रखने में कारगर है।

# लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अपनाएं ये सरल उपाय



लक्ष्य को हासिल करना अक्सर मुश्किल होता है, चाहे वे व्यक्तिगत हों या पेशेवर। आप सोच सकते हैं कि रोजाना व्यायाम करना, ज्यादा पढ़ना या कोई नया कौशल सीखना आदि मजेदार गतिविधियां हो सकती हैं, लेकिन अक्सर समय के साथ आप इन्हें बोझ समझने लगते हैं। क्या आपने सोचा है ऐसा क्यों होता है? ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आप अपने उद्देश्य से ज्यादा उसके परिणाम पर ध्यान लगाते हैं। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमेशा नए प्रयासों और तौर-तरीकों की जरूरत होती है। अगर इनमें कोई रास्ता कठिन लगता है, तो इन्सान हार मान लेता है। यही कारण है कि कई लोग अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते हैं। विदित हो, सफलता निरंतर प्रयास करने से मिलती है, न कि केवल अंतिम परिणाम पर ध्यान केंद्रित करने से। ऐसे में, छोटे-छोटे प्रयासों के जरिये चिंता को कम करके असफलताओं को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता है।

**दैनिक जीत पर हो ध्यान**

दैनिक जीत पर ध्यान केंद्रित करें। असफलताएं मिलना लाजिमी हैं, लेकिन आगे बढ़ते रहें। छोटी, लेकिन लगातार मिलने वाली जीत अंततः सफलता की ओर ले जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि आप चार महीनों में 50 किताबें पढ़ना चाहते हैं, तो प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ने की कोशिश करना व्यावहारिक तरीका नहीं है। यह खुद को धोखा देने या हार मानने का एक नुस्खा है। इसके बजाय, सुबह-शाम एक-एक घंटा पढ़ना अधिक कारगर होता है। इससे आप सप्ताह में एक या दो किताबें खत्म कर लेंगे। ऐसे में, भले ही आप मूल समय-सीमा तक काम पूरा न कर पाएं, लेकिन आप लगातार प्रगति करते रहेंगे।

**स्मार्ट तरीका**

यदि आपका लक्ष्य स्पष्ट नहीं है, तो उसे अमल में लाना मुश्किल हो जाता है। इससे बचने के लिए, स्पेशल (एस), मीजरेबल (एम), अचीवेबल (ए), रिलेवेंट (आर) और टाइम बाउंड (टी) यानी स्मार्ट लक्ष्य बनाएं। जब आपको अच्छे से पता होता है कि आपको क्या करना है, तो ऐसी आदतें बनाना आसान होता है जो लंबे समय तक टिकी रह सकें।

**कुछ अलग भी करें**

लक्ष्य से भटकाव तब होता है, जब आप किसी काम में पूर्णता हासिल करने की कोशिश करते हैं। इसलिए सबसे पहले इस मानसिकता को सुधारें। स्मार्ट लक्ष्यों के साथ कोई अलग भाषा या कुछ अलग और नया करने का प्रयास करें। मंजिल तक पहुंचने लिए रुकने के बजाय हर तक पहुंचने से क्या रोक रहा दिन कुछ नए का प्रयास करते रहना बेहद जरूरी है।

**असफलताओं से सीखें**

अगर आप किसी व्यस्त माहौल में होते हैं, तो लक्ष्य से विचलित होना आसान हो जाता है। ऐसे में, उन कामों पर ध्यान केंद्रित करें, जो आपके दैनिक शेड्यूल में फिट बैठते हों। ऐसा करने से वह काम आपकी आदत में शुमार हो जाता है। ऐसा करते हुए आगे बढ़ते रहें, असफलताओं से सीखें और लक्ष्य तक पहुंचने के रास्ते में मिलने वाली छोटी-छोटी जीत की खुशियां मनाते रहें।

## अभ्यास

**1. निम्न में से किस दिन राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है?**
(क) 28 जून
(ख) 29 जून
(ग) 30 जून
(घ) 1 जुलाई
**(घ) 1 जुलाई**

**2. निम्न में से कौन स्ओपन BWF वर्ल्ड टूर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं?**
(क) तन्वी शर्मा
(ख) प्रशांत महेश्वरी
(ग) क्षितिज त्यागी
(घ) आयुष शेट्टी
**(घ) आयुष शेट्टी**

**3. रग्बी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण का आयोजन कहाँ किया जिसका खिताब चेन्नई बुल्स ने जीता है?**
(क) दिल्ली
(ख) मुंबई
(ग) हैदराबाद
(घ) बेंगलुरु
**(ख) मुंबई**

**4. निम्न में से कौन 15 गीगावाट अक्षय ऊर्जा हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है?**
(क) एज़्योर पावर
(ख) टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी
(ग) अडानी ग्रीन
(घ) जेएसडब्ल्यू एनर्जी
**(ग) अडानी ग्रीन**

**5. हाल ही में भारत ने किस देश पर भूमि और समुद्री बंदरगाहों के माध्यम से जूट आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है?**
(क) बांग्लादेश
(ख) चीन
(ग) अमेरिका
(घ) पाकिस्तान
**(क) बांग्लादेश**

**6. निम्न में से किसे हाल ही में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?**
(क) सुनील मित्तल
(ख) पराग जैन
(ग) रवि अग्रवाल
(घ) अमिताभ कान्त
**(ग) रवि अग्रवाल**

# एआई : पुस्तकों से सीखने की इच्छा को कैसे कर रहा प्रभावित



–शशांक मिश्रा

छोटे हों या बड़े, इन दिनों हर कोई टेक सैवी बन चुका है। जहां बड़े ऑफिस के कामों के लिए एआई टूल्स का इस्तेमाल करते हैं, वहीं बच्चे पढ़ाई-लिखाई यानी होमवर्क और परीक्षा की तैयारी के लिए इनकी मदद लेने लगे हैं। स्टूडेंट्स के लिए उपयुक्त कई एआई टूल्स एकदम फ्री हैं। इनका इस्तेमाल करने के लिए किसी सब्सक्रिप्शन या पैसे जमा करने की जरूरत नहीं है। ये टूल्स बच्चों को ऑर्गनाइज़्ड, स्मार्ट और कॉन्फिडेंट बनाने में मदद करते हैं। एआई के जमाने में पढ़ाई-लिखाई करना काफी आसान हो गया है। तकनीक के इस युग में पढ़ाई का तरीका भी तेजी से बदल रहा है। अब किताबों और गाइड्स की जगह छात्रों का भरोसा स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप पर बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटजीपीटी जैसे प्लेटफॉर्म युवाओं के अध्ययन में नए साथी बनकर उभरे हैं। यूपीएससी, एसएससी, और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अब पारंपरिक किताबों के बजाय एआई की मदद से प्रश्नों के उत्तर, नोट्स और स्टडी मैटेरियल तैयार कर रहे हैं। सदियों से, दुनिया भर में हमारे पुस्तकालय शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ-साथ हमारी संस्कृति और इतिहास को भी संरक्षित कर रहे हैं। पुस्तकों, शोध पत्रों और पत्रिकाओं के पुस्तकालय संसाधन बिना किसी भय या पक्षपात के सभी को समान जानकारी प्रदान करते हैं। पुराने समय के कई साहित्यिक दिग्गजों, वैज्ञानिकों और विद्वानों को पुस्तकालयों में नियमित रूप से जाने की आदत से लाभ मिला है, जहां उन्हें पुस्तकों के प्राचीन खजाने के साथ-साथ हर विषय पर समकालीन पुस्तकों का भंडार भी मिलता है। जिन लोगों के पास पुस्तकें खरीदने के लिए वित्तीय साधन नहीं होते, वे नई पुस्तकें पढ़ने के लिए हमेशा सार्वजनिक पुस्तकालयों पर निर्भर रहते हैं। इस युग में, पुस्तकालयों ने पुस्तकों और अन्य संसाधनों को डिजिटल डेटाबेस में परिवर्तित करना शुरू कर दिया है। कई विकसित देशों में पुस्तकालय भी सर्वोत्तम सामुदायिक केन्द्रों में से एक साबित हुए हैं, जहां लोग सामुदायिक आयोजनों, कार्यशालाओं और कार्यक्रमों के लिए एक साथ आते हैं। बेहतर नागरिक भागीदारी और सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पुस्तकालय ऐसी बैठकों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद, विकासशील देशों ने सामाजिक विकास को बढ़ाने के लिए पुस्तकालय संस्थाओं का अभी तक पर्याप्त लाभ नहीं उठाया है। हमारे पास सार्वजनिक पुस्तकालयों की संख्या भले ही बड़ी हो, लेकिन दुख की बात है कि भारत में हम पुस्तकालय संचालन के मामले में अंतर्राष्ट्रीय मानकों से कई गुना पीछे हैं। वे पाठक-अनुकूल नहीं हैं। पुस्तकालयों के प्रति सरकारों और विश्वविद्यालयों की उदासीनता ने हमारे देश में अध्ययन और बौद्धिक अनुसंधान के लिए पुस्तकालय संसाधनों की उपयोगिता को बेहद कम कर दिया है। पुस्तकों के माध्यम से इन ढहती हुई शिक्षण संस्थाओं को बचाने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए गए हैं। केवल हमारे छात्र ही नहीं, बल्कि शिक्षक भी हर क्षेत्र में इंटरनेट पर उपलब्ध अप्रमाणिक और अवैध सूचनाओं के हमले का शिकार हो रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने पुस्तकालय में पुस्तकों से सीखने की हमारी जिज्ञासा को बुरी तरह प्रभावित किया है। हमारे पुस्तकालयों में हमें एक ही स्थान और समय पर एक ही विषय पर अनेक पुस्तकें, पत्रिकाएं, शोध पत्र, संदर्भ पुस्तकें मिल जाती हैं। सामान्य पाठक और शोधकर्ता इंटरनेट पर वास्तविक जानकारी से अनभिज्ञ रहते हैं, जबकि पुस्तकालय में उन्हें अध्ययन के विषय पर विविध जानकारी मिल सकती है। हमारे शिक्षक और छात्र दोनों ने अपनी मौलिक सोच खो दी है, जो एक परिपक्व समाज के लिए हमारे युवा मस्तिष्क के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। टी.वी. और फोन, सोशल मीडिया ने हमारी वह शांति छीन ली है जो हमें पहले अखबार या लाइब्रेरी में किताब पढ़कर मिलती थी। यहां, भले ही हम भारत को पुनः महान बनाने की बात करते हैं, लेकिन हम शायद ही कभी महसूस करते हैं कि भारत में पुस्तकालय और पुस्तक पढ़ने की संस्कृति तेजी से खत्म हो रही है। हमें अपनी पुस्तकालय प्रणाली को सुचारू बनाने तथा एक बार फिर से पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। यहां तक कि स्कूलों और कॉलेजों में किताबों की अलमारियाँ भी बंद रहती हैं। चाहे विश्वविद्यालय परिसर हों, कॉलेज और स्कूल हों या नगरपालिका या पंचायत पुस्तकालय हों, सभी में मूल्यवान पुस्तकें हैं। पुस्तकालयों को केन्द्रीय एवं राज्य वित्त पोषण प्राप्त होता है। दुर्भाग्यवश, पुस्तकालय संसाधनों का उपयोग बहुत कम है।



–ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 2 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, सप्तमी तिथौ बुध वासरे 11/59/ उत्तर फाल्गुनी नक्षत्रे 11/08/वरीयन योग 17/47/ वणिज करणे 11/59/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.11 मि.59 से घं.25 मि.03 तक।

**मेष-** स्वास्थ्य नरम रहेगा। कामों में व्यवधान रहेंगे। व्यय भार में वृद्धि होगी। नये अनुबंध होंगे। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा।

**वृष-** आकास्मिक विवाद टालें। कार्यापूर्ति में आशंका रहेगी। परिजनों से उपेक्षा मिलेगी। स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा। अलस्य त्यागें।

**मिथुन-** पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। शुभ यात्राएं होंगी। बिगड़े कार्यों में प्रगति होगी। रुके धन की प्राप्ति होगी।

**कर्क-** मित्रों का सहयोग मिलेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा। कार्यों में आएगी। शारीरिक श्रमाधिक्य रहेगा। सुचारुता आएगी।

**सिंह-** रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ा बढ़ेगी। अधीनस्थों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार मिलेगा। वाणिज्य व्यवसाय में विस्तार होगा।

**कन्या-** अधिकारी वर्ग प्रबल रहेगा। मित्र वर्ग सहयोगी रहेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। रुके कार्यों में अल्प प्रगति होगी।

**तुला-** मित्रों का सहयोग रहेगा। निराशा की प्रवन्ति से बचे। कारोबारी विषमताएं हल होंगी। सुसंगति लाभ होगा।

**वृश्चिक-** उच्च वर्गीय सहयोग मिलेगा । घरेलू कामों में व्यस्त रहेंगे। परिश्रम का पूर्ण लाभ मिलेगा। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**धनु-**आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। निजी प्रेम में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन का लाभ होगा।

**मकर-** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कुंभ-**सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक योजनाओं में पूंजी निवेश कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण तनावपूर्ण रहेगा।

**मीन-** मित्रों के साथ मतभेद हो सकता है। शांतिपूर्ण कार्य करना ही लाभकारी रहेगा। परिश्रम करना पड़ेगा।

## सतत निगरानी एवं नियमित समन्वय बैठकों के कारण मिला छठा स्थान-अभिषेक आनंद

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड बिसवां ने विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। नीति आयोग द्वारा जारी डेल्टा रैंकिंग में वर्ष २०२४-२५ की शुरुआत में विकास खंड बिसवां की रैंकिंग प्रदेश के १०८ आकांक्षात्मक विकासखंडों के सापेक्ष ५६वें स्थान पर थी, वहीं मार्च २०२५ में जारी डेल्टा रैंकिंग में यह प्रगति करते हुए उत्तर प्रदेश में ६वें स्थान पर पहुँच गया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की कुशल नेतृत्व क्षमता, सतत निगरानी एवं नियमित समन्वय बैठकों के कारण संभव हो सकी। जिला स्तर पर विकासखंडों की निरंतर समीक्षा, विभागीय तालमेल एवं फील्ड में परिणाम आधारित क्रियान्वयन से बिसवां को यह महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। नीति आयोग द्वारा प्रत्येक आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा पाँच प्रमुख क्षेत्रों-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएँ, आधारभूत संरचना तथा सामाजिक विकास से संबंधित सूचकों के आधार पर की जाती है। विकास खंड बिसवां ने इन सभी क्षेत्रों में उत्तरोत्तर सुधार करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी बिसवां सुमित सिंह, राजेश श्रीवास्तव (ए०डी०ओ-पंचायत), अरुणेश्वर सिंह (ए०डी०ओ-सांख्यिकी), ए०बी०पी० /सी०एम० फेलो ओंकार प्रसाद गुप्ता, सहित विभिन्न विभागों के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को भविष्य में भी इसी प्रकार प्रतिबद्धता, समर्पण एवं टीम भावना के साथ कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया।







यह सफलता विकास खंड-बिसवां को प्रेरित करेगी कि वह राज्य और राष्ट्र स्तर पर विकास की ऊँचाइयों तक पहुँचे।

## तहसीलों में राहत शिविर, बाढ़ चौकियों को सुव्यवस्थित किया जाये-अपर जिलाधिकारी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि वर्तमान में मानसून प्रभावी है। निकट भविष्य में जनपद की ०३ तहसीलों में शारदा व घाघरा नदियों के जलस्तर बढ़ने की सम्भावना है। नदियों में जल स्तर बढ़ने पर नदी के तटीय बसे गाँव जलमग्न एवं कटान से प्रभावित होते है। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उक्त के दृष्टिगत विगत वर्षों की भांति इस वर्ष २०२५ की बाढ़ से होने वाले दुष्प्रभाव को न्यून किए जाने एवं आम जनमानस को राहत, बचाव व सहायता प्रदान किए जाने हेतु समस्त तैयारियों शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण कर ली गई है। बाढ़ आपदा से बचाव हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठके आयोजित कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों यथा- चिकित्सा, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, पशुपालन, पंचायती राज, विकास विभाग, पुलिस विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग इत्यादि अन्य महत्वपूर्ण विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना तैयार की गई है। तत्कम में जनपद की सम्भावित बाढ़ प्रभावित तहसीलों-बिसवाँ, लहरपुर एवं महमूदाबाद में बाढ़ रक्षा संसाधनों की उपलब्धता है, जिसमें लाईफ जैकेट, लाईफ बोट, सर्च लाईट, मेगाफोन, रस्सा-रस्सी, सेफ्टी हेलमेट, स्ट्रेक्चर आदि है। तहसीलों में राहत शिविर, बाढ़ चौकियों सुव्यवस्थित है। तहसीलों एवं जनपद मुख्यालय पर कंट्रोल रूम संचालित है। कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर संचालित बाढ़ कंट्रोल रूम का नम्बर-०५८६२-२४५७५३ एवं २४२४०० तथा टोल फ्री नम्बर-१०७७ एवं सी.यू.जी. मोबाइल नम्बर-९४५४४१६५५६ है। तहसीलों में नाव-नाविक, गोताखोरो का चिन्हांकन, कम्यूनिटी किचन की व्यवस्था कर ली गई है। आपदा से बचाव एवं आम जनमानस को जागरूक किए जाने हेतु कम्यूनिकेशन प्लान तैयार किया गया है। राहत चौपाले नियमित रूप से लगाई जा रही है। बाढ़ प्रभावितों के ठहरने एवं उनके भोजन-पानी हेतु टेण्डर कर लिया गया है। प्रभावितों को राहत सहायता प्रदान किए जाने हेतु खाद्यान्न राहत किट का टेण्डर कर लिया गया है, जिसे बाढ़ राहत केन्द्रों/ राहत शिविरों पर नियमानुसार वितरित कराया जाएगा। पशुओं के भूसा चारा एवं राहत शिविरों में स्वच्छता हेतु टेण्डर कर लिया गया है। सिंचाई विभाग द्वारा नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की सूचना उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अतिरिक्त तहसील के उपजिलाधिकारी/तहसीलदार द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नियमित रूप से भ्रमण/निरीक्षण किया जा रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर सर्तक दृष्टि रखी जा रही है।

## बिसवां लायर्स एसोसिएशन द्वारा नवागत उपजिलाधिकारी का स्वागत

( स्वतंत्र भारत )

बिसवां-सीतापुर। बिसवां लायर्स एसोसिएशन द्वारा राजेन्द्र सभागार,




तहसील परिसर में अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में गरिमामय स्वागत समारोह का आयोजन नवागत उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला एवं उप जिलाधिकारी, न्यायिक अवनीश कुमार, प्रथम के सम्मान में किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता समुदाय की भारी उपस्थिति रही और आयोजन पूर्ण हर्षोल्लास तथा आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात अधिवक्ता गणों ने परिचयात्मक क्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वरिष्ठ अधिवक्ता राज शर्मा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बिसवां लायर्स एसोसिएशन की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, नवागत अधिकारियों से न्याय व्यवस्था में सहयोग व समन्वय की आशा व्यक्त की। नवागत उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने अपने सम्बोधन में आश्वस्त किया कि शासन की नीतियों के अनुरूप अधिवक्ता समुदाय के सहयोग से त्वरित व प्रभावी न्याय व्यवस्था की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। वहीं उप जिलाधिकारी न्यायिक,अवनीश कुमार,प्रथम ने अधिवक्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशासन और अधिवक्ता समाज के समन्वय को सुदृढ़ करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता ललित शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेई द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सचिव सत्य प्रकाश सिंह, बिसवां बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आर एन सिंह ,लालजी वर्मा, आर.पी. सिंह, सुरेश चंद्र मौर्य, मन्नालाल बाजपेई, राजकुमार सिंह, अब्बू शहमा खान, संकटा प्रसाद शुक्ला, राजेश सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, आनंद मल्होत्रा, रेनू राजपूत, उमर अंसारी, सुशील शुक्ला, ओम जी मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष आर एन सिंह, अशोक पुष्प, पदम कांत शर्मा, सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, कमल मनोरम वर्मा, गौरव सिंह, नईम अंसारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सीतापुर-बाराबंकी बार्डर पर पेड़ से युवक का लटकता मिला शव

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद, सीतापुर। सीतापुर-बाराबंकी बार्डर पर पेंड़ से युवक का आठ से १० दिन पुराने शव की मंगलवार को शिनाख्त हो गई है। युवक महमूदाबाद के शहजापुर का निवासी था जो पिछले २७ दिन से लापता था, जिसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज है। सीतापुर-बाराबंकी सीमा पर गुलरामऊ के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे दक्षिण लगे चिल्वन के पेंड़ पर एक ३२ वर्षीय युवक का करीब आठ से १० दिन पुराना शव कपड़े की चद्दर से लटक मिला था। मामले को लेकर बाराबंकी की बड्डूपुर व सीतापुर की महमूदाबाद पुलिस के बीच करीब तीन घंटे तक चले सीमा विवाद के बाद आखिरकार महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने शव को पेंड़ से नीचे उतरवाकर कार्रवाई की थी। मंगलवार को शव की शिनाख्त हो गई। परिजनों ने कपड़ों के साथ युवक की हुई बाइपास सर्जरी के शरीर पर निशान देखकर उसकी पहचान शहजादपुर कंडारी के ३० वर्षीय उमेश कुमार पुत्र नंद किशोर के रुप में की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि कपड़ों व बाइपास सर्जरी के शरीर पर निशान से मृतक के शव की पहचान परिजनों ने कर ली है। युवक तीन जून से लापता था जिसके गुमशुदा होने की सूचना महमूदाबाद कोतवाली में दर्ज है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### आठ दिन पूर्व लापता युवक का नहीं लगा सुराग

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद, सीतापुर। आठ दिन पूर्व लापता हुए युवक का काफी तलाश के बाद भी कहीं कोई पता न चल पाने पर परिजनों ने कोतवाली में अपहरण का केस दर्ज कराया है। परिजनों संग पुलिस युवक की तलाश कर रही है। महमूदाबाद के चुनका के रजनीश (२५) पुत्र राम प्रसाद यादव २३ जून से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। परिजन लगातार रिश्तेदारियों के साथ अन्य संभावित स्थानों पर उन्हें तलाश कर रहे थे। काफी तलाश के बाद भी पता न चलने पर लापता युवक के पिता ने तीन लोगों के खिलाफबेटे का अपहरण कर गायब कर देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कोतवाली में तहरीर दी।

## ग्रीष्मकाल के बाद विद्यालय खुलने पर पहले दिन विद्यालयों में बच्चों का हुआ स्वागत

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद, सीतापुर। ग्रीष्मकाल के बाद विद्यालय खुलने पर पहले दिन विद्यालयों में बच्चों का स्वागत रोली चंदन कर किया गया। पहले दिन बच्चे भी उत्साह पूर्वक स्कूल पहुंचे और खूब मस्ती की। एक जुलाई को स्कूल खुलते ही ४० दिन का ग्रीष्मावकाश बिताकर बच्चे स्कूल पहुंचे। स्कूलों को बच्चों के स्वागत में गुब्बारों व झालरों से सजाया गया। प्राथमिक विद्यालय बघाइन में प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा, शिक्षक उमेश वर्मा, दीप्ति वर्मा, पवन वर्मा, शिक्षामित्र ऊषा देवी, शीवेंद्र प्रताप, उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवार में प्रधानाध्यापक मुसीर अहमद, प्राची वाजपेयी, प्राथमिक विद्यालय श्यामदासपुर में




शिक्षक दुर्गेशरानी, अमरेंद्र पटेल, वैभवदीप, प्राथमिक विद्यालय सुहेला में इंप्रअ अनुपम वर्मा, शिक्षक आनंद शुक्ल, कंपोजिट विद्यालय खपूरा में प्रधानाध्यापिका प्रधानाध्यापक अशेष ईशान, सुंदौली, मुबारकपुर, रेवान, बेहटी, गुलरामऊ, उनेरा सहित क्षेत्र सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का टीका लगातार स्वागत किया गया।

## कार्ड धारक ई-केवाईसी अवश्य करा लें-उपजिलाधिकारी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। उपजिलाधिकारी मिश्रिख ने बताया कि प्रदेश के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-के.वाई.सी. ३०.०६.२०२५ तक शत प्रतिशत पूर्ण कराए जाने विषयक आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ०प्र० जवाहर भवन, लखनऊ पत्रांक २० जून २०२५ के द्वारा जनपद के समस्त राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-के.वाई.सी. प्रत्येक दशा में ३०.०६.२०२५ तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है, जिससे जनपद में खाद्यान्न की आवश्यकतानुरूप आंवटन प्राप्त होता रहे। वर्तमान में तहसील मिश्रित के नगरीय क्षेत्र में कुल ११११२९ लाभार्थी प्रचलित है, जिसमें से कुल ९४५० लाभार्थियों की के०वाई०सी० हो चुकी है तथा १६७९ लाभार्थी अवशेष है तथा ग्रामीण क्षेत्र में कुल ६४४७४४ लाभार्थी प्रचलित है, जिसमें से कुल ५२२४१६ लाभार्थियों की ई-के.वाई.सी. हो चुकी है तथा कुल १२२३२८ लाभार्थी अवशेष है, जिन्होंने अभी तक ई-के.वाई.सी. नही कराई है। उन्होंने तहसील मिश्रित के समस्त ऐसे कार्ड धारकों, जिनका अथवा जिनके परिवार के किसी सदस्य की ई-के.वाई.सी. अभी तक नहीं हो पायी है, उनसे अपील की है कि वह २० जून २०२५ से प्रारम्भ हुये वितरण चक्र के दौरान आवंटित निःशुल्क राशन व सशुल्क चीनी (अन्त्योदय राशन कार्ड हेतु) प्राप्त करते हुये भारत सरकार की उक्त अपेक्षानुक्रम में अपने राशनकार्ड में समस्त लाभार्थियों की ई-के.वाई.सी. प्रत्येक दशा में ३० जून २०२५ तक पूर्ण करा लें, जिससे तहसील को खाद्यान्न का आवश्यकतानुरूप आवंटन प्राप्त होता रहे। यदि नियत तिथि तक ई-के.वाई.सी. नहीं होती है तो ऐसी दशा में ई-के.वाई.सी. न कराने वाले लाभार्थियों का खाद्यान्न रोक दिया जायेगा। उन्होंने समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वह यह सुनिश्चित कर लें कि उनकी उचित दर की दुकान से सम्बद्ध कोई भी लाभार्थी ई-के.वाई.सी. हेतु अवशेष न रहने पाये। नियत तिथि तक प्रत्येक दशा में उसकी ई-के.वाई.सी. पूर्ण करा ली जाय। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मिश्रित एवं पूर्ति निरीक्षक मिश्रित को निर्देशित किया जाता है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत अपात्र, विस्थापित, मृतक यूनिटों को निरस्त करना सुनिश्चित करते हुये ई-के०वाई०सी० कार्य की उचित दर विक्रेतावार पोर्टल पर उपलब्ध पेन्डिग लिस्ट के लाभार्थियों द्वारा ई-के.वाई.सी. न कराने के कारणों की नियमित रूप से समीक्षा करते हुए, सम्बंधित उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से अवशेष लाभार्थियों की ई-के.वाई.सी. नियत तिथि ३० जून २०२५ तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

### मासूम बच्ची की सर्पदंश से मौत

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। महमूदाबाद के शाहीनुपर की तीन वर्षीया शालिनी पुत्री नीरज को मंगलवार को सर्प ने काट लिया।

परिजन शालिनी को इलाज के लिए लेकर सीएचसी महमूदाबाद आए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव लेकर चले गए।

## बारिश में जलभराव से निजात दिलाने के लिये अधिशासी अधिकारी ने चलाया अभियान, करायी नालों की सफाई

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। नगर में दो दिन से रुक रुककर हो रही बारिश के चलते सड़कों पर जलभराव की शिकायत पर मंगलवार को बारिश शुरू होते ही ईओ शैलेंद्र दुबे १५ सफाईकर्मियों के साथ मोतीपुर चौराहे पर पहुंचे। नालों में अवरुद्ध कीचड़ को साफ कराते हुए जल निकासी दुरुस्त कराई। सोमवार की दोपहर करीब एक बजे से तेज हवाओं के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश तीन घंटे तक चली थी। बारिश के चलते कई स्थानों पर नाले



अवरुद्ध होने के चलते जल भराव हो गया था। मंगलवार को फिर बारिश शुरू होते ही ईओ शैलेंद्र दुबे ने १५ सफाईकर्मियों संग नगर भ्रमण कर जायजा लिया और नालों का अवरोध साफ कराया। ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया कि बारिश के दौरान सभी नालों के अवरोध साफ करवा दिए गए हैं, नगर में जल भराव न हो इसके लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

## तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जनपद में चोरी/ नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी लहरपुर नागवेन्द्र चौबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए ०३ अभियुक्तगण सलमान पुत्र सलीम निवासी मो० अहमदाबाद गंज थाना तम्बौर ,मेहताब उर्फ लुक्का पुत्र मुन्ना




मो० कायस्थन टोला थाना तम्बौर ,सद्दाम पुत्र मुन्ना निवासी मो० नरियनटोला थाना तम्बौर सीतापुर को आम की बाग मो० आजादनगर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तगण उपरोक्त से एक अदद लोहे की राड, एक अदद प्लास, एक अदद पेचकस, दो अदद टार्च, एक अदद चाभी का गुच्छा, ०१ अदद लोहे का ब्लेड व ०१ अदद सड़सी बरामद हुए । बरामदगी के संबंध में मु०अ०सं० ३०६/२५ धारा ३१३ बीएनएस पंजीकृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिसके विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न आपराधिक कृत्यों में कई अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभि.गण उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## सपाईयों ने मनाया सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिवस

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। सामाजिक न्याय के योद्धा,संविधान के रक्षक,सशक्त, पीडीए के जननायक,समाजवादी पार्टी के ऊर्जावान राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री,कन्नौज के लोकप्रिय सांसद अखिलेश यादव के ५२वें जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव के नेत्रत्व मे उनका जन्मदिन जिला कार्यालय पर बड़े धूमधाम से मनाया गया । गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव इकबाल हुसैन अंसारी ने किया । जिसमे सबसे पहले जिला कार्यालय पर उनके दीर्घायु हेतु एक गोष्ठी करके उनके सतायु होने की कामना की,व केक काटकर और बडे ही हर्षोउल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया,और जनपद के प्रमुख नेतागण व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को भी केक खिलाया । इसके उपरांत जिला चिकित्सालय व् महिला चिकित्सालय में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव,एमएलसी जासमीर अंसारी,विधायक अनिल वर्मा जी व् समस्त नेतागणों व् कार्यकर्ताओं के साथ मरीजों को फलों की टोकरी वितरित कर उनके दीर्घायु की कामना की । गोष्ठी में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव सहित सभी लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के इस शुभ अवसर पर हम सब उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रक्रति प्रेम को ध्यान मे रखते हुए पीडीए पेड़ हम सब मिलकर लगायेंगे। कार्यालय




परिसर मे नीम,व् बरगद का पौधरोपण कर एवं यूथ जिलाध्यक्षों के द्वारा समस्त विधानसभा में पौधरोपण कर उनके दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की । पूरे जनपद में पीडीए पेड़ के रूप में हम बरगद,और पीपल.नीम का पौधरोपण करेंगे,जो पर्यावरण के संरक्षण के साथ साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता समता की प्राण वायु हर दिन हमको देंगे । समाजवादी पार्टी की भारत के संविधान में सच्ची निष्ठां है । महात्मा गाँधी,डा. राम मनोहर लोहिया और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए हम लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता,सामाजिक न्याय और समाजवाद के प्रति अपने को संकल्पित करते है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ता जो मौसम ख़राब होने की वजह से जिला मुख्यालय पर नही आ सके वो सभी अपने अपने विधानसभा,गाँव में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का जन्मदिन मना रहे है । जननायक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के शुभ अवसर पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में समाजवादी रक्तदान शिविर का आयोजन सयुस महासचिव रोबिन सिंह यादव एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के अगुवाई में किया गया, रक्तदान शिविर में २१ यूनिट ब्लड डोनेशन किया, जिसमे रोबिन सिंह यादव,दिग्विजय सिंह देव, सचिन जायसवाल,असद अराफात, मुकेश यादव,मेराज अहमद, राजीव यादव, इकरार अहमद, अंकुर त्रिवेदी, आज़म सिद्दीकी,नादिर प्रधान, अनस खान, मो सुहैल, अरशद खां,यशपाल यादव, सौरभ यादव, सुमित यादव, रजनीश यादव, शिवम् प्रजापति, वकील अहमद, अवनीश यादव ने अपना रक्तदान किया । इस अवसर पर एमएलसी जासमीर अंसारी,विधायक अनिल वर्मा,पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, रामहेत भारती,पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल, अनूप गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव,प्रदेश सचिव शब्बीर खां,पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खां, चंद्रशेखर यादव,राजितराम शुक्ला, कयूम कुरैशी,रामप्रकाश यादव, विधानसभा अध्यक्ष फुरकान खां, श्यामकिशोर पाल,ओमेन्द्र वर्मा, विजय वर्मा,संदीप कश्यप,मुकेश यादव, मेराज अहमद,शिवम् सिंह, असद अराफात, अंकित त्रिवेदी, मनोज राठौर,कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, राकेश जोशी, वकील अहमद, योगेन्द्र तिवारी, मनोज अर्कवंशी, नादिर प्रधान,डा. चन्द्रभाल भार्गव, राजकिशोर गौतम, अरशद खां,जयकरन राजवंशी, अनस खां,अमन प्रजापति, नीलम यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानमती भार्गव, पवन यादव, राणाप्रताप यादव,खुशीराम पासी,रिजवान अंसारी,मूलचंद्र यादव,अंकित कुमार,इन्द्रपाल सिंह,सुनील यादव, राजेश गिरि,रामू कश्यप,गंगाराम पाल,मंगू लाल गुप्ता,मुलायम सिंह यादव,शिवपाल सिंह,आदि लोग मौजूद रहे ।

## जलभराव से जनता परेशान अधिशासी अभियन्ता बोले पानी निकासी की होगी व्यवस्था

( स्वतंत्र भारत )

रामपुर मथुरा-सीतापुर। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रत्येक ग्राम पंचायत को मेंन रोड से जोड़कर आवागमन को सकुशल बनाया जाए वही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सेमरी से भागीपुर तक रोड का निर्माण हुआ था जिसका नवीनीकरण भी हो चुका है लेकिन बरसात आते ही ज्यों ही चार बूंदे पानी की जमीन पर पड़ती हैं वैसे ही तुहीपुर से भागीपुर के लिए जाने वाली सड़क पर तुतहीपुर प्रवेश करते ही आर सी सी रोड पर पानी का जल भराव हो जाता है वही मरौचा ग्राम पंचायत में भी राधेश्याम के घर के पास जल भराव बना रहता है जिससे सड़क पर गड्ढे बनकर जर्जर रूप धारण कर लेती है जिससे सरकार को मरम्मत करवाने में काफी पैसा भी खर्च करना पड़ता ऐसे में समय रहते पानी का जल भराव समाप्त नहीं किया गया तो सड़क खराब हो करके गड्ढे में तब्दील हो जाएगी जिससे आवा गमन भी बाधित होगा। जब इस संबंध में पी डब्लू डी के अधिशासी अभियंता घनश्याम यादव से बात की गई तो बताया अगर पानी का भराव हो रहा है तो उसके निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन, दी बधाइयां

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीए की राजनीति के अग्रदूत अखिलेश यादव का जन्मदिवस जिला व महानगर कार्यालयों पर पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप व संचालन जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने किया
इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके संघर्ष, विचार और नेतृत्व को जनकल्याण, संविधान रक्षा और सामाजिक न्याय की मजबूत आवाज़ बताया।
इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि अखिलेश यादव ने पीडीए के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में ही हाशिये पर खड़े लोगों को राजनीतिक मुख्यधारा में प्रतिनिधित्व मिला है। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि पीडीए की



अवधारणा आज सामाजिक न्याय की सबसे मजबूत ज़मीन है और अखिलेश यादव ने इसे जनांदोलन में बदल दिया है। उनका जन्मदिन हमारे लिए एक राजनीतिक संकल्प का दिन है।
विधायक एवं प्रदेश महासचिव अता उर रहमान ने कहा कि पीडीए के जननायक अखिलेश यादव ही इस समय की सबसे बड़ी उम्मीद हैं, जो नफरत के विरुद्ध मोहब्बत और अन्याय के खिलाफ इंसाफ की आवाज़ बनकर उभरे हैं। पूर्व मंत्री पूर्व विधायक भगवत शरण गंगवार ने कहा





कि अखिलेश यादव ने युवाओं, किसानों और वंचित वर्गों के बीच विश्वास पैदा किया है। उन्होंने दिखा दिया कि राजनीति सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम है।
इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने केक काटकर जन्मदिन का उत्सव मनाया, एक-दूसरे को बधाई दी और सामूहिक भोज में भाग लिया। सभी ने ईश्वर से उनके स्वस्थ, दीर्घायु और संघर्षशील जीवन की कामना करते हुए संकल्प लिया कि पीडीए की ताकत को गांव-गांव तक पहुँचाया जाएगा।
इस मौके पर पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, सुप्रिया ऐरन, पूर्व विधायक पंडित आरके शर्मा, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, रविंद्र यादव,डॉ अनीस बेग, डॉ देवेंद्र यादव, शिव प्रताप यादव, दिनेश यादव,नदीम अली, हरिशंकर यादव, खालिद खां, सुरेंद्र सोनकर, सुरेंद्र यादव, नरेश सोलंकी, राजेश मौर्य, ब्रजेश श्रीवास्तव, असलम खान, मुकेश मिश्रा, स्मिता यादव, सरताज गजल अंसारी, जैनब फातिमा, शशि चंद्रा, मीना सागर, पल्लवी सक्सेना, सीमा श्रीवास्तव, ऋषि यादव, दिलीप बाल्मीकि, संजय वर्मा, हरिओम प्रजापति, हसीब खान, जमुना प्रसाद मौर्य, विपुल अग्रवाल, शाहिद खां, असलम खां, द्रोण कश्यप, संजीव कश्यप, हिमांशु सोनकर, शुभम कश्यप, अरविंद धांतिया, मकसद खान, हसीब खान, रोहित राजपूत, सुरेश गंगवार, अनील गंगवार, बलराम यादव, नसीर रजा, इंद्रपाल यादव, रमेश यादव, सहवाव रजा, खालिद राना, श्यामवीर यादव, मोहित भारद्वाज, संदीप मौर्य गौरव यादव आदि मौजूद रहे।

**धोपेश्वर नाथ मंदिर में हवन पूजन करके मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्म दिन के उपलक्ष्य पर धोपेश्वरनाथ मंदिर पर अखिलेश यादव की दीर्घायु और खुशहाली के लिए रुद्राभिषेक और हवन पूजन किया गया। हवन पूजन करने वाले सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवक्ता मयंक शुक्ला, कमल साहू, राहुल यादव, रजत मिश्रा, हरजीत सिंह, परवेज यार खान, मुशाहिद खान, कपिल जेटली आदि लोग मौजूद रहे।

**अखिलेश यादव के जन्मदिन पर अनाथालय में फल वितरण किए**

एक जुलाई को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन सपाइयों ने मनाया। इसी क्रम में सपा के विशेष आमंत्रित प्रदेश कार्यकारणी सदस्य संजीव कुमार सक्सेना, जिला महासचिव संजीव यादव, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर प्रमोद सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष हैदर अली ने आर्य समाज अनाथालय में आचार्य जी के साथ फल वितरण कर,अपने नेता अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना की।

## रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने २०० से अधिक स्कूली बैग बांटे

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** रोटरी क्लब ऑफ बरेली द्वारा रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय नववर्ष का शुभारम्भ मंगलवार को को प्रोजेक्ट शिक्षा उदय के अंतर्गत 200 से अधिक छात्र / छात्राओं को स्कूल बैग व स्टेशनरी सामग्री के वितरण के साथ किया गया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के द्वारा 25 हजार से अधिक छात्र / छात्राओं को स्कूल बैग व स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया जाना है। जिसका शुभारम्भ आज रोटरी क्लब ऑफ बरेली द्वारा अर्बन हाट बरेली स्थित ऑडिटोरियम में एक समारोह के साथ किया गया। इस समारोह में 15 से अधिक स्कूलों के छात्र / छात्रा मौजूद रहे।
कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए रोटरी क्लब बरेली के अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा द्वारा बताया गया कि रोटरी क्लब के 07 प्रमुख उद्देश्यों में से एक उद्देश्य साक्षरता एवं बेसिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार का भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा उदय प्रोजेक्ट के अन्तर्गत स्कूल बैग वितरण के एक वृहद कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही दो एस्ट्रोनॉमी लैब एवं कुछ चुनिंदा छात्र / छात्राओं को इसरो के भ्रमण पर भेजने की भी योजना है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए राजेन विद्यार्थी ने बताया कि 25 हजार से अधिक स्कूल बैग छात्र - छात्राओं तक पहुँचाए जायेंगे। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि रोटरी क्लब की यह पहल निश्चित रूप से बेसिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में सहायक होगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अजीत कुमार ने कहा कि रोटरी क्लब का प्रयास सराहनीय है। स्कूल बैग शिक्षा की मूलभूत आवश्यकता है। भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. किशोर कटरू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## पास खेल रहे बच्चों पर भराभरा कर गिरी कच्ची दीवार, एक की मौत, एक घायल

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवादिया कल्याणपुर के ग्राम अहिर गोटिया में मंगलवार की सुबह मकान की कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। इसमे दीवार के पास ही खेल रहे दो बच्चे मलबे में दब गए और उनमें से एक की मौत हो गई जब कि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
थाना क्षेत्र के गांव अहिर गोटिया निवासी मोहित का 14 वर्षीय पुत्र देवेंद्र व उसका फुफेरा भाई रवि पुत्र दिनेश उम्र लगभग 8 वर्ष निवासी ग्राम सफीपुर थाना बिनावर जनपद बदायूं मंगलवार की सुबह घर में दोनों खेल रहे थे तभी अचानक मकान की कच्ची दीवार भर भरा कर गिर गई जिसमें दोनों बच्चे उसके मलबे में दब गए जैसे ही घरवालों को जानकारी हुई वह मलबे में दबे बच्चों को निकालने के लिए जुट गए गांव वाले भी पहुंच गए और मलबे में दवे दोनों बच्चों को बाहर निकाला तब तक 14 वर्षीय देवेंद्र की मलबे में दबने से मौत हो चुकी थी जब कि रवि मलवे में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों ने इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई और मृतक बच्चे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। रवि अपने मां के यहां मेहमानी में आया हुआ था। घटना की जानकारी होते ही रवि के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए वहीं देवेंद्र की इस तरह अचानक मलबे में दबाकर मौत हो जाने पर उसके परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जमीनी विवाद में सौतेले भाई ने पिता-पुत्र को कार से टक्कर मारी, दोनों की मौत, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** बाइक से अपने गांव जा रहे पिता-पुत्र को उसके सौतेले भाई ने जमीनी विवाद के चलते अपनी ईको कार द्वारा सामने से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गयी। ईको कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया।
थाना क्षेत्र के गांव नाद अलगनी निवासी नन्हे उम्र 65 वर्ष अपने बड़े पुत्र मिसरयार खा 35 वर्ष के साथ मंगलवार को दोपहर में अपनी बाइक से फरीदपुर से अपने गांव जा रहे थे तभी नन्हे खा की दूसरी पत्नी के बेटे मकसूद द्वारा अपनी ईको कार से सामने से टक्कर मार दी जिससे पिता पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सीओ फरीदपुर संदीप कुमार सिंह कोतवाली



प्रभारी राधेश्याम पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और घटना के बाबत जांच पड़ताल की घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन भी पहुंच गए पुलिस ने दोनों के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। वही जानकारी में आया है कि मृतक नन्हे की दो शादियां हुई थी जिसमें पहली पत्नी की मौत हो गई थी तब उसने दूसरी शादी जरीना के साथ की थी। जरीना भी अपने बेटे मकसूद को नन्हे के पास छोड़कर 20 वर्ष पहले दूसरी जगह चली गयी थी। तब नन्हे द्वारा ही मकसूद का पालन पोषण किया। मकसूद अपने पिता नन्हे से 22 बीघा जमीन में से अपना पूरा हिस्सा मांगता था लेकिन नन्हे ने मकसूद को 4.5 बीघा जमीन ही दे रखी थी और नन्हे अपनी पहली पत्नी के बेटे मिसरयार के साथ रहते थे। इसी बात से मकसूद रंजिश मानने लगा। उधर सूत्रों द्वारा जानकारी में आया है कि नन्हे खा ने भगवंतपुर बैंक से ?300000 का लोन लिया था जिसका रुपया वह सोमवार को बैंक से लेकर घर आया था तब मकसूद ने अपने हिस्से के रुपए मांगे तो नन्हे ने रुपए देने से मना कर दिया जिससे वह नाराज हो गया।इसी रंजिश के चलते मंगलवार को दोपहर समय लगभग 11: 00 नन्हे अपने बड़े पुत्र मिसरयार के साथ बाइक से फरीदपुर से अपने गांव जा रहा था जैसे ही वह ढकनी राजपुरी गांव के समीप मढी के पास पहुंचे ही थे तभी सामने से ईको कार से आ रहे नन्हे के दूसरी पत्नी के बेटे मकसूद ने बाइक को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे दोनो की मौत हो गयी?। टक्कर टक्कर मारने के बाद मकसूद मौके पर ही अपनी इको गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ईको कार को अपने कब्जे में ले लिया है। और मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। वही मृतकों के परिजनों की ओर से जमीनी विवाद के चलते मकसूद द्वारा उनकी कार से कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस फरार हुए ईको कार चालक की तलाश में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त, आपूर्ति ठप, उपभोक्ता परेशान



**भुता।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केसरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से ढाई सौ केवी का ट्रांसफार्मर जलकर बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे पिछले 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। जिसको लेकर कनेक्शनधारियों में ऐसी भीषण गर्मी में त्राही त्राहि मची हुई है। उन्होंने शीघ्र दूसरा ट्रांसफार्मर बदलने की मांग विद्युत विभाग के अधिकारियों से की है।
विद्युत उपकेंद्र भुता बिजली लाइन से जुड़ा ग्राम केसरपुर में ईदगाह कपास स्थित लगा ट्रांसफार्मर सोमवार को तेज बारिश में अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे ट्रांसफार्मर जलकर बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो गया है।और एक बड़ा हादसा होने से भी टल गया ,साथ ही विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई है, जिससे ऐसी भीषण गर्मी में त्राहि त्राहि मची हुई है। तथा बिजली से होने वाले कार्य भी ठप्प पड़े हुए हैं। ग्रामीण कनेक्शनधारियों ने शीघ्र दूसरा ट्रांसफार्मर लगाये जाने की मांग विद्युत विभाग के अधिकारियों से की है। इधर अवरअभियंता विद्युत विभाग भुता के सोमप्रकाश का कहना है कि ट्रांसफार्मर बदलवाने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से शुरू कर दी गई है जिससे कि ग्राम वासियों को गर्मी के मौसम में विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से मिल सके।

### फतेहगंज पूर्वी में चलाया गया प्लास्टिक उन्मूलन अभियान



**फतेहगंज पूर्वी।** अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजन नाथ तिवारी के द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन अभियान के तहत की गई छापेमारी में दुकानदारों को प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने की हिदायत दी गई। अधिशासी अधिकारी फतेहगंज पूर्वी के द्वारा छापामारी अभियान में नगर पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर उपेंद्र कुमार कार्य वाहक सफाई नायक उद्यम सिंह हंसनाज बेग संजीव कुमार रविन्द्र यादव एवं नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई की पॉलीथिन का उपयोग करते हुए पाए गए तो कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल



**फतेहगंज पूर्वी।** मंगलवार सुबह गाड़ी संख्या 13010 में लाइन से सुबह 5:30 बजे रन थ्रू सुबह पास हो रही थी तभी एक लड़का चलती ट्रेन से गिर गया आरपीएफ सिपाही बिलपुर ऋषिपाल ने देखा और लड़के को उठाकर स्टेशन पर रखा जहाँ उसका उपचार किया गया। स्टेशन मास्टर की सहायता से एंबुलेंस को बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरानपुर कटरा में भर्ती कराया गया। घायल व्यक्ति का नाम कृष्णा पुत्र रामबहादुर थाना दरियावाद जिला बाराबंकी है। उसके सिर में गम्भीर चोट लगी है। उसका उपचार अस्पताल में चल रहा है।

### युवती प्रेमी संग फरार, साथ ले गई पांच लाख रुपये नकद, छह लाख के जेवर

**फरीदपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती घर में रखें 5 लाख रुपए नकद 6 लाख रुपए कीमत केआभूषण लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के परिजनों ने थाना पुलिस को घटना की तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 22 वर्षीय युवती के भाई ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह घर पर था मां गांव में गई हुई थी दोपहर समय लगभग 12-30 बजे उसकी बहन फरीदपुर कपड़ा सिलाने को कह कर गई हुई थी परंतु वह घर वापस नहीं लौटी।
मां ने घर आने के बाद बक्सा खोलकर देखा तो उसमें रखें 5 लाख रुपए नकद 6 तोला वजन के सोने के आभूषण जिनकी कीमत लगभग 6 लाख रुपए है सारा सामान गायब था। काफी खोजने के बाद पता चला कि जनपद मथुरा के थाना नौझील तहसील मठ के ग्राम बसउ का रहने वाला युवक निक्की चौहान उसे बहला फुसला कर अपने साथ भाग ले गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि निक्की चौहान 4 दिसंबर सन 2023 को गांव में हुई भागवत कथा में वीडियो रिकॉर्डिंग करने आया था उसी समय वह उसके संपर्क में आ गई थी और आरोपी निक्की सिंह फोन पर उससे बात करने लगा था। युवती की शादी भी तय होने वाली थी परिवार वालों ने उसके लिए लड़का भी देख रखा था। परिजनों की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाबा अमरनाथ के लिए बरेली से पहला जत्था रवाना

**बरेली।** बाबा श्री अमरनाथ जी के दरबार में चौथी बार दर्शन हेतु भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव कश्यप के नेतृत्व में अमरनाथ के लिए रवाना हुआ इस मौके पर सांसद छत्रपाल गंगवार, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल कुमार एडवोकेट, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर ने झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को चौथी बार अमरनाथ के लिए रवाना किया।

## बाबा बर्फानी के दर्शन को रवाना हुआ शिव भक्तों का पहला जत्था, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने पुष्प वर्षा कर यात्रा मंगलमय होने की दीं शुभकामनाएं

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** तहसील फरीदपुर से,हर वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी फरीदपुर से बाबा बर्फानी अमरनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार को भव्य विधि-विधान के साथ रवाना हुआ। जत्था बरेली-रामपुर के स्क्ष्ट कुंवर महाराज सिंह के विशेष सानिध्य और मार्गदर्शन में फरीदपुर से रामपुर तक के लिए रोडवेज बस द्वारा रवाना किया गया।भक्तों को दी गई मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दीं।
जत्था रवाना करने से पूर्व आचार्य संजीव कुमार मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सभी शिव भक्तों का तिलक कर उन्हें बाबा बर्फानी की कृपा से सुरक्षित, सुखद और सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। बस का तिलक कर नारियल फोड़ते हुए उन्होंने यात्रा की मंगल शुरुआत कराई। पूरा वातावरण हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। सभी



भक्तगण धार्मिक स्थलों के दर्शन कर 10 जुलाई को लौटेंगे श्रद्धालु
यात्रा के दौरान श्रद्धालु बाबा बर्फानी के साथ-साथ मां वैष्णो देवी और शिवखोड़ी की पवित्र गुफा के भी दर्शन करेंगे। यह सम्पूर्ण धार्मिक यात्रा 10 जुलाई को आषाढ़ मास की गुरु पूर्णिमा के दिन संपन्न होगी और सभी भक्त उसी दिन सियालदा से अपने-अपने निवास स्थान को लौट आएंगे। जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं में संजीव कुमार (संजू भैया),आचार्य संजीव कुमार मिश्रा,अवधेश कुमार,रजनीश अग्रवाल, रूपल अग्रवाल हर्षुल अग्रवाल, राजेंद्र पाल सिंह, सुरेश मौर्य, सुरेश कुमार ,पप्पू मौर्य, शंकर मौर्य, सत्यपाल पनीर वाले, विनोद कुमार अपनाजी वाले, टीटू मौर्य, सुनील गौड़, रितु देवी, पुष्पा,सानू यादव, चंद्रभान यादव, भोला (चाट भंडार),भगवान दास मटिया कपिल वर्मा, वर्मा मेडीकल शिवभक्तों का यह जत्था पूरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हर हर बम बम के जयघोष करते हुए पावन अमरनाथ यात्रा को निकला है। सभी श्रद्धालुओं की मंगलमयी यात्रा के लिए शुभकामनाएं, बाबा बर्फानी सभी के मनोरथ पूर्ण करें।

## एफआईआर की निष्पक्ष जांच की मांग, एसएसपी से मिले पीड़ित

### पीड़ित की जमीन पर कर रखा है अवैध कब्जा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जयपाल पुत्र जवाहर निवासी हाल नकटिया कृष्णा नगर कालोनी थाना कैन्ट जिला बरेली का है और पेशे से अधिवक्ता है। जिसका थाना फतेहगंज पूर्वी के रहने वाले अजीत पुत्र मुकेश से जमीन का विवाद चल रहा है। पीड़ित का खेत मुकेश के खेत के बराबर में है। मुकेश व अजीत ने दबंगई व बदमाशी के बल पर पीड़ित की दो बीघा काश्त आराजी पर अवैध कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने मुकेश व अजीत से अपनी काश्त आराजी से अवैध कब्जा छोड़ने को कई बार कहा किन्तु दोनों ने पीड़ित की जमीन से अवैध कब्जा नहीं छोड़ा।
मुकेश बदमाश किस्म का व्यक्ति है और पीड़ित व उसके भाईयों से जमीन से अवैध कब्जा हटाने के बदले पांच लाख रूपये की रंगदारी मांग रहा है। दोनों ने आपराधिक षड्यन्त्र रचकर अजीत से पीड़ित व उसके भाईयों के खिलाफ फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी। उक्त घटना दिन के 11 बजे की दिखाई है जबकि पीड़ित कथित घटना के दिन, 25 जून 2025 को 11 बजे प्रभा टाकीज के पास मौजूद था। कथित घटना तहसील फरीदपुर की भी दिखाई है जबकि वादी के पास किसी तरह की कोई सीसीटीवी फुटेज मौजूद नहीं है।
इसके अलावा कथित फर्जी घटनास्थल व फर्जी घटना की तारीख पर पीड़ित और उसके भाई वहां मौजूद नहीं थे। पूरी फर्जी घटना जमीन के विवाद में व पांच लाख रूपये की रंगदारी न देने के कारण रची गई है। गांव के लोगों ने बताया कि अजीत अपने मकान के जीने से गिर गया था और जीने से गिरने से आयी चोट का फर्जी मेडीकल बनाकर व षड्यन्त्र रचकर फर्जी एफआईआर पीड़ित व उसके भाईयों के खिलाफ दर्ज कराई है। पीड़ित व उसके भाई अलीबी के वैध रूप से हकदार है। पीड़ित व उसके भाईयों की सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर निकलवाकर एफआईआर का निस्तारण कराया जाना न्यायहित में आवश्यक है।
पीड़ित ने मु0अ0सं0-0257/2025 थाना फतेहगंज पूर्वी की निष्पक्ष विवेचना कराकर एफआईआर का निस्तारण कराये जाने की एसएसपी से गुहार लगाई है।

## पंजाबी महासभा की विधवा पेंशन योजना को १० वर्ष पूर्ण, १२० महिलाओं को मिल रही सहायता

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** पंजाबी महासभा द्वारा चलाई जा रही विधवा पेंशन योजना ने मंगलवार को 10 वर्ष पूरे कर लिए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 120 महिलाओं को 500 रुपये प्रति माह की सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विमल भारद्वाज उपस्थित रहे।
डॉ. भारद्वाज ने पंजाबी महासभा के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने योग, डायबिटीज नियंत्रण, हृदय रोगों से बचाव और संतुलित जीवनशैली व खानपान पर विशेष जोर दिया।
कार्यक्रम में पंजाबी महासभा के अध्यक्ष संजय आनंद ने कहा कि इस पेंशन योजना का विस्तार किया जाएगा और इसके लिए समाज के सभी वर्गों से सहयोग अपेक्षित है। उपस्थित लोगों ने इस पुनीत कार्य में पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सतीश सक्सेना मामा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी और समाज सेवा में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया।
कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक अरोड़ा, नगर महामंत्री देवराज चंडोक, जिला महामंत्री जतिन भाटिया, मीडिया प्रभारी अमित अरोड़ा, तरुण साहनी, मनु बक्शी, संजीव आनंद, संजीव गुलाटी, म. दुआ, संजीव सोई, नगर अध्यक्ष हरजीत सिंह जोहर, शिव मक्कड़, राम अरोड़ा, सोनू अरोड़ा सहित अनेक पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## घर-घर दस्तक देकर होगी संचारी रोगों की रोकथाम

### सांसद ने शुरू किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान और स्टॉप डायरिया कैंपेन का शुभारंभ मंगलवार को सांसद छत्रपाल गंगवार ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में फीता काटकर किया।
इस अवसर पर सांसद ने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है और सरकार के प्रयासों से इसमें कमी भी आई है लेकिन अभी हमें और काम करने की आवश्यकता है। सभी एकजुट होकर इन संचारी रोगों पर काबू पा सकते हैं।
विधायक कैंट संजीव अग्रवाल ने लोगों से अभियान में सहयोग करने की अपील की। अपर निदेशक डॉ साधना अग्रवाल ने कहा कि यह साल का दूसरा संचारी रोग नियंत्रण अभियान है। लोग अपने घर के आस पास साफ सफाई रखें, पानी इकट्ठा न होने दें और मच्छर न पनपने दें ।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह ने कहा कि एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा स्टॉप डायरिया कैंपेन व 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल है तथा स्वास्थ्य विभाग सहित कुल 13 विभाग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं। जांच और इलाज निःशुल्क उपलब्ध है।
संचारी रोग के नोडल व जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता बुखार, इन्फ्लुन्जा लाइक इलनेस, टीबी के लक्षण वाले रोगियों, कुपोषित बच्चों, खांसी जुकाम, कुष्ठ, काला जार और फाइलेरिया के लक्षण वाले रोगियों की सूची बनाएंगी इसके साथ ही जिन घरों में मच्छर का लार्वा पाया जायेगा उसका चिन्हीकरण कर उसकी सूचना ब्लाक और जिला मुख्यालय पर भेजेंगी जिसके अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। दस्त के दौरान ओआरएस घोल एवं जिंक की गोली का सेवन करना चाहिए। यदि इसके उपयोग के बाद भी दस्त ठीक न हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं।
इसके अलावा फूड सेफ्टी एवं ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री को विशेषकर खुले हुए खाद्य पदार्थ जैसे बेकार सड़े हुए फल सब्जी इत्यादि एवं असुरक्षित तरीके से तैयार किए जा रहे ताजा फलों, गन्ने के रस आदि पर नियंत्रण करने का भी कार्य किया जाना है ।
इस अवसर पर जागरूकता रैली, प्रचार प्रसार व फॉगिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में डिविजनल सर्विलांस अधिकारी डॉ अखिलेश्वर सिंह,अर्बन नोडल डॉ अजमेर सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीबी गंज डॉ मधु गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह, समस्त मलेरिया निरीक्षक, जनपद प्रतिनिधि डब्ल्यू एच ओ, यूनिसेफ, जे एस आई, एमबीएस, यू एन डी पी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम ने मौके पर बनवाई पात्रों की पेंशन

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर डीएम गंभीर





**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने आज कुल 109 शिकायतों को सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई के दौरान मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के जन सुनवाई के दौरान ही आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 03 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान ही 130 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। मौके पर ही कई पात्रों के राशन कार्ड बनवाये गए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बटवारे, अविवादित वरासत, पैमाइश आदि से सम्बंधित आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। भूमि विवाद के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। थाकबंदी के मामलों में अनावश्यक देरी न की जाये। भूमि विवाद के प्रकरण में राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करे। सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाये। आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित किया जाये।

बालक राम नाम के एक व्यक्ति की मौके पर ही वृद्धावस्था पेंशन बनवायी गयी। कांती नाम की एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका है, को निराश्रित महिला पेंशन का लाभ दिलाया गया तथा उनके दोनों बच्चों को बाल सेवा योजना से आच्छादित कराया गया। उपासना नाम की एक महिला को राशन कार्ड दिलाया गया। तारावती नाम की एक महिला को निराश्रित महिला पेंशन योजना से आच्छादित कराया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने बैंक प्रतिनिधियों की बैठक मे कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के आवेदनों का तेजी से निस्तारण कराया जाये। आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित या अस्वीकृत न किया जाये। बैंक ऑफ इण्डिया, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया व इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, आर्यावर्त बैंक, पंजाब नेशनल बैंक में बड़ी संख्या में आवेदन लंबित होने व बड़ी संख्या में आवेदन अस्वीकृत होने पर कड़ी नाराजगी जतायी। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना में सहयोग न करने वाले बैंक प्रबंधकों की जवाबदेही तय की जाये। छोटी मोटी कमियों में सुधार के लिए आवेदकों को सूचित किया जाये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, एलडीएम अरविन्द रंजन व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर जिलाधिकारी गंभीर

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के आवेदनों का तेजी से निस्तारण कराया जाये। आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित या अस्वीकृत न किया जाये। बैंक ऑफ इण्डिया, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया व इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, आर्यावर्त बैंक, पंजाब नेशनल बैंक में बड़ी संख्या में आवेदन लंबित होने व बड़ी संख्या में आवेदन अस्वीकृत होने पर कड़ी नाराजगी जतायी। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना में सहयोग न करने वाले बैंक प्रबंधकों की जवाबदेही तय की जाये। छोटी मोटी कमियों में सुधार के लिए आवेदकों को सूचित किया जाये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, एलडीएम अरविन्द रंजन व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चार स्कूली वाहनों का किया गया चालान

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** सहायक परिवहन अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह ने शासन द्वारा 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक विशेष चेंकिग अभियान चलाये जाने के अनुपालन में आज स्कूली वाहनो के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया। चेंकिग के दौरान 04 स्कूली वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई। उन्होंने समस्त स्कूल प्रबंधकोध् प्रधानाचार्यो को सूचित किया है कि अपने स्कूल की अनफिट वाहनों को स्कूली मानक के अनुरूप सुधार करवा कर नियमानुसार फिटनेसध्परमिट सर्टिफिकेट प्राप्त कर लें। चेंकिग के दौरान जो स्कूली वाहने मानक के अनुरूप संचालित नहीं पाई जायेगी उनके विरूद्ध चालान ध्निरूद्ध की कार्यवाही की जायेगी।

## बाइक और मोबाइल सहित आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई।** अतरौली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र से छीने गए मोबाइल और चोरी की अपाचे बाइक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 5 मई को पंकज कुमार पुत्र परवन निवासी ग्राम सूर्जी खेड़ा द्वारा थाना अतरौली पर तहरीर दी गयी कि जनसेवा केंद्र मोहम्मदपुर बेलवारन के निकट मोटरसाइकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उससे मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गये। तहरीर के आधार पर थाना अतरौली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की थी। उपनिरीक्षक राहुल शर्मा, जितेंद्र कुमार और पुलिस बल द्वारा सत्यमान पुत्र शिवदयाल निवासी रसूलपुर थाना सण्डीला को एक मोबाइल फोन, 500 रुपये नगदी व घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# डॉक्टर्स डे पर रेड क्रॉस से जुड़े चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** चिकित्सा क्षेत्र में अपनी मानवीय सेवाओं के लिए जाने जाने वाले डॉक्टर विधान चंद्र राय के जन्मदिन और पुण्यतिथि के अवसर पर रेड क्रॉस भवन में डॉक्टर्स डे मनाया गया। समिति के उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में रेड क्रॉस से जुड़े चिकित्सकों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और चिकित्सकों को पल्स मीटर और मास्क के पैकेट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभिषेक गुप्ता ने बताया कि आज ही के दिन 1 जुलाई को कृतज्ञ राष्ट्र प्रख्यात चिकित्सक अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत रत्न डॉक्टर विधान चंद्र राय के जन्मदिन को डॉक्टर्स डे के रूप में मनाता है वह पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री थे। उन्होंने मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए भी किसी भी पीड़ित मानव की चिकित्सा की सहायता हेतु हमेशा अग्रणी रहे। महत्वपूर्ण हो कि उस जमाने में चिकित्सकीय जांच के लिए कोई साधन मौजूद नहीं थे, डॉक्टर राय की खासियत यह थी कि वह रोगी की समस्या को पहचानते हुए तुरंत सही इलाज के लिए परामर्श देते थे। इसी वजह से उन्हें सन 1961 में भारत रत्न से सम्मानित भी किया गया था।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अनुज गुप्ता ने कहा कि मानवीय सेवा में अग्रणी संस्था रेड क्रॉस समिति यदि चाहे तो रेड क्रॉस से जुड़े चिकित्सकों को रेड क्रॉस भवन में एक दिन निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श और औषधि के लिए आमंत्रित कर सकता है। चिकित्सक रेड क्रॉस में अपनी सेवाएं देने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पीके सिंह चैहान एवं डॉ नवीन सक्सेना ने कहा कि वह रेड क्रॉस में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं। अन्य चिकित्सकों ने भी अपनी सेवाएं देने के लिए हामी भरी। डॉ अनुज गुप्ता ने चिकित्सकों से निवेदन किया कि वह पीड़ित जनों की सेवा हेतु कम लागत में चिकित्सा की सहायता उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर सम्मानित किए गए चिकित्सकों में डॉक्टर पी के सिंह चैहान, डॉक्टर नवीन सक्सेना, डॉक्टर अनुज डॉक्टर गौरव कात्यायन, डॉक्टर श्याम सिंह और डॉक्टर रहमानी को पल्स मीटर और मास्क के पैकेट देकर सम्मानित किया गया।

## डीएम ने किया देवस्थान का शिलान्यास



**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता चैम्बर्स के मध्य स्थित ब्रह्म देव देवस्थान के जीर्णोद्वार का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। पुरोहित ने मंत्रोच्चार के बीच पूरी प्रक्रिया संपन्न करायी। भूमि पूजन के दौरान जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने हवन में आहुति दी। जिलाधिकारी ने 5 ईंटें नीव में रखकर देवस्थान का औपचारिक शिलान्यास किया। देवस्थान का जीर्णोद्वार सभी के सामूहिक सहयोग से कराया जा रहा है। जीर्णोद्वार की मांग अधिवक्ता गणों की ओर से लंबे समय से की जा रही थी। आज के भूमि पूजन व शिलान्यास के दौरान अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अन्य संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी को किया सम्मानित

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गोवंश संरक्षण और संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग द्वारा गत वर्षों में किये गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की टीम में पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ कार्य किया है जिसके परिणाम स्वरुप जनपद में गोवंश संरक्षण व संवर्धन में होने वाले नवाचार प्रदेश में एक उदाहरण बन गए हैं। विदित हो कि जनपद में गौशालाओं के लिये 661 हेक्टेयर हरे चारे की बुवाई की गयी है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। गौशालाओं 1244 कैमरे लगाने वाला हरदोई प्रदेश का पहला जनपद है। कैमरों को जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। आज पशुपालन विभाग की ओर से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह आदि उपस्थित रहे।



## मारपीट का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र में 3 मई को दलित परिवार के साथ मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस एक नामजद आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य आरोपियों को पुलिस तलाश कर रही है। प्राप्त विवरण में 3 मई को शिशुपाल पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम चैसार द्वारा थाना अरवल पर तहरीर दी गयी कि सौरभ त्रिपाठी पुत्र अनिल कुमार उर्फ कल्लू निवासी ग्राम चैसार थाना अरवल सहित कुल 11 नामजद व 05-06 अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उसके परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया। इस सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना अरवल पुलिस ने ग्यारह नामजद और अज्ञात लोगों के विरुद्ध दलित एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। थाना अरवल के उपनिरीक्षक अनुराग सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद सौरभ त्रिपाठी पुत्र अनिल कुमार उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। एक अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा चुका है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## अखिलेश यादव युग पुरुष व पीडीए जननायक

**हरदोई।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव व पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका हरदोई रामज्ञान गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस के अवसर पर अपने आवास सर्कुलर रोड पर भव्य भंडारे का आयोजन किया व व्यापारियों पार्टी के पदाधिकारियों के साथ केक काटकर जन्म दिवस की बधाई दी। सपा नेता रामज्ञान गुप्ता ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी युग पुरुष व पी डी ए के जननायक हैं, उनके मुख्यमंत्री काल में उत्तर प्रदेश में एक दिन में 5 करोड़ पेड़ लगवाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था, चारों तरफ चैमुखी विकास हुआ था, माननीय नेता जी के पदचिह्नों पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने समाजवादी पार्टी को हमेशा मजबूत करने का कार्य किया। इस मौके पर पूर्व सांसद उषा वर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी, धर्मवीर यादव, गिरीश गुप्ता, सोनू गुप्ता, धर्मेंद्र यादव दीपू, अभय गुप्ता, मोतीलाल यादव, राजीव यादव गुड्डू, रामदत्त गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, कौशल कुमार, गंधर्व यादव, आदि लोग मौजूद रहे।



## पवन गुप्ता के एसडीएम बनने से खुशी का माहौल

स्वतंत्र भारत

**माधोगंज।** माधोगंज कस्बा निवासी रामचन्द्र गुप्ता अवकाश प्राप्त अध्यापक के सुपुत्र पवन कुमार गुप्ता को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई सूची में तहसीलदार पद से पदोन्नति होकर उपजिलाधिकारी बनाया गया।



पवन गुप्ता की नियुक्ति हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग में पर्यवेक्षक कम आंकिक पद पर हुई। विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर वस्त्र निरीक्षक बने। इसी क्रम में 2009 में लोअर पी सी एस के माध्यम से ए डी ओ सहकारिता पद पर रहे 2014 पी सी एस परीक्षा उत्तीर्ण कर नायाब तहसीलदार पद फर्रूखाबाद जिले में 2016 में नियुक्ति हुई। 2020 में पदोन्नति पाकर अयोध्या जिला मे तहसीलदार पद पर रहे। 2023 में स्थानांतरण होकर मथुरा जिले की मांट तहसील में तहसीलदार पद पर कार्यरत हैं। एस डी एम पद की पदोन्नति पर पैतृक आवास माधौगंज में खुशी का माहौल है। व्यापार मंडल प्रदेश मंत्री नवल माहेश्वरी ने उन्हें सौम्य स्वभाव, प्रशासनिक कार्यों के प्रति सजग, कर्मठ, निर्भीक, ईमानदार छबि का अधिकारी बताया। उनकी पदोन्नति पर उनके बड़े भाई समाजसेवी डॉ. नीरज गुप्ता ने बताया कि भाई के पदोन्नति पर सुधीर गंगवार शिक्षकध्पत्रकार, अमित गुप्ता मल्लावां, अखिलेश गुप्ता पूर्व सभासद, नंदकिशोर गुप्ता पूर्व वाइस चेयरमैन, डा.श्यामसुन्दर शर्मा, प्रमोद गुप्ता पत्रकार, मायाप्रकाश अग्निहोत्री पत्रकार, मुकेश गुप्ता पत्रकार, सूर्यभान सिंह, अनूप दीक्षित, रजनीश द्विवेदी, रजनेश कुमार, यतीन्द्र भदौरिया पत्रकार, अभिषेक गुप्ता हरदोई, डा.अरबिन्द कनौजिया, रामनरेश आर्य पत्रकार, दुर्गेश दीक्षित, रामकिशोर शर्मा पत्रकार, अक्षत श्रीवास्तव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# एडीओ पंचायत ने ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी पर सरकारी धन का दुरूपयोग की दर्ज करवाई रिपोर्ट

- **बिना नाली निर्माण कार्य कराये सेक्रेटरी और प्रधान ने निकाला था पैसा**

स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद ब्लॉक में भ्रष्टाचार का बोलबाला किस कदर है इसका स्पष्ट प्रमाण है ग्राम पंचायत सेक्रेटरी और वर्तमान प्रधान के ऊपर लिखा गया सरकारी धन के दुरूपयोग करने का मुकदमा। ग्राम पंचायत सेक्रेटरी और प्रधान ने 18 मार्च 2024 को बिना नाली निर्माण का कार्य कराए हुए सरकारी धन खाते से आहरित कर लिया। यह खबर जब स्वतंत्र भारत में सुर्खियां बनी तो जांच सही पाये जाने के बाद पंचायत सेक्रेटरी और प्रधान के खिलाफ एडीओ पंचायत द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद ब्लाक अधिकारियों में उथल-पुथल मची हुई है। लखनऊ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र भारत ने 28 जून के अंक में श्बिना निर्माण के नाली बनने का हुआ भुगतानश् शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया था।

खंड विकास अधिकारी ने जांच में सही पाया कि उक्त स्थान श्रवण कुमार के मकान से अलेला पुलिया तक नाली का निर्माण कार्य नहीं किया गया। और इस नाली निर्माण के नाम पर 40, 083 रुपए की निर्माण सामग्री 17, 250 मिस्त्री और 11, 700 मजदूरी सहित 69, 033 का पेमेंट तत्कालीन ग्राम पंचायत सेक्रेटरी पवन कुमार वर्मा तथा प्रधान दयाशंकर द्वारा ले लिया गया।

खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर एडीओ पंचायत जितेंद्र सिंह तोमर ने तत्कालीन पंचायत सेक्रेटरी पवन कुमार वर्मा तथा ग्राम प्रधान दयाशंकर के खिलाफ धारा 420ध्409 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई।** पचदेवरा पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि आशुतोष पुत्र महाराज निवासी ग्राम मनभावनगंज थाना पचदेवरा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी। इस संबंध में थाना पचदेवरा पर आरोपी के विरुद्ध आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई थी। थाना पचदेवरा के उपनिरीक्षक दिनेश पांडेय और पुलिस बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आशुतोष पुत्र महाराज को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ, जिला पंचायत अध्यक्ष ने रैली को दिखाई हरी झंडी




**हरदोई।** जनपद को संचारी रोगों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आज अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा ने 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय हरदोई से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने आम जनमानस को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रारम्भ जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर, क्षेत्रवासियों को संचारी रोगों से बचाव की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सकगण, स्वास्थ्य विभाग परिवार व् क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# ट्रांसपोर्ट एजेंसी बनाकर अवैध वसूली करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

- **कार, सात मोबाइल फोन, दस सिमकार्ड, बायोमैट्रिक मशीन, एटीएम कार्ड बरामद**

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** पाली पुलिस ने एक ट्रांसपोर्ट एजेंसी बनाकर लोगों के रुपए ट्रांसफर कर फ्रॉड करने वाले छह आरोपियों को सात मोबाइल, दस सिमकार्ड, एटीएम कार्ड सहित गिरफ्तार कर गैंग का पर्दाफाश किया है।

प्राप्त विवरण में 29 जून को अखिलेश कुमार पुत्र छोटे भैय्या निवासी ग्राम तिलमई खेडा थाना सांडी द्वारा थाना पाली पर तहरीर दी गयी कि कन्हैया, सूरज, कृष्ण मुरारी व दिनेश पाल नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों द्वारा उसका खाता खुलवाने के लिये उनका आधार कार्ड लेकर खाता खुलवा दिया गया तथा उसका एटीएम कार्ड अभियुक्तों द्वारा अपने पास रख लिया गया। अभियुक्तों द्वारा एक ट्रांसपोर्ट एजेन्सी के नाम से धोखाधड़ी करके वादी के खाते से रुपया डलवाते रहे। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पाली पुलिस ने नामजद सहित अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी।

थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक सोमपाल गंगवार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद व प्रकाश में आये कृष्ण मुरारी उर्फ मुरारी पुत्र राम निवास निवासी ग्राम कन्हारी थाना सवायजपुर, सूरज पुत्र सतेन्द्र निवासी ग्राम तिनमई बेडा थाना सांडी, दिनेश पाल उर्फ अनुज पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम कुन्दरौली सादिकपुर थाना सांडी, पंकज पुत्र पट्टे निवासी ग्राम अमिरता थाना पाली, अंकित पुत्र पुत्तू निवासी ग्राम फतेहपुर थाना पाली, सुमित पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम नगला भैसी थाना पाली को सात मोबाइल फोन, दस सिम कार्ड, एक एटीएम कार्ड व बायोमिट्रिक मशीन, नौ हजार रुपये नगद व कार सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## वन विभाग व पूर्व सैनिक कल्याण परिषद ने किया वृक्षारोपण

**हरदोई।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वन विभाग एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान मे लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष उदय सिंह गौर पार्क हरदोई मे पर्यावरण संरक्षण व् संवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने पार्क परिसर मे पवित्र त्रिवेणी वृक्ष पीपल बरगद नीम की पौध रोपित कर, अपनी माँ के नाम से एक वृक्ष लगाने तथा उस वृक्ष का संरक्षण करने का आह्वान किया। इसी क्रम मे अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने अशोक चक्र विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष उदय सिंह गौर की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर, श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओमप्रकाश मिश्रा, रेंजर प्रमोद कुमार, उप प्रभागीय वन अधिकारी अर्चना रावत, जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन अशोक अग्निहोत्री, सभासद राजीव सोमवंशी सहित वन विभाग परिवार, पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन पदाधिकारी व् क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक

**शाहाबाद हरदोई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डा प्रवीण दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर डॉ दीक्षित ने बताया सीएचसी में शासन की मंशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निकाली गई रैली का उद्देश्य जन-जन को संचारी रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू, और चिकनगुनिया आदि रोगों से बचाव के लिए जागरूक करना है। संचारी रोगों से बचने के लिए घर के आसपास गंदा पानी एकत्र न होने दें। बिना साबुन से हाथ धोए भोजन न करें। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। भोजन और पीने के पानी को स्वच्छ रखें और संचारी रोगों से मुक्त रहें। प्रतिभागियों ने नारे और बैनरों के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति संदेश दिया। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक के अलावा बीसीपीएम सुहेल अहमद, बीएमसी अभय सिंह, बीएचडब्ल्यूध्आईओ शाश्वत त्रिवेदी, एआरओ रूपेश वर्मा, आशा संगिनी एवं आशाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**हरदोई।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी कर उसे वायरल करने के मामले में जनपद की हरियांवा पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण मे हरियांवा पुलिस को सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि विपिन पुत्र हंसराम निवासी ग्राम उमरसेडा थाना हरियावां द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी। इस संबंध में थाना हरियावां पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। थाना हरियावां के उपनिरीक्षक दिनेश वर्मा और पुलिस बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद विपिन को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का डीएम ने किया शुभारम्भ



**मिर्जापुर।** सभी जनपदो में एक जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य चिकित्साधिकारी

## हरी झण्डी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता अभियान रैली को किया रवाना

कार्यालय से आशाओं एवं एएनएम व स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को घर के आस पास साफसफाई रखने, गांव के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा समुदाय को साफसफाई एवं स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने तथा यदि कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होगा तो उसे तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजे जाने एवं संचारी रोग अभियान के अन्य सभी बिन्दुओ के सम्बंध में लोगो को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचारी रोग अभियान को लोगो में जन जागरूकता लाने हेतु जागरूकता रैली का फीता काटकर एवं प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वच्छता से सम्बन्धित शपथ उपस्थित सभी चिकित्सको द्वारा भी ली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग अभियान में लगे सभी स्वास्थ्यकर्मी व इससे जुड़े अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी अपना सहयोग प्रदान करे। उन्होंने पंचायती राज विभाग ग्रामीण क्षेत्रो मे नालियों की सफाई, जल भराव समाप्त करने, हैण्डपम्पो का चिन्हीकरण, झाड़ियों की कटाई, हैण्डपम्पो का मरम्मत, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने लिए निर्देशित करते हुए कहा कि स्वंय मानिटरिंग करते हुए उपरोक्त कार्य सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रार्थना सभाओं में बच्चों को संचारी रोग अभियान के समय रोगो से बचाव व जागरूकता की जानकारी दी जाएं। स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता कराई जाएं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों का चिन्हीकरण व यदि उन्हें बुखार आदि के लक्षण हो तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण व अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराना तथा नगरीय क्षेत्रो में नगर पालिका के द्वारा नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, फागिंग आदि कार्य रोस्टर बनाकर सुनिश्चित कराई जाए ताकि अभियान को सफल बनाया जा सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश सहित अन्य अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहें।

# सपा कार्यालय पर मनाया गया अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन

## काटा केक, फल और मिठाई किये वितरित, किया रक्तदान व पौधरोपण





**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी का 52 वां जन्मदिवस सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर बड़े ही धूमधाम से केक काटकर मनाया जायेगा। इस बीच सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच केक, मिठाई और फ्ल वितरित किए गये। इस अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों को फ्ल वितरण किया गया साथ ही पार्टी कार्यालय पर ब्लड डोनेट भी उनके जन्मदिन पर हुआ और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विदेश से पढ़ाई के बाद सीधे उत्तरप्रदेश की राजनीति में उतर आये। चाचा शिवपाल ने उन्हे छोटे नेताजी के नाम से सम्बोधित किया। कहा कि अखिलेश यादव को पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों का लोकप्रिय नेता बताया। अखिलेश यादव गरीबों के सच्चे हितैषी हैं। पूरे देश के युवा अखिलेश यादव की ओर आशा से देख रहे हैं। उन्हें पीडीए के जननायक बताया।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने रक्तदान, पौधरोपण और गरीब बच्चों में पाठ्य सामग्री वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए।

इस मौके पर रक्तदान करने वालो में युवजन सभा जिलाध्यक्ष विशाल यादव, शिवपूजन यादव, कान्धा यादव, दिनेश पटेल, शिवकुमार यादव, रोशन यादव, आशीष कुमार, रोहित यादव आदि शामिल रहें।

जन्मदिन समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, आशीष यादव, रोहित शुक्ला 'लल्लू', दामोदर प्रसाद मौर्या, सुरेन्द्र सिंह पटेल, डॉ सुनील पटेल, गिरधारी पटेल, कान्धा यादव, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, शैलेन्द्र पटेल, आदर्श यादव, वन्दना गुप्ता, मेवालाल प्रजापति, रामजी मौर्या, सतीश मिश्रा, शहनवाज खान, रवि सोनकर, जीत बहादुर पाल, राम गोपाल बिन्द, जुम्मन खान, रामराज यादव, प्रिन्स रॉव, श्याम अचल यादव, विजय यादव, अमरेश सोनकर, रविन्द्र यादव, आयुब अली, जैनेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, अरशद अली, दिलीप शर्मा, चन्दन यादव, दीपक विश्वकर्मा, कन्हैया यादव, पतालू यादव, रंजीत फौजी, उपेन्द्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहें। इसी क्रम में छानबे, लालगंज, हलिया, मड़िहान, चुनार, जमालपुर आदि क्षेत्रों में भी मरीजों को अस्पतालों में सपा कार्यकर्ताओं ने फल वितरण किया।



## अर्श हॉस्पिटल में मनाया गया डॉक्टर डे



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के बेलन बरौधा स्थित अर्श हॉस्पिटल में मंगलवार को डॉक्टर डे हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर महा नारायण भारती द्वारा हॉस्पिटल के डॉक्टर व कर्मियों के साथ केक काटकर धूमधाम से डॉक्टर डे मनाया है। अर्श हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर महा नारायण भारती द्वारा हॉस्पिटल के डॉक्टर व कर्मियों को डॉक्टर डे पर गिफ्ट देकर सम्मानित किया है। प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को डॉक्टर डे मनाया जाता है। अर्श हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर महा नारायण भारती ने बताया कि डॉक्टर डे बड़े धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। साथ ही हॉस्पिटल में कार्यरत डॉक्टर व कर्मियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया है। इस दौरान डॉक्टर आर. के. शर्मा एमडी मेडिसिन, सुनील कुमार, राज कुमार व कर्मी मौजूद रहे।

## श्याम लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया पर्यावरण पखवाड़ा




**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित श्याम लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को वन महोत्सव सह सघन पौधारोपण अभियान पखवाड़ा चला जिसमें आम, सागौन, शीशम, नींबू, अमरुद सहित सैकडों पौधे लगाए गए। लोग हाथों में बैनर लेकर - पौधे हम लगाएंगे, पृथ्वी को बचाएंगे, चल रहा है। यही अभियान, हरा भरा हो खेत खलिहान, यही हमारा नारा है- पर्यावरण बचाना है जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक कर रहे थे।वन महोत्सव के मुख्य अतिथि श्याम लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के के प्रबंधक जयप्रकाश मौर्य व वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र व डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया है। प्रबंधक जय प्रकाश मौर्य ने कहा कि पौधे लगाने व उनकी देख भाल करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कहा कि जबतक हम धरती को हरा भरा नहीं बनाएंगे तबतक मानव जीवन पर जल,प्रदूषण, आक्सीजन की कमी जैसे अन्य खतरा मंडराते रहेंगे। कहा कि अधिक पौधे लगाएंगे तो हमें अधिक बारिश की पानी व शुद्ध हवा मिलेगी। वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान है। इसलिए हम सभी को हमेशा प्रयास करना चाहिए कि जब मौका मिले एक पेड़ जरूर लगाएं ताकि पर्यावरण संरक्षण बना रहे। मौक़े पर वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र, डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी, वन दरोगा,सन्नी सिंह, श्रवण कुमार संत,वन्यजीव रक्षक अंकुर शुक्ला, नीटू शर्मा, शिवम सिंह, संदीप कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नाला व काश्तकारों की जमीन को अलग करने के लिए जारी किया नोटिस

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग हथेड़ा गांव में आराजी नंबर चार के मिलजुमला नंबर के काश्तकारों व ग्राम सभा नाला के आराजी संख्या के रकवा को अलग अलग करने के लिए सहायक चकबंदी अधिकारी हथेड़ा ने आराजी संख्या चार के काश्तकारों को नोटिस जारी कर कास्तकारो के रकवा व ग्राम सभा नाला के रकवा को अलग अलग करने का निर्देश क्षेत्रीय लेखपाल को दिया है। नोटिस में कहा है की आराजी नंबर चार के काश्तकार व ग्राम प्रधान मौके पर उपस्थित होकर रकवा को अलग अलग कराये हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी पर जल निकासी व्यवस्था नहीं होने से जल जमाव की स्थिति हो गई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन जमा हो गया था जिस पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया था जिसकी जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी मिर्ज़ापुर प्रियंका निरंजन ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल उपजिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित किया था। जिस पर उपजिलाधिकारी ने मौके पर राजस्व कर्मियों को मौके पर भेजकर अस्थाई व्यवस्था कराकर जल निकासी कि व्यवस्था कराया है जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग से पानी निकल गया है। जल निकासी व्यवस्था कि स्थाई व्यवस्था करने के लिए आराजी नंबर चार के मिलजुलमा के काश्तकारों व ग्राम सभा नाला के रकवा को अलग अलग करने का निर्देश दिया गया है।

## एक सप्ताह से जला हुआ है पाल बस्ती का ट्रांसफार्मर, बस्ती में अंधेरा छाया

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत कोटार के पाल बस्ती में लगा 25 केवीए का ट्रांसप ार्मर एक सप्ताह से जला हुआ है। विद्युत विभाग कि लापरवाही से ट्रांसफार्मर जलने कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी नहीं बदला जा सका है जिससे बस्ती में अंधेरा छाया हुआ है। लोगो को काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगो के मोबाइल फ़ोन चार्जिंग के लाले पड़ गए है उत्तर प्रदेश शासन का जंहा फरमान है की ग्रामीण क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को 72 घंटे में बदला जाय उसके विपरीत एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है।

अदालती सूचना ता. पेशी 28.07.2025 जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शाहजहांपुर उपभोक्ता परिवाद पत्र संख्या-377/2024 सर्वेश कुमार बनाम आई.सी.एल बनाम आई.सी.एल म्युचुअल बेनीफिट कारपोरेशन लि. रजि. आफिस 10 जमुना विहार, विपरीत नार्थ सिटी एक्सटेंशन पीलीभीत रोड़, बरेली 243001..विपक्षी चूंकि उपरोक्त सर्वेश कुमार परिवादी ने आपके विरुद्ध उपभोक्ता परिवाद प्रस्तुत किया है जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा रहा है का उत्तर स्वयं अथवा अपने पैरोकार के माध्यम से दिनांक 28.07.2025 को समय 11 बजे पेश करें अन्यथा परिवाद की कार्यवाही आपके विरुद्ध एकपक्षीय रुप से चलाई जायेगी। आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर सहित नोटिस जारी किया गया। **आशुलिपिक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, शाहजहांपुर।**

सी.आर.-673/**D-CN**

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना
NER-LJN-2025-113-116

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक इंजीनियरिंग पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई–निविदा संख्या:** NER-LJN-2025-113, **कार्य का नाम:** 1. सहायक मंडल इंजीनियर मैलानी के अनुभाग के दुधवा–मैलानी मीटर गेज सेक्शन के बीच डीप स्कीनिंग, बैलास्ट कुशन बढ़ाने एवं अन्य विविध कार्यों के साथ ट्रैक नवीनीकरण का कार्य। सेक्शन (किमी० 221.4 किमी० 237.0)= 15.60 किमी०, (किमी० 237.0– किमी0 240.5. किमी० 249.0– किमी० 250.0 – किमी० 260.0– किमी० 262.4) = 07 किमी०) (कुल = 22.6 किमी०)। 2. सहायक मंडल इंजीनियर/मैलानी के अनुभाग के दुधवा–मैलानी मीटर गेज यार्डो में PSC स्लीपर के साथ TTR का कार्य निम्नानुसार है– (I) सीसेइं/पीवे/तिकुनिया सेक्शन में 1:12 के 17 सेट एवं 1:8.5 के 7 सेट, कुल 24 सेट। (ii) सीसेइं/पीवे/मैलानी सेक्शन में 1:12 के 10 सेट एवं 1:8.5 के 4 सेट, कुल 14 सेट। **अनुमानित लागत (रू) :** 72561457.82, **अग्रिम धन (रू) :** 512800.00, **समापन अवधि :** 09 माह, **ई–निविदा संख्या:** NER-LJN-2025-114, **कार्य का नाम:** 1. सहायक मंडल इंजीनियर/बहराइच के अनुभाग के नानपारा–निशानगाढ़ा मीटर गेज सेक्शन के बीच डीप स्क्रीनिंग बैलास्ट कुशन बढ़ाने एवं अन्य विविध कार्यों के साथ ट्रैक नवीनीकरण का कार्य। सेक्शन (किमी० 95.0–किमी० 101.10, किमी0 101.70 किमी0 103 10 & किमी० 103.3 किमी0 118.5) = 22.70 किमी० & (किमी० 119.1— किमी0 133.3, किमी० 142.00 किमी0 144.90)= 17 किमी०) (कुल = 39.70 किमी०)। 2. सहायक मंडल इंजीनियर/बहराइच के अनुभाग के नानपारा–निशानगाढ़ा मीटर गेज यार्डो में PSC स्लीपर के साथ TTR का कार्य निम्नानुसार है– (1) सीसेइं/पीवे नानपारा सेक्शन में 1:12 के 10 सेट कुल= 10 सेट। **अनुमानित लागत (रू) :** 112441578.76, **अग्रिम धन (रू) :** 712200.00, **समापन अवधि :** 09 माह, **ई–निविदा संख्या:** NER-LJN-2025-115, **कार्य का नाम:** सी०टी०आर०एम०जी० – 15.60 किमी एवं टी०टी०आर० कार्य के संबंध में नानपारा–मैलानी खंड के मैलानी दुधवा स्टेशनों के मध्य मशीन द्वारा कुचली गई मिट्टी जो की RDSO IRS-GE-1 (June-2016) के मानक अनुसार हो उसके निर्माण आपूर्ति एवं स्टैकिंग का कार्य, **अनुमानित लागत (रू):** 29932415.93, **अग्रिम धन (रू) :** 299700.00, **समापन अवधि :** 06 माह, **ई–निविदा संख्या:** NER-LJN-2025-116, **कार्य का नाम:** सी०टी०आर० एम०जी० 15.60 किमी एवं टी०टी०आर० कार्य के संबंध में नानपारा मैलानी खंड के नानपारा –निशानगाढा स्टेशनों के मध्य मशीन द्वारा कुचली गई मिट्टी जो की RDSO IRS-GE-1(June-2016) के मानक अनुसार हो उसके निर्माण, आपूर्ति एवं स्टैकिंग का कार्य। **अनुमानित लागत (रू):** 57350341.45, **अग्रिम धन (रू) :** 436800.00, **समापन अवधि :** 06 माह, 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-113-116 के लिये ई–निविदा दिनांक 29/07/2025 का 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर –रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, काई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/(इन्जी0)
मुजाधि/डबलू–143 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है हमारे पांच भाइयों के बीच वहमी बंटवारा वर्ष 2009 में हो गया था, मेरा अब किसी से कोई सरोकार नहीं है। मो. जमील आदि पुत्रगण स्व. ईदुल कमर 152/ए मखनिया मोहाल, कैण्ट सदर लखनऊ।

सी.आर.-670/**L-28**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RINA DEVI था जो अब बदलकर REENA DEVI हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। REENA DEVI W/O - Suresh Kumar 69 A Sohabatiyabagh , Prayagraj UP.

सी.आर.-672/**D-27**

## एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल में केक काटकर मनाया गया डॉक्टर्स डे



**चुनार (मिर्जापुर)।** अंतरास्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल चुनार मिर्जापुर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों जनरल मेडिसिन डॉ. अंकुश प्रकाश, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह, शल्य तंत्र विशेषज्ञ डॉ. निलेश दुबे, कायचिकित्सा विभाग से डॉ. गौरी चौहान तथा डॉ. आकांक्षा कपूर सहित आयुर्वेद, फर्मेसी, पैरामेडिकल और नर्सिंग विभाग के सदस्यों ने केक काटकर इस दिन को मनाया एवं चिकित्सकों के अमूल्य योगदान को नमन किया। इस अवसर पर निरूशुल्क बोन मिनरल डेन्सिटी (बीएमडी) शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें वृद्धावस्था में हड्डियों की मजबूती, फ्रैक्चर से बचाव, वर्टिब्रल कद में कमी, कूबड़ (कायफोसिस) जैसी समस्याओं से सुरक्षा हेतु नागरिकों की जांच की गई। 50 नागरिकों संग हॉस्पिटल स्टाफएवं छात्र-छात्राओ ने निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया। एपेक्स के ट्रस्टी डॉ . एस. के. सिंह ने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## बिजली के सार्ट सर्किट से कच्चे मकान में लगी आग, सामान जलकर राख



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में एक व्यक्ति के कच्चे मकान में सोमवार रात बिजली के सार्ट सर्किट से आग लग गई।मकान में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। हलिया के हथेड़ा गांव में सोमवार देर रात कमलेश के कच्चे मकान में बिजली के सार्ट सर्किट से आग लग गई। परिजन मकान के अंदर थे आग की लपटे देखकर बाहर निकाल कर हल्ला गुल्ला किया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाल्टी टुल्लू के सहारे आग को बुझाया तब तक कच्चा मकान आधा जल चुका था। मकान मे रखा गृहस्थी का सामान चावल, गेहूं, आटा, दाल, बिस्तर, चारपाई आदि जलकर राख हो गया। प्रधान प्रतिनिधि काशी मिश्रा ने बताया कि लगभग एक लाख की क्षति हुई है इसकी जानकारी राजस्व लेखपाल को दिया गया है।

**कार्यालय उप परियोजना प्रबन्धक**
**उ0 प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड**
**सेतु निर्माण इकाई-बाराबंकी**

पत्रांक :– 562/ई–निविदा/ककरा मझौवाघाट/गाइडबन्ध/बी०सी०यू०–बाराबंकी/2025–26 दिनांक :–30.06.2025

**निविदा सूचना (ई–टेण्डरिंग)**

इकाई के अन्तर्गत निर्माणाधीन सेतु पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर आमन्त्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नवत है –

| क्रमांक | कार्यस्थल का नाम | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 01 | Construction of Guide Bund Work At Rapti River Bridge Ekauna Kakra Majhauwa Ghat in Distt. Shrawasti | Guide Bund Works |

उक्त निविदाएं दिनांक 01.07.2025 को सायं 6.00 बजे से वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं। **उप परियोजना प्रबन्धक**

**उत्तर रेलवे**
खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.07.2025 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 07902025 दिनांक 30.06.2025 | | |
| निविदा संख्या | 11-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | सीनियर डीईएन–II/लखनऊ के अधीन एडीईएन/रायबरेली अनुभाग में स्थित स्टाफ क्वार्टरों, सेवा भवनों, लेवल क्रॉसिंग सड़कों, जलापूर्ति प्रतिष्ठानों एवं पुलों की विविध मरम्मत कार्य हेतु। | | |
| अनुमानित लागत | Rs.4,49,96,601.59 | धरोहर राशि | Rs. 3,75,000.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 8 माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 08.07.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.07.2025 को बजे 15:00 | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1975/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग-7 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक महोदय, स्थान मोहम्मदी, जिला खीरी**
**महेन्द्र सिंह**
**बनाम**
**आजाद**

अरविन्द पुत्र डल्ला निवासी निवासी ग्राम बिचपरी पर0 व तह0 मोहम्मदी जिला खीरी

चूंकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 07 दिवस 25 को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट न्यायिक मोहम्मदी खीरी**

सी.आर.-671/**D-CN**

अदालती सूचना ता. पेशी 28.07.2025 जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शाहजहांपुर उपभोक्ता परिवाद पत्र संख्या-378/2024 अशोक कुमार बनाम आई.सी.एल बनाम आई.सी.एल म्युचुअल बेनीफिट कारपोरेशन लि. रजि. आफिस 10 जमुना विहार, विपरीत नार्थ सिटी एक्सटेंशन पीलीभीत रोड़, बरेली 243001..विपक्षी चूंकि उपरोक्त अशोक कुमार परिवादी ने आपके विरुद्ध उपभोक्ता परिवाद प्रस्तुत किया है जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा रहा है का उत्तर स्वयं अथवा अपने पैरोकार के माध्यम से दिनांक 28.07.2025 को समय 11 बजे पेश करें अन्यथा परिवाद की कार्यवाही आपके विरुद्ध एकपक्षीय रुप से चलाई जायेगी। आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर सहित नोटिस जारी किया गया। **आशुलिपिक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, शाहजहांपुर।**

सी.आर.-673/**D-CN**

अदालती सूचना ता. पेशी 28.07.2025 जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शाहजहांपुर उपभोक्ता परिवाद पत्र संख्या-379/2024 अन्वी वर्मा बनाम आई.सी.एल बनाम आई.सी.एल म्युचुअल बेनीफिट कारपोरेशन लि. रजि. आफिस 10 जमुना विहार, विपरीत नार्थ सिटी एक्सटेंशन पीलीभीत रोड़, बरेली 243001..विपक्षी चूंकि उपरोक्त अन्वी वर्मा परिवादी ने आपके विरुद्ध उपभोक्ता परिवाद प्रस्तुत किया है जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा रहा है का उत्तर स्वयं अथवा अपने पैरोकार के माध्यम से दिनांक 28.07.2025 को समय 11 बजे पेश करें अन्यथा परिवाद की कार्यवाही आपके विरुद्ध एकपक्षीय रुप से चलाई जायेगी। आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर सहित नोटिस जारी किया गया। **आशुलिपिक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, शाहजहांपुर।**

सी.आर.-673/**D-CN**

**सूचना**

मैं नं -14845014 K, रैंक- HAV/SHT, Name-PARASHARAM BEDAKA Unit- 504 ASC BN, निवासी- H.No.205, Shivaji Gali, Vill.- Basavan Kudachi, Teh/Dist- Belgaum, state-Kranataka, pin- 591124 मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता जी का नाम Devappa दर्ज हो गया है और जन्म तिथि 01/07/1959 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे पिता जी का सही नाम Devappa Bedaka है और सही जन्म तिथि 01/03/1958 है। अतः मेरे पिता जी का सही नाम Devappa Bedaka और जन्मतिथि 01/03/1958 दर्ज किया जाना न्याय हित में अत्यंत आवश्यक है।

सी.आर.-672/**D**

अदालती सूचना ता. पेशी 31.07.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप) न्यायालय सिविल जज जू.डि. कोर्ट संख्या 18 शाहजहांपुर इजरा वाद संख्या 02 वर्ष 2024 (मूलवाद संख्या 81 वर्ष 2021) रजनीश बनाम श्यामपाल बनाम श्यामपाल पुत्र बहादुरलाल नि.मो. महमंद हद्दफ तह. सदर जिला शाहजहांपुर...मदयून डिग्री/विपक्षी चूंकि उपरिनिमांकित रजनीश डिग्रीदार ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि शेष धनराशि प्राप्त कर बैनामा कराया जाए। अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफहेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई.के माह 07 के 31 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2025 के माह 07 के 01 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 18 शाहजहांपुर।**

सी.आर.-673/**D-CN**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बुधवार, 2 जुलाई, 2025

विदेश मंत्री जयशंकर का पाक पर जोरदार हमला

# पहलगाम हमला आर्थिक युद्ध का कृत्य था

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला आर्थिक युद्ध का नया कृत्य था जिसका मकसद कश्मीर में पर्यटन खत्म करना था। उन्होंने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि परमाणु 'ब्लैकमेल'

**कहा अब हम परमाणु 'ब्लैकमेल' के आगे नहीं झुकेंगे**

की पाकिस्तान की नीति भारत को पड़ोसी देश से उत्पन्न आतंकवाद का जवाब देने से नहीं रोक पाएगी। जयशंकर ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान से प्रेरित कई आतंकवादी हमले हुए हैं और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में यही भावना है कि अब बहुत हो गया। समाचार पत्रिका 'न्यूजवीक' के सीईओ देव प्रगाद के साथ मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थित प्रकाशन के मुख्यालय में आयोजित एक बातचीत के दौरान आई उन्होंने यह टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमला 'एक आर्थिक युद्ध का कृत्य था। इसका उद्देश्य कश्मीर में पर्यटन को तबाह करना था, जो वहां की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। इसका उद्देश्य धार्मिक हिंसा को भड़काना भी था क्योंकि लोगों को मारने से पहले उनसे उनके धर्म के बारे में पूछा गया था।' उन्होंने कहा,



'इसलिए हमने तय किया कि हम आतंकवादियों को दंडित किए बिना नहीं छोड़ सकते। वे सीमा के उस तरफ हैं और इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती, मुझे लगता है कि इस तरह के विचार को चुनौती देने की आवश्यकता है और हमने यही किया।' जयशंकर अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत के खिलाफ हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के आतंकवादी गुप्त रूप से काम नहीं करते हैं और इन आतंकी संगठनों के 'पाकिस्तान के घनी आबादी वाले शहरों में कॉरपोरेट मुख्यालय सरीखे ठिकाने' हैं। उन्होंने कहा, 'हर कोई जानता है कि संगठन 'ए' और संगठन 'बी' का मुख्यालय क्या है और ये वे इमारतें, मुख्यालय हैं जिन्हें भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में नष्ट कर दिया।' 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाने के लिए शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य पहलगाम हमले का बदला लेना था। उन्होंने कहा, ''हम बहुत स्पष्ट हैं कि आतंकवादियों को कोई छूट नहीं दी जाएगी। हम अब उन पर परोक्ष रूप से नहीं बल्कि सीधा सीधा हमला करेंगे और उस सरकार को नहीं बख्शेंगे जो उनका समर्थन, वित्तपोषण और कई तरीकों से उन्हें बढ़ावा देती है।

## 'मस्क अपनी दुकान बंद कर दक्षिण अफ्रीका लौट जाएं'



**वॉशिंगटन।** ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ एलन मस्क लगातार मुखर हैं और बिल का विरोध कर रहे हैं। अब लग रहा है कि ट्रंप के सब्र का भी बांध टूट

**ट्रंप ने दी टेस्ला की सब्सिडी रोकने की धमकी**

गया है और अब उन्होंने भी मस्क को धमकी दे डाली है। ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को दी जाने वाली सब्सिडी बंद करने की धमकी दी है और कहा है कि मस्क अपनी दुकान बंद करें और दक्षिण अफ्रीका वापस लौट जाएं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि एलन मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से पहले ही पता था कि मैं ईवी जनादेश के खिलाफ हूं। ये बकवास है और मैंने हमेशा अपने अभियान में इसका जिक्र किया। इलेक्ट्रिक कारें ठीक हैं, लेकिन हर किसी पर उन्हें थोपा नहीं जा सकता। एलन मस्क को इतिहास में किसी भी व्यक्ति से ज्यादा सब्सिडी मिल सकती है और सब्सिडी के बिना एलन मस्क को शायद अपनी दुकान बंद करके दक्षिण अफ्रीका वापस लौटना होगा। कोई और रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट या इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन नहीं होगा और हमारे देश का बहुत सारा पैसा बचेगा। सरकारी दक्षता विभाग को इस बारे में गहराई से विचार करना चाहिए। बहुत सारा पैसा बचाया जाना चाहिए। ट्रंप का यह पोस्ट ऐसे समय आया है, जब एलन मस्क ने भी सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना की और साथ ही धमकी दी कि जो भी संसद सदस्य बिग ब्यूटीफुल बिल का समर्थन करेंगे उन्हें अगले साल होने वाले प्राइमरी चुनाव में हार का सामना करना पड़ सकता है।

## रूस का यूक्रेन के पूरे लुहांस्क क्षेत्र पर कब्जा

**मॉस्को/कीव।** यूक्रेन के कब्जे वाले लुगांस्क क्षेत्र में रूस की ओर से नियुक्त एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मॉस्को की सेनाओं ने

**2022 से इलाके को अवैध रूप से हड़प रखा था**

पूरे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। यह उन चार इलाकों में से एक है, जिसे रूस ने सितंबर 2022 में यूक्रेन से अवैध रूप से हड़प लिया था। हालांकि, अब तक इन इलाकों में से एक पर भी रूस का पूरा नियंत्रण नहीं था। अगर मामले की पुष्टि होती है तो लुहांस्क तीन साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध के बाद रूस की ओर से पूरी तरह से कब्जाया गया पहला यूक्रेनी क्षेत्र बन जाएगा। यह खबर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति बहाली की कोशिशों के लिए झटका है। इसके अलावा इससे इस संघर्ष के और तेज होने की आशंका बढ़ गई है। पुतिन ने युद्ध विराम की संभावनाओं को सिरे से नकार दिया है। वे अपनी शर्तों से समझौता करने को तैयार नहीं हैं। इन शर्तों में अवैध रूप से कब्जा किए गए चार क्षेत्रों पर मॉस्को का नियंत्रण भी शामिल है। हालांकि, कब्जे वाले क्षेत्र के लिए मॉस्को की ओर से नियुक्त नेता लियोनिद पासेचनिक के दावे पर कीव की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। रूस के सरकारी टीवी चैनल वन पर पासेचनिक ने कहा कि उन्हें दो दिन पहले ही एक रिपोर्ट मिली थी, जिसमें कहा गया था कि 100 प्रतिशत क्षेत्र अब रूसी सेना के नियंत्रण में है।

## ब्रिटेन में 156 साल बाद होगी रॉयल ट्रेन की विदाई

**लंदन।** ब्रिटेन की सबसे शाही रेलगाड़ी का संचालन जल्द बंद हो जाएगा। बकिंघम पैलेस ने कहा कि 156 साल बाद रॉयल ट्रेन आखिरी बार स्टेशन से रवाना होगी। शाही

**परिचालन लागत बढ़ने से बंद होगी शाही रेलगाड़ी**

फंड के लेकर वार्षिक ब्रीफिंग के दौरान बकिंघम पैलेस ने कहा कि राजा चार्ल्स तृतीय का मानना है कि रेलगाड़ी को बंद करने का समय आ गया है। यह ट्रेन महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही है। इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है और इसे आधुनिक ट्रेन सिस्टम जैसा बनाने के लिए कई बदलाव करने होंगे। राजा के वित्तीय मामलों के प्रभारी जेम्स चाल्मर्स ने कहा कि



आगे बढ़ते हुए हमें अतीत से बंधे नहीं रहना चाहिए। जिस तरह शाही परिवार के काम के कई हिस्सों को आधुनिक बनाया गया है और आज की दुनिया को दिखाने के लिए तैयार किया गया है। उसी तरह सबसे भावुक विदाई देने का समय भी आ गया है, क्योंकि हम अपने धन के आवंटन में अनुशासित और दूरदर्शी होने का प्रयास करते हैं। रॉयल ट्रेन नौ रेलकारों का समूह है। इसे वाणिज्यिक इंजनों से जोड़ा जा सकता है। हालांकि ट्रेन का रखरखाव अनुबंध 2027 में समाप्त होगा, लेकिन यह उससे पहले ही सेवा से हटा दी जाएगी। इससे 1869 से चली आ रही एक परंपरा समाप्त हो जाएगी।

## महाराष्ट्र विधानसभा से नाना पटोले एक दिन के लिए निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले को मंगलवार को राज्य विधानसभा से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि वह तीखी नोकझोंक के दौरान स्पीकर के पोडियम पर चढ़ गए थे। यह घटना प्रश्नकाल के तुरंत बाद हुई, जब पटोले ने किसानों के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए भाजपा विधायक बबनराव लोनिकर और कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नाना पटोले ने इसके बाद कहा कि हम उन सभी लोगों से लड़ेंगे जो किसानों के खिलाफ हैं।

## एक नज़र

### फोन कॉल लीक के बाद थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा निलंबित

**बैंकॉक।** कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ फोन कॉल का ऑडियो लीक होने के बाद थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा को निलंबित कर दिया गया। सांविधानिक न्यायालय ने पीएम पर नैतिकता के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। न्यायाधीशों ने पीएम को जांच चलने तक निलंबित करने के पक्ष में 7 से 2 मतों से मतदान किया। उधर, संकट में फंसी गठबंधन सरकार को लेकर थाईलैंड के राजा ने मंगलवार को सरकार में नए कैबिनेट सदस्यों की नियुक्तियों को मंजूरी दी। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा की कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ हुई बातचीत का ऑडियो लीक हो गया था। इसके बाद थाईलैंड में हंगामा हो गया और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू हो गए। वहीं ऑडियो लीक के बाद थाईलैंड में अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या सांविधानिक न्यायालय प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा पर लीक हुए कॉल के मामले में नैतिकता के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार करेगा?

### कजाखस्तान में चेहरा ढकने पर रोक

**अस्ताना।** मुस्लिम बहुल देश कजाखस्तान में चेहरा ढकने पर रोक लगा दी गई है। पीएम कासिम जोमार्ट तोकायेव ने उस कानून पर मुहर लगा दी है, जिसके तहत कजाखस्तान में कोई भी अपना चेहरा नहीं ढक सकेगा। यह खबर इसलिए अहम है क्योंकि इस्लामिक देशों में हिजाब का प्रचलन रहा है। ऐसे में कजाखस्तान सरकार का यह फैसला दिलचस्प है और दुनिया भर में इसकी चर्चा हो रही है। इस फैसले को लेकर कजाखस्तान सरकार की दलील है कि चेहरा ढकने पर फेशियल रिकॉग्निशन की तकनीक काम नहीं करती है, जो कई जगहों पर जरूरी है। ऐसे में किसी बीमारी की स्थिति, मौसम खराब होने या फिर खेल-कूद आदि के अलावा चेहरा ढकने की परमिशन नहीं होगी। कभी सोवियत संघ का हिस्सा रहे कजाखस्तान में लंबे समय से मांग होती रही है कि हमें अपनी संस्कृति का पालन करना चाहिए। भले ही कजाखस्तान की आबादी में मुस्लिमों की सबसे अधिक संख्या है, लेकिन देश की संस्कृति पर आज भी सोवियत मूल्यों का प्रभाव है।

### मेक्सिको : दो गुटों के बीच हिंसा में 20 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** पश्चिमी मेक्सिको के सिनालोआ राज्य की राजधानी कुलियाकन में सोमवार को एक पुल से चार लोगों के सिर कटे हुए शव लटके मिले। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना हाल की कार्टेल हिंसा की एक कड़ी है, जिसमें एक ही दिन में लगभग 20 लोगों की हत्या कर दी गई। यह हिंसा सिनालोआ कार्टेल के दो गुटों- लॉस चैपिटोस और ला मायिजा के बीच इलाके पर कब्जे को लेकर चल रहे संघर्ष का नतीजा है।

## जल जोखिम से ग्रस्त हैं यूनेस्को की 40 प्रतिशत साइटें

**नई दिल्ली।** एक नए विश्लेषण से पता चलता है कि भारत सहित सभी गैर-समुद्री यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में से 73 प्रतिशत कम से कम गंभीर जल

**ताजमहल का नाम भी शामिल**

जोखिम (जल तनाव, सूखा, नदी या तटीय बाढ़) से ग्रस्त हैं, जिनमें से 21 प्रतिशत को एक वर्ष बहुत अधिक पानी होने और दूसरे वर्ष बहुत कम पानी होने की दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विश्व संसाधन संस्थान के एक्वाडक्ट डेटा (जो एक जल जोखिम एटलस भी है) पर आधारित विश्लेषण में कहा गया है कि भारत में गंभीर जोखिम वाले स्थलों में ताजमहल, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिमी घाट, महाबलीपुरम में स्मारक समूह और महान जीवित चोल मंदिर शामिल हैं। यूनेस्को की लगभग 40 प्रतिशत साइटें जल तनाव और सूखे से संबंधित समस्याओं का सामना कर रही हैं, और 33 प्रतिशत और 4 प्रतिशत नदी बाढ़ और तटीय बाढ़ के जोखिम का सामना कर रही हैं। पानी पृथ्वी के कुछ सबसे प्रिय स्थानों को प्रभावित कर रहा है।



उदाहरण के लिए, ताजमहल को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है जो प्रदूषण को बढ़ा रहा है और भूजल को कम कर रहा है, जो दोनों मकबरे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। 2022 में एक भीषण बाढ़ ने येलोस्टोन नेशनल पार्क को बंद कर दिया और फिर से खोलने के लिए बुनियादी ढांचे की मरम्मत में 20 मिलियन से अधिक खर्च हुए। पानी के मुद्दे - चाहे वह सूखा हो, कमी हो, प्रदूषण हो या बाढ़ हो- 1,200 से अधिक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में से कई के लिए खतरा बन गए हैं। अनुमान है कि उच्च से अत्यंत उच्च स्तर के जल-तनाव से प्रभावित विश्व धरोहर स्थलों का वैश्विक हिस्सा 2050 तक 40 प्रतिशत से बढ़कर 44 प्रतिशत हो जाएगा। मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका, दक्षिण एशिया के कुछ हिस्सों और उत्तरी चीन जैसे क्षेत्रों में इसका प्रभाव कहीं अधिक गंभीर होगा, जहां व्यापक नदी विनियमन, बांध निर्माण और नदी के ऊपरी भाग से पानी की निकासी के कारण मौजूदा जल-तनाव और भी अधिक बढ़ गया है।

## मोदी-ट्रंप की दोस्ती अटूट : व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के काफी लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापार समझौते को लेकर खबर सामने आ रही है। व्हाइट हाउस ने बयान देकर संकेत दिए हैं कि जल्द ही इस समझौते पर कोई बड़ा ऐलान किया जा सकता है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता केरोलीन लैविट ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और व्यापारिक टीम भारत के साथ होने वाली डील को अंतिम रूप देने के लिए काफी सक्रिय रूप से लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच गहरा तालमेल है, जो इस समझौते को और मजबूत बनाएगा। इस डील का लक्ष्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। केरोलीन लैविट ने एक प्रेस वार्ता में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में भारत के साथ एक बड़े व्यापार समझौते की बात कही थी, और यह पूरी तरह सच है। मैंने हमारे वाणिज्य सचिव के साथ इस पर चर्चा की, जो राष्ट्रपति के साथ मिलकर इस डील को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जल्द ही ट्रंप और उनकी व्यापारिक टीम इस समझौते पर नई जानकारी साझा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी है, और मोदी-ट्रंप की दोस्ती इस समझौते को और प्रभावी बनाएगी।

## गाजा में 74 की मौत, खाना मांग रहे लोगों पर भी बरसाईं गोलियां



**गाजा सिटी।** एक ओर अमेरिका गाजा में युद्धविराम पर बात करने जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इजरायली सेना वहां अपने हमले जारी रखे हुए है। सोमवार को आईडीएफ के ताजा हमलों में गाजा में 74 लोग मारे गए। गाजा में अधिकारियों ने बताया कि इजरायली सुरक्षा बलों ने सोमवार को गाजा में बड़े पैमाने पर जहां हवाई हमले किए वहीं, खाना पाने की कोशिश कर रहे लोगों पर गोलियां भी बरसाईं। आईडीएफ ने हवाई हमलों में समुद्र तट पर स्थित एक कैफे को निशाना बनाया। जहां 30 लोग मारे गए। आईडीएफ ने गाजा सिटी के अल-बका कैफे पर तब हमला किया जब महिलाओं और बच्चों की भीड़ थी। बिना किसी चेतावनी के आईडीएफ के एक युद्धक विमान ने अचानक हमला कर दिया। हमले के दौरान ऐसा लगा जैसे कि वहां भूकंप आ गया हो। उत्तरी गाजा में हमले में कम से कम 30 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

## अमेरिका पर अब ईरानी साइबर हमलों का खतरा

**वाशिंगटन।** भले ही ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम हो गया हो, लेकिन अमेरिका पर अभी भी ईरानी साइबर हमलों का खतरा मंडरा रहा है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) और संघीय साइबर सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को ईरान का

**अधिकारियों ने हैकिंग समूहों से सतर्क रहने की दी चेतावनी**

समर्थन करने वाले हैकिंग समूहों से सतर्क रहने की चेतावनी दी है। एक सार्वजनिक बुलेटिन में, अधिकारियों ने चेतावनी दी कि ईरान से संबद्ध और उसका समर्थन करने वाले हैकिंग समूह अभी भी अमेरिका पर साइबर हमला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हैकिंग समूह अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे जैसे- बिजली, परिवहन और व्यापारिक केंद्रों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। एजेंसियों ने यह भी कहा कि रक्षा से जुड़ी कंपनियां और इजरायल से जुड़ी अन्य अमेरिकी कंपनियां भी



हैकरों के निशाने पर हो सकती हैं। एजेंसियों ने चेतावनी दी, भले ही युद्धविराम घोषित हो चुका है और शांति की बातचीत चल रही है, लेकिन ईरान से जुड़े हैकर अब भी इंटरनेट के जरिये नुकसान पहुंचा सकते हैं। ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम के बाद भी साइबर खतरों की यह चेतावनी इसलिए भी अहम है, क्योंकि इंटरनेट पर होने वाले साइबर हमले अक्सर छिपे होते हैं और इन्हें रोकना मुश्किल होता है। कई बार ये हैकर किसी सरकार के लिए काम करते हैं, और वे पारंपरिक सैन्य कार्रवाई के विकल्प के रूप में जवाबी कार्रवाई करना चाह सकते हैं। हालांकि, कभी-कभी हैकिंग समूह अपने मन से भी साइबर हमला कर सकते हैं। बुलेटिन में सलाह दी गई है कि कंपनियां और लोग अपने सिस्टम को सुरक्षित रखने के लिए नियमित तौर पर सॉफ्टवेयर अपडेट करें और मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें। ईरान का समर्थन करने वाले हैकरों ने पहले भी अमेरिका की बैंकों, रक्षा कंपनियों और ऊर्जा कंपनियों पर हमले किए हैं, खासकर तब जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। हालांकि, अभी तक हैकरों ने कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। हालांकि, चीन या रूस जितनी तकनीकी क्षमताएं ईरान के पास नहीं हैं, फिर भी वह अपने सीमित साधनों से जानकारी चुराने, राजनीतिक फायदा उठाने या दुश्मनों को डराने की कोशिश करता रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ये हैकर ईरान की सेना और खुफिया एजेंसियों के लिए काम करते हैं। लेकिन कुछ हैकर ऐसे भी हैं जो स्वतंत्र रूप से हमला करते हैं।




## अपनाया अल्लू अर्जुन से प्रेरित मां काली का अवतार



पॉपुलर फिक्शन ड्रामा जमाई नं. 1 में आने वाला है एक ऐसा मोड़, जो ना सिर्फ जज़्बातों की गहराई में ले जाएगा, बल्कि देखने में भी जबर्दस्त होगा। नील (अभिषेक मलिक) का किरदार पहली बार एक ऐसे अवतार में दिखेगा, जिसे हिंदी टेलीविज़न ने पहले कभी नहीं देखा। इसमें वे 'काली मां' का दिव्य और शक्तिशाली रूप अपनाएंगे, जो सीधे तौर पर 'पुष्पा 2' में अल्लू अर्जुन के इंटेंस लुक से प्रेरित है। जैसे-जैसे कहानी में रिद्धि (सिमरन कौर) के किडनैप होने और नील की उसे बचाने की कोशिशें गहराती हैं, दर्शकों के लिए एक हाई-वोल्टेज विज़ुअल ट्रीट तय है। अभिषेक का यह जबर्दस्त ट्रांसफॉर्मेशन आसान नहीं था। हर दिन इस लुक को पाने में करीब दो घंटे लगते थे - फुल बॉडी पेंट, ड्रामैटिक आई मेकअप, मंदिरों की भारी ज्वेलरी, और पारंपरिक साड़ी के साथ यह लुक तैयार होता था। लेकिन जो चीज़ इसे और भी खास बनाती है, वो ये है कि अभिषेक ने इस भारी पोशाक में एक पावरफुल एक्शन सीक्वेंस भी शूट किया, जिसमें श्रद्धा, शक्ति और थ्रिल का ऐसा मेल है, जो हिंदी टीवी पर पहली बार देखने को मिलेगा। अभिषेक मलिक ने कहा, ''जब मुझे पहली बार ये ट्रैक सुनाया गया कि मैं 'काली मां' का रूप निभाने वाला हूं, तो सच में मेरे रोंगटे खड़े हो गए। ये लुक बिलकुल अल्लू अर्जुन के 'पुष्पा 2' वाले अवतार की तरह है - फियरलेस, इंटेंस और पावर से भरा हुआ। इसके लिए मेरा लुक टेस्ट हुआ और सबका रिएक्शन शानदार था। मुझे तो हमारे प्रोड्यूसर का कॉल भी आया। उन्होंने कहा, 'ये लुक तो जैसे तुम्हारे लिए ही बना है।' ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। इसमें एक हाई-ऑक्टेन फाइट सीन भी है जो बिल्कुल फिल्मी अंदाज़ में शूट हुआ है।

## प्लास्टिक को 'ना' और सस्टेनेबिलिटी को 'हां'

तीन जुलाई को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे सिर्फ एक जागरूकता दिवस नहीं है; ये दिन हमें याद दिलाता है कि हमें सोच-समझकर जिंदगी के तौर तरीके अपनाने चाहिए, अपनी सहूलियतों पर सवाल उठाने चाहिए, और ऐसे विकल्प चुनने चाहिए जो हमारी धरती की रक्षा करें। इस मौके पर, ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपनी निजी ज़िंदगी में अपनाई जा रहीं उन छोटी-छोटी आदतों के बारे में बतया। 'वसुधा' में चंद्रिका की भूमिका निभा रहीं नौशीन अली सरदार कहती हैं, ''प्लास्टिक बैग वर्तमान में एक बड़ी पर्यावरणीय समस्या बन गए हैं। ऐसे में बैकपैक साथ लाना एकदम स्वाभाविक लगता है।'' 'सरू' में अनिका के रोल में नजर आ रहीं अनुष्का मर्चंडे कहती हैं, '' मैं अब भी दो कपड़े के थैले फोल्ड करके अपने बैकपैक में रखती हूं। यह सिर्फ प्लास्टिक कम करने की बात नहीं है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण पर सोचना होगा।'' 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का रोल निभा रहीं आयुषी खुराना कहती हैं, '' मैंने अपनी कार और हैंडबैग में री-यूज़ेबल फोल्डेबल कपड़े के थैले रखना शुरू किया हुआ है। इस इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे पर मैं सभी से कहती हूं - पहला कदम उठाइए। धरती को हमारी ज़रूरत है, और इसकी शुरुआत हमारे घरों, हमारी गाड़ियों और हमारे रोज़ के चुनावों से होती है।'' 'जमाई नं. 1' में नील के रोल में नजर आ रहे अभिषेक मलिक कहते हैं, ''इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे हमें यह याद दिलाता है कि बदलाव हमेशा बड़ा या दिखावे वाला नहीं होना चाहिए - यह उतना आसान हो सकता है जितना एक प्लास्टिक बैग को मना करना। मैं अपनी कार और जिम बैग में एक री-यूज़ेबल कपड़े का बैग फोल्ड करके रखता हूं।'' 'कुमकुम भाग्य' में शिवांश की भूमिका निभा रहे नमिक पॉल कहते हैं, ''प्लास्टिक प्रदूषण हमारे समय की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है - यह हमारे समुद्रों को जाम कर रहा है, वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रहा है और इकोसिस्टम को ऐसे तरीकों से प्रभावित कर रहा है जिन्हें हम अब जाकर समझ रहे हैं।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में कालीकांत ठाकुर की भूमिका निभा रहे आर्य बब्बर कहते हैं, ''इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे सिर्फ एक जागरूकता दिवस नहीं है। यह एक चेकपॉइंट है। आज, चलिए हम सब यह संकल्प लें कि जो हमें मिला है उसकी हिफाज़त करें। सिर्फ हमारे लिए नहीं, बल्कि आने वाली हर पीढ़ी के लिए।''



बाजार दर्पण

